सुप्रभात
रांची, मंगलवार
23.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 307



12 फिल्म 'विजय 69' की शूटिंग के दौरान घायल हुए अनुपम खेर

## न्यूज डायरी

### आज निकलेगा मैट्रिक इंटर साइंस का रिजल्ट

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) मंगलवार को मैट्रिक और इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा का परिणाम जारी करेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार और जैक के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो रिजल्ट जारी करेंगे। मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 14 मार्च से शुरू हुई थी और पांच अप्रैल तक चली थी।

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, कई घर फूंके

**इंफाल।** मणिपुर में मैतेई समुदाय और नगा-कुकी समुदाय के बीच फिर से विवाद बढ़ गया है। भीड़ ने कुछ घरों को जला दिया। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कर्फ्यू के समय में भी जिला प्रशासन ने बदलाव किया है।

### 12 जुलाई को लोकपाल मामले में अंतिम सुनवाई

**रांची।** झामुमो सुप्रीमो व पूर्व सीएम शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले में अंतिम सुनवाई के लिए 12 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है।

### राज्यपाल से ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रतिनिधि मिले

**रांची।** ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन के नेतृत्व में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने संस्था की गतिविधियों तथा सेवाओं से राज्यपाल को अवगत कराया।

### बच्चों समेत महिला कुएं में कूदी, तीन की मौत

**अजमेर।** नसीराबाद के लोहरवाड़ा में मां अपने बेटे और बेटी के साथ कुएं में कूद गयी। गांव वालों ने उन्हें बाहर निकाला। तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। सदर थाना पुलिस ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में शिकायत दर्ज की है।

### सरायकेला : हाइवा-ट्रक की टक्कर में दो की मौत

**सरायकेला।** सोमवार अहले सुबह कांड्रा थाना क्षेत्र के सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। तेज गति से आ रहे ट्रक और हाइवा के बीच सीधी टक्कर में हाइवा चालक ईचागढ़ के काठगोड़ा का रामदास कर्मकार (40) और ट्रक चालक नीमडीह के रघुनाथपुर का विजय महतो (38) की मौत हो गयी है।

### पलामू सिविल सर्जन की इकलौती पुत्री का निधन

**पलामू।** मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन) डॉ अशोक कुमार (32) की पुत्री अमृता सुरभि की मौत हो गयी। अगले महीने 22 जून को उसकी शादी थी। दोपहर में शव का अंतिम संस्कार राजा हरिश्चंद्र घाट कोयल नदी तट पर हुआ।

### अब सिडनी में भी हर-हर मोदी की गूंज

**सिडनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण के तहत सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी पहुंचे। पीएम मोदी के सिडनी पहुंचने पर भारत के लिए ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त बैरी ओ फारेल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने हर हर मोदी, घर घर मोदी और भारत माता की जय के नारे भी लगाये।

### फंदे पर लटका मिला गैंग रेप का पांचवां आरोपित

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सामूहिक दुष्कर्म के पांचवें आरोपित की लाश सोमवार को पेड़ पर फंदे से लटकी बरामद हुई है। जिस जगह से शव मिला, वहीं पर दुष्कर्म की घटना होने की जानकारी ग्रामीणों ने दी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## रिम्स में चतरा की महिला ने पांच बच्चों को दिया जन्म

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चतरा की एक महिला ने रिम्स में एक-दो नहीं, बल्कि पांच बच्चों को जन्म दिया है। रिम्स की डॉक्टर से लेकर नर्स तक इसे कुदरत का करिश्मा बता रहे हैं। महिला चतरा जिला के ईटखोरी स्थित मलकपुर गांव की रहने वाली अनिता कुमारी है। पांच बच्चों के जन्म की बात सुन घरवाले भी आश्चर्य में पड़ गये। हालांकि नवजात इस समय डॉक्टर की निगरानी में हैं, क्योंकि सभी नवजात का वजन एक किलो है।

सभी नवजात को नियोनेटोलॉजी विभाग में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि वजन कम है, बच्चे बहुत प्री मैच्योर हैं। इनका जन्म 26-27 हफ्ते में ही हो गया है। ऐसे में अभी उनकी स्थिति के बारे में सही से नहीं बताया जा सकता है। बच्चों

**कुदरत का करिश्मा**



की सही देखभाल की जा रही है।

डॉ शशि बाला सिंह के अनुसार, अभी वर्तमान में एक महीने कम से कम बच्चों को बहुत ज्यादा देखभाल की जरूरत है। चिकित्सकों ने बताया कि हम कोशिश कर रहे हैं कि सभी बच्चों को स्वस्थ कर दिया जाये। वहीं उन्होंने बताया कि इन बच्चों की मां की स्थिति ठीक है। गौरतलब हो कि एक माह पूर्व रिम्स में एक महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया था। उनके सभी बच्चे स्वस्थ हो गये थे, जिसके बाद उन्हें घर ले जाया गया था।

### ठोस और बेहतर कार्ययोजना बनाये जुडको, विकास को गति दे : हेमंत

# लोगों को सुरक्षित, सुगम और अच्छी सड़कें देना प्राथमिकता

■ कचहरी से अलबर्ट एक्का चौक तक का देखा मास्टर प्लान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें जुडको के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तावित जोनल ब्यूटीफिकेशन एंड रीडेवलपमेंट ऑफ एक्जिस्टिंग स्ट्रीट एंड रिलेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर फ्रॉम अल्बर्ट एक्का चौक टू कचहरी चौक एंड सराउंडिंग एरियाज इन रांची के मास्टर प्लान का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन रखा। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लोगों को सुरक्षित, सुगम और अच्छी सड़कें उपलब्ध कराना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। सीएम ने जुडको अधिकारियों से कहा कि सरकार रांची वासियों को सुरक्षित, सुगम और गुणवत्तापूर्ण सड़कें मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। रांची के कई महत्वपूर्ण सड़कों पर फ्लाईओवर निर्माण कार्य प्रगति पर है। शहर के बुनियादी ढांचे को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। इससे राजधानी की सूरत बदलेगी और जाम से मुक्ति भी मिलेगी। सीएम ने कहा कि जुडको आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रांची शहर के बुनियादी ढांचों के विकास हेतु ठोस और बेहतर कार्य योजना बनाकर ससमय योजनाओं को पूरा करे।

**सीएम ने दिये कई सुझाव :** जुडको द्वारा प्रस्तावित इस कार्य योजना के तहत रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से कचहरी चौक और आसपास के क्षेत्र में मौजूदा सड़क और बुनियादी ढांचे का सौंदर्यीकरण तथा पुनर्विकास कार्यों से संबंधित मास्टर प्लान तैयार किया गया है। सीएम ने प्रस्तावित कार्य योजना के मास्टर प्लान की विस्तृत जानकारी ली। (शेष पेज 11 पर)

## राष्ट्रपति के स्वागत को झारखंड तैयार, कल करेंगी हाइकोर्ट के नये भवन का उद्घाटन

### सीजेआइ जस्टिस चंद्रचूड़, केंद्रीय कानून मंत्री भी होंगे शामिल

■ स्पेशल गेस्ट होंगे हेमंत सोरेन, जस्टिस अनिरुद्ध बोस और झारखंड के चीफ जस्टिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धुर्वा में बने झारखंड हाइकोर्ट के नये अध्याधुनिक भवन का उद्घाटन समारोह नये भवन में बने वातानुकूलित हॉल में 24 मई की शाम 5 बजे से होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उपस्थित रहेंगी। वहीं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डॉ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ रहेंगे। समारोह में भाग लेने करीब 2000 लोगों को आमंत्रित किया गया है। स्पेशल गेस्ट के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अनिरूद्ध बोस, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र रहेंगे।

कार्यक्रम स्थल धुर्वा स्थित हाईकोर्ट के नये भवन में शाम 4:45 बजे अतिथियों का आगमन होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शाम 4:55 बजे पहुंचेंगी। शाम 5 बजे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एवं अन्य अतिथि प्रोग्राम हॉल में मंचासीन होंगे। शाम 5:01 पर दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम होगा। 5:04 पर सीएम हेमंत सोरेन स्वागत एवं शुरुआती भाषण देंगे। 5:10 पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल अपना भाषण देंगे, 5:16 मिनट पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपना भाषण देंगे।

वहीं 5:22 मिनट पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन अपना भाषण देंगे। शाम 5:28 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड हाई कोर्ट का नया भवन लोगों को समर्पित करेंगी। इसके बाद 5:31 मिनट पर हाईकोर्ट के नये भवन का वर्चुअल टूर होगा। अंत में 5:35 मिनट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भाषण होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्र धन्यवाद ज्ञापन करेंगे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर विशेष विमान से 24 मई को रांची पहुंच रही हैं। वे 26 मई तक रहेंगी। उनके रांची आगमन और वापसी को लेकर तमाम तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। झारखंड महामहिम के स्वागत को पूरी तरह तैयार है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल के 02 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र को अस्थाई रूप से रेड जोन घोषित किया गया है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर चार आइएएस अफसरों को तैनात किया गया है। पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था और सुरक्षा की जवाबदेही एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर व भू-राजस्व सचिव डॉ अमिताभ कौशल को दी गयी है। नये हाई कोर्ट भवन का उद्धाटन कार्यक्रम का जिम्मा आईएएस जितेंद्र कुमार सिंह को, नामकुम में आईआईआईटी का दीक्षांत समारोह का भार आईएएस राहुल पुरवार को और खूंटी में कार्यक्रम का जिम्मा आईएएस प्रशांत कुमार को दिया गया है।

## एनआइए अब दिनेश गोप से आठ दिनों तक करेगी पूछताछ

### पेशी के बाद कोर्ट से 15 दिनों की मांगी थी रिमांड अवधि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप से एनआइए और झारखंड पुलिस आठ दिनों तक पूछताछ करेगी। कोर्ट ने रिमांड की इजाजत दे दी है। सोमवार को दिनेश गोप को कड़ी सुरक्षा के बीच एनआइए के विशेष अदालत में पेश किया गया। इस दौरान एनआइए ने दिनेश गोप को 15 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत कोर्ट से मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने सिर्फ आठ दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट खत्म होने के बाद पेश किया गया। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भीड़भाड़ वाले इलाकों में उसे पेश करना मुश्किल हो रहा था। कोर्ट में पेश करने से पूर्व उसका मेडिकल भी करवाया गया था।

**गोली खाकर भी जिंदा बच गया था दिनेश गोप :** पिछले एक साल में झारखंड पुलिस की पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के दस्ते के साथ आधा दर्जन से अधिक बार मुठभेड़ हुई। लेकिन हर मुठभेड़ में दिनेश गोप बचकर भाग निकलता था। बता दें कि दिनेश रांची से 35 किमी दूर खूंटी जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र में लाप्पा मोहराटोली गांव है। वैसे तो यह गांव झारखंड के आम गांवों की तरह ही है। पर यह मोस्ट वांटेड पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप का गांव है। दर्जनों लोगों की हत्या का आरोपी दिनेश गोप लंबे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। जिसे झारखंड और बिहार पुलिस के अलावा एनआइए भी खोज रही थी। पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के कई बड़े उग्रवादी पकड़े गये या फिर मारे गये। लेकिन दिनेश गोप को पकड़ना या फिर मार गिराना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी।



**लंबे समय से थी तलाश :** एनआइए को पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के प्रमुख की आरसी 02/2018 मामले में तलाश थी। गौरतलब है कि नोटबंदी के ठीक बाद दिनेश गोप ने लेवी के 25.38 लाख रुपये एसबीआई रांची के बेड़ो शाखा में एक पेट्रोल पंप संचालक के जरिए जमा करवाने की कोशिश की थी। रांची पुलिस ने 10 नवंबर 2016 को पेट्रोल पंप संचालक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में एनआइए ने 19 जनवरी 2018 को केस टेकओवर किया था। (शेष पेज 11 पर)

## जम्मू कश्मीर में फिल्म पर्यटन बढ़ाने पर चर्चा

■ श्रीनगर में जी-20 शिखर सम्मेलन का पहला दिन खत्म

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन का पहला दिन समाप्त हो गया है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, सोमवार को श्रीनगर में जी-20 शिखर सम्मेलन वैश्विक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए फिल्म पर्यटन के विषय पर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार स्थायी पर्यटन के लिए सभी जी-20 देशों के साथ मिलकर काम कर रही है। भारत सरकार और पर्यटन मंत्रालय राज्य सरकारों और अन्य सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम टिकाऊ पर्यटन और अभ्यास को बढ़ावा देने को जी-20 देशों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भारत में घरेलू और धार्मिक पर्यटन के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया है। कहा कि आज हमने हितधारकों के साथ फिल्म नीति पर सफलतापूर्वक चर्चा की। (शेष पेज 11 पर)

## पीएम मोदी को मिला दो देशों का सर्वोच्च सम्मान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी को सोमवार को पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) और फिजी ने अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा। पापुआ न्यू गिनी के गवर्नमेंट हाउस में एक विशेष समारोह में वहां के गवर्नर-जनरल सर बॉब डाडे ने पीएम मोदी को ग्रैंड कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू (जीसीएल) से सम्मानित किया। यह पीएनजी का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है और पुरस्कार प्राप्त करने वालों को चीफ शीर्षक दिया जाता है। (शेष पेज 11 पर)



## दिल्ली का पारा 46 डिग्री के पार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली में मौसम की बेरुखी सामने आ रही है। दिल्ली में तापमान 46 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली में मंगलवार से मौसम बदलने वाला है। अब 2 दिन बारिश को ले कर एमएसडी येलो अलर्ट जारी किया है। सोमवार को दिल्ली के कई इलाकों में प्रचंड लू की स्थिति राहत की बात यह है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार की रात से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा और अगले चार-पांच दिनों तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहने की संभावना है।

**झारखंड में प्रचंड गर्मी से अभी राहत नहीं :** इधर झारखंड में लोगों को फिलहाल गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। हालांकि मंगलवार को रांची के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होगी, लेकिन इससे लोगों को उमस और गर्मी से ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद कम है। मंगलवार को भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहेगा। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि राजधानी रांची सहित आसपास के जिलों में कुछ हिस्सों में बारिश और वज्रपात की संभावना है। इस दौरान हवा भी चलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले दो दिनों के दौरान राज्य के तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि की संभावना है। राज्य के अधिकांश जिलों का तापमान 40 डिग्री से पार हो चुका है। 22 मई को पलामू का तापमान 44. 3 डिग्री किया गया। गढ़वा और देवघर का तापमान 43.3 डिग्री,बोकारो, गिरिडीह, गोड्डा, रामगढ़, रामगढ़, सिमडेगा का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 23 मई के बाद 25 मई को भी राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश और वज्रपात होगा।

### दो हजार की नोटबंदी पर आरबीआइ गवर्नर बोले- हमारा मकसद पूरा हुआ


## पुराने नियम ही लागू, 50 हजार से अधिक पर पैनकार्ड जरूरी

■ गंभीरता से लें, आराम से बदलें पैनिक होने की कोई जरूरत नहीं

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने पहली बार 2000 रुपये के नोटबंदी पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 2000 रुपये के नोट को लाने का हमारा मकसद पूरा हो गया है। आम जनता कोई चिंता न करे। 2000 रुपये के नोट बदलने के लिए बैंकों को पूरी तरह से तैयार रहने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया है। लोगों को नोट बदलने में कोई दिक्कत नहीं होगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि नोट बदलने के लिए चार महीने का समय दिया गया है। लोग आराम से नोट बदल सकते हैं। लोग नोटबंदी के मामले को गंभीरता से लें, लेकिन पैनिक न हों। पुराने नोट बदलने के लिए लगायी पाबंदी को आप दिक्कत न मानें। बैंक में नोट जमा करने और बदलने के पुराने नियम ही लागू होंगे। जितना चाहें, उतना कैश अपने अकाउंट में जमा कर सकते हैं। 50 हजार से अधिक के डिपॉजिट पर आपको पैन कार्ड देना होगा, जो पहले से ही लागू है।

**कोई भ्रम न पालें :** लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं कि क्या नोट बदलने के लिए कोई फॉर्म या आईडी दिखानी होगी? आरबीआइ ने कहा, नजदीकी ब्रांच में आप नोट बदल और जमा कर सकते हैं। इसके लिए आपको कोई स्लिप नहीं भरना होगा। नोट बदलने या जमा करने से पहले ये जानकारी जरूर जान लें। (शेष पेज 11 पर)



**पॉलिसी के तहत लिया गया फैसला**

आरबीआई गवर्नर ने 2000 रुपये के नोटबंदी को करेंसी मैनेजमेंट पॉलिसी का हिस्सा बताया। कहा कि 2000 रुपये के नोट लाने के कई कारण थे। एक पॉलिसी के तहत इसे लाया गया था। समय-समय पर आरबीआई एक विशेष श्रृंखला के नोटों को वापस लेता है और नये नोट जारी करता है। हम 2000 के नोटों को संचलन से वापस ले रहे हैं लेकिन वे कानूनी निविदा के रूप में जारी हैं। 30 सितंबर तक लोग बैंक में जाकर पुराने नोट बदल सकते हैं। काफी समय है लिहाजा नोट बदलने में किसी तरह की अफरातफरी न करें, जो कठिनाई होगी आरबीआई उसे सुनेगा और पुराने नोट बदलने के लिए लगायी पाबंदी के तहत कोई दिक्कत जनता को न हो, इसका ध्यान रखा गया है।

## खूंटी जेल गेट के सामने आरोपी पर हुई फायरिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व सुरक्षित जोन में घटना से सनसनी

**खूंटी।** खूंटी कचहरी के समीप जेल गेट के पास सोमवार को दिनदहाड़े गोली चलने से पॉक्सो एक्ट के आरोपित हुंटार खूंटी निवासी विश्वनाथ प्रमाणिक नामक युवक जख्मी हो गया। जख्मी युवक को निकटवर्ती सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार गोली युवक के बायें हाथ को छूते हुए निकल गयी। उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। युवक पर पीड़िता की मां ने ही गोली चलायी है। गोली चलाने के बाद महिला फरार हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही खूंटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पड़ताल शुरू की। जहां गोली चलने की यह घटना हुई वहां से चंद कदम दूर ही खूंटी परिसदन में डीसी-एसपी सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारी बैठक कर रहे थे। राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व सुरक्षित जोन में दिनदहाड़े गोली चलने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी।

# 25 मई से कई क्षेत्रों में बारिश के आसार, गर्मी से मिल सकती है थोड़ी राहत

## गढ़वा-पलामू सबसे गर्म

### दो दिनों तक तापमान में और वृद्धि संभव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में मौसम का दो रूख देखा जा रहा है। जहां कुछ इलाकों में बारिश और ओले पड़ रहे हैं वहीं, कुछ इलाकों में तेज धूप और उमस का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले कुछ दिनों के दौरान मौसम का यहीं रूख बरकरार रहेगा। जहां कुछ इलाकों में बारिश की बात कहीं गयी है। वहीं, कुछ इलाकों में तेज धूप और उमस की चेतावनी जारी की गयी है। बारिश होने वाले इलाके में राज्य के उत्तर पूर्वी और दक्षिण पूर्वी जिले शामिल हैं। जहां आने वाले 25 मई तक बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। इन इलाकों में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा, दवेघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़, हजारीबाग शामिल है। वहीं, राज्य का मध्य, पश्चिमी भागों में बारिश की संभावना नहीं जतायी गयी है। इसमें राजधानी रांची समेत शेष जिला शामिल है। मौसम विभाग की मानें तो राज्य के अन्य इलाकों में भी बारिश बन रहे हैं, लेकिन घटती हरियाली के कारण बारिश नहीं हो रही है। जिससे लोगां को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में अगले दो दिनों तक तापमान में वृद्धि की बात कही गयी है।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले दो दिनों कें दौरान राज्य के तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि की संभावना है। इसके बाद तापमान में वृद्धि की संभावना नहीं बतायी गयी है। बता दें राज्य के अधिकांश जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से पार हो चुका है। मौसम विभाग की ओर से इस संबध में जानकारी दी गयी जिसमें बताया गया कि 22 मई को पलामू सबसे गर्म जिला रहा। जहां तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गढ़वा और देवघर का तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस, बोकारो, गिरिडीह, गोड्डा, रामगढ़, रामगढ़, सिमडेगा का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि रांची का तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस बताया।

### हीट वेव का असर धीरे-धीरे खत्म होने का अनुमान



मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक, राज्य में आने वाले हफ्ते में हीट वेव का असर कम देखने को मिलेगा। इस साल केरल में मॉनसून 4 जून तक आने की संभावना है। ऐसा होने पर झारखंड में मॉनसून 12 जून तक आ सकता है। रांची में 15 जून तक मॉनसून की बारिश की उम्मीद है। बताया कि हर साल कोल्हान व संथाल से मानसून झारखंड में प्रवेश करता है। मौसम वैज्ञानिक ने कहा कि मॉनसून को लेकर किसानों को तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। किसानों के लिए मॉनसून काफी मायने रखता है। मॉनसून के सहारे ही धान की खेती कर पाते हैं।

# जैक बोर्ड आज जारी करेगा मैट्रिक व इंटर साइंस का परीक्षा परिणाम

## इंटर कॉमर्स और ऑट्र्स का रिजल्ट दो-तीन दिन बाद

### जैक की वेबसाइट पर दोपहर बाद जैक जारी करेगा रिजल्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) बोर्ड की ओर से आज मंगलवार को मैट्रिक और इंटर साइंस का रिजल्ट जारी किया जायेगा। वहीं, इंटर कॉमर्स और ऑट्र्स के रिजल्ट के लिए दो से तीन दिन वेट करने होंगे। आधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर 3 बजे के बाद कभी भी जैक की ओर से मैट्रिक और इंचटर का रिजल्ट जारी किया जा सकता है। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट झारखंड एकेडमिक काउंसिल की वेबसाइट जैक रिजल्ट्स डॉट कॉम और जैक डॉट झारखंड डॉट गॉभ डॉट इन पर देख सकते हैं।

**4.33 लाख ने दी मैट्रिक परीक्षा, इंटर साइंस में थे 75 हजार स्टूडेंट्स :** मैट्रिक की परीक्षा में 4.33 लाख एवं इंटरमीडिएट साइंस की परीक्षा में लगभग 75 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। मैट्रिक व इंटर साइंस के रिजल्ट के बाद इंटर आट्र्स व कॉमर्स के रिजल्ट जारी किये जायेंगे। दोनों रिजल्ट भी इस सप्ताह अंत तक जारी होने की संभावना है। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू हुई थी, जो अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक चली थी।

**1241 केंद्रों पर ली गयी थी मैट्रिक की परीक्षा :** झारखंड के सभी 24 जिलों में 1241 केंद्रों पर मैट्रिक की परीक्षा ली गयी थी। सबसे ज्यादा केंद्र धनबाद और रांची में बने थे। दोनों जिलों में क्रमशः 103 और 102 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे।

हालांकि, परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स की संख्या के मामले में गिरिडीह पहले नंबर पर रहा। यहां सबसे ज्यादा 37716 स्टूडेंट्स ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। इसके बाद रांची में 36509 बच्चे परीक्षा देने के लिए रजिस्टर्ड थे।

## स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में इंटरव्यू के आधार पर होगा का चयन, 25 तक करें आवेदन

# राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में बहाल किये जायेंगे लाइब्रेरियन और मैनेजर

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूल भी अब निजी स्कूलों की तर्ज पर चलाये जायेंगे। यही कारण है कि राज्य के सरकारी स्कूलों में पहली बार मैनेजर और लाइब्रेरियन की नियुक्ति होगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। यह नियुक्ति नवनिर्मित 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में की जा रही है। मैनेजर पद के लिए 25 मई तक आवेदन मांगा गया है। जानकारी के अनुसार दोनों पदों पर उम्मीदवारों के चयन के लिए साक्षात्कार का विकल्प रखा गया है। 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में मैनेजर की नियुक्ति के लिए वैसे शिक्षकों को मौका दिया जाएगा, जो सीबीएसई या आइसीएसई से संबद्ध स्कूलों, नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय से सेवानिवृत्त हो चुके होंगे। विभाग के सूत्रों की मानें तो सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त स्कूलों के सेवानिवृत्त प्राचार्य को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष है। इनकी नियुक्ति के लिए साक्षात्कार रखा गया है, पर आवेदन अधिक आने पर लिखित परीक्षा भी ली जा सकती है।

### कांट्रेक्ट पर रखे जायेंगे लाइब्रेरियन

80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में लाइब्रेरियन की बहाल किए जाएंगे। इनकी नियुक्ति के लिए साक्षात्कार रखा गया है लेकिन आवेदन अधिक आने पर लिखित परीक्षा ली जाएगी। लाइब्रेरियन बनने के लिए उम्मीदवार के पास लाइब्रेरी एंड इंफॉरमेशन साइंस में बैचलर डिग्री होना चाहिए। मास्टर डिग्री और कार्याअनुभव वाने उम्मीदवार को प्राथमिकता मिलेगी। नियुक्त अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 26,500 रुपये मानदेय मिलेगा।

### मैनेजर की जिम्मेवारी क्या होगी

प्रत्येक स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में एक-एक प्रबंधक की नियुक्ति होगी। इनका काम स्कूलों में आधारभूत संरचना को बनाए रखना, बच्चों की सुरक्षा, साफ-सफाई सुनिश्चित करना और प्राचार्य को एकेडमिक सपोर्ट देना होगा। बताते चलें कि पहली बार किसी सरकारी स्कूल में प्रबंधक की नियुक्ति होने जा रही है।

### 60 हजार रुपये मिलेगा मानदेय



स्कूल मैनेजर को 60 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने आवेदन मंगाना शुरू कर दिया है। मैनेजर पदों पर नियुक्ति के लिए 25 मई तक आवेदन मांगे गये हैं। मैनेजर के जिन पदों पर नियुक्ति होगी, उनमें विभिन्न कैटेगरी में सीटें तय हैं। अनारक्षित श्रेणी के 33 पद, अनुसूचित जनजाति के 21 पद, अनुसूचित जाति के आठ पद, बीसी वन के छह पद, बीसी टू के पांच पद, इडब्ल्यूएस के सात पद पर मैनेजर बहाल किये जायेंगे।

# आदिवासी संगठनों ने एसटी-एसी थाना में दर्ज कराया मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आदिवासियों की जमीन पर गैर आदिवासियों के कब्जे को लेकर जमीन मालिक, आदिवासी जनपरिषद और विभिन्न संगठनों ने सोमवार को एसटी- एसी थाने में मामला दर्ज कराया। संगठन के लोगों का कहना है कि भू-माफिया जमीन पर कब्जा कर अवैध तरीके से घर भी बना रहा है। जमीन मालिकों का घर गिरा देने की धमकी दी जा रही है।

आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री आदिवासियों के मुद्दे पर गंभीर नहीं हैं। हर रोज आदिवासियों पर हमला हो रहा है। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि घटनास्थल पर जाकर शिकायत की जांच करेंगे।

मौके पर सेंगेल अभियान के महासचिव गुड्डू लोहरा, देवसागर खलखो, बिनोद खलखो, विशाल तिर्की, प्रदीप खलखो, विशु टोप्पो समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।



## सीएम से मिले आईआईएम के निदेशक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची के निदेशक प्रोफेसर दीपक कुमार श्रीवास्तव ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## खबर एक नजर में

### कैबिनेट की बैठक 31 मई को, महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की अगली बैठक 31 मई को शाम 5 बजे से होगी। बैठक की अध्यक्षता सीएम हेमंत सोरेन करेंगे। यह बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी। इससे पहले 17 अप्रैल को हेमंत कैबिनेट की बैठक हुई थी, जिसमें 20 प्रस्तावों पर मुहर लगी थी।

### एमपी/एमएलए कोर्ट से राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी

**रांची।** मोदी सरनेम केस से जुड़े मानहानि के एक केस में आरोपी राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी है। सोमवार को मामले में उपस्थिति की तारीख निर्धारित थी, लेकिन नहीं पहुंचे और उनके वकील ने समय की मांग की। एमपी/एमएलए मामले के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत ने अगली उपस्थिति की तारीख 16 जून निर्धारित की है। राहुल गांधी के खिलाफ मोदी उपनाम पर टिप्पणी को लेकर रांची कोर्ट में प्रदीप मोदी ने 23 अप्रैल 2019 को मुकदमा किया है। जिस पर सुनवाई लंबित है। इस मामले में राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से अगस्त 2022 तक पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक स्वतः समाप्त हो गई। इसके बाद अदालत ने उपस्थिति को लेकर समन जारी किया। उनके अधिवक्ता ने फरवरी महीने में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग करते हुए अर्जी दाखिल की थी। जिसे अदालत ने बीते तीन मई को खारिज कर चुकी है।

### निलंबत आईएएस अधिकारी पूजा समेत चार की न्यायिक हिरासत की अबधि 5 जून तक बढ़ी



**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि मनी लाउंड्रिंग करने की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल समेत चार की न्यायिक हिरासत अवधि पांच जून तक बढ़ा दी गई है। सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पूजा सिंघल के साथ सीए सुमन कुमार, इंजीनियर शशि प्रकाश एवं बर्खास्त इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। चारों आरोपी जेल में है। अदालत ने अगली पेशी की तारीख पांच जून निर्धारित की है। वहीं मामले में ईडी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत करना था। लेकिन गवाह नहीं आने के कारण गवाही नहीं हो सकी। बता दें कि पूजा सिंघल तीन महीने की अंतरिम जमानत के बाद बीते 12 अप्रैल को सरेंडर की थी। तब से जेल में है। ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था।


# जून के दूसरे हफ्ते मिलेगा पंचायत सचिव अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पंचायत सचिव के चयनित अभ्यर्थियों को अब की बजाये जून के दूसरे में नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। पहले यह तय हुआ था कि 24 मई को सीएम इन्हें नियुक्ति पत्र देंगे। परंतु राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए 24 मई को यह संभव प्रतीत नहीं हो रहा है। सीएम सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार, अब 9 या 10 जून को सीएम इन्हें नियुक्ति पत्र सौंप सकते हैं। पंचायत सचिव के लिए 1633 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। लेकिन अब तक इन्हें नियुक्ति पत्र नहीं मिल सका है। इसे लेकर अभ्यर्थी परेशान- हैरान हैं। अब लगता है कि इनका इंतजार समाप्त हो जाएगा और जून में इन्हें नियुक्ति पत्र मिल जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तीन दिवसीय दौरे रांची आ रही हैं। वहीं विभागीय सचिव के छुट्टी पर रहने के कारण 24 मई को अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम नहीं हो सकेगा। विभागीय सचिव राजीव अरुण एक्का 6 जून को छुट्टी से लौटेंगे। उसके बाद 9 या 10 जून को सीएम हेमंत सोरेन अपने हाथों से नियुक्ति पत्र रांची में दे सकते हैं।

# कांके थानेदार के खिलाफ विधायक समरीलाल की पत्नी ने अपशब्द कहने का लगाया आरोप, आयोग से शिकायत

### कांके थानेदार समरीलाल मामले में जांच के लिए पहुंचे थे राजस्थान



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कांके थानेदर आभाष कुमार पर कांके बीजेपी के विधायक समरी लाल की पत्नी अनीता देवी ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के समक्ष शिकायत की है। अनीता देवी ने कहा है कि कांके थाना प्रभारी आभास कुमार ने दुर्भावना एवं द्वेषपूर्ण भावना से ग्रसित होकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। बकौल अनीता देवी, 10 मई को रोजमर्रा की तरह मैं झुंझुन जिले (राजस्थान) के उप स्वास्थ्य केंद्र पर कार्य कर रही थी। इसी दौरान कांके थाना प्रभारी आभास कुमार स्थानीय पुलिस के साथ आए और पूछा कि आप समरी लाल की पत्नी हैं। इंस्पेक्टर आभास कुमार ने डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी व मरीजों के बीच उनसे कहा कि तुम्हारे पति रांची में रखैल रखे हैं, जिसके दो-तीन नाजायज औलाद भी हैं। वैसे भी तुम्हारी जाति भंगियों में ऐसी आम बात है। अनिता ने कहा कि मैंने इसका विरोध किया तब इंस्पेक्टर ने कहा कि लगता है तुम्ही दूसरी वाली हो, इसलिए झारखंड में नहीं रहती हो। उन्होंने ये भी कहा कि तुम ससुराल छोड़ कर आखिर मायके में क्यों रहती हो। मैंने जबाब दिया कि उनकी विधायकी 5 वर्ष की है, मैं अपनी नौकरी के चलते मायके में रहती हूं। फिर उन्होंने कहा कि तुम अपने पति से कहो कि भंगी नीच जाति का विधायक बन गया है, वह विधायकी छोड़ दे। अनीता देवी के मुताबिक कांके थाना प्रभारी दवाब बना रहे थे कि मैं ये कहूं कि समरी लाल राजस्थान से आते हैं।

# फिल्म द केरला स्टोरी देखने के बाद महिलाओं ने कहा- झारखंड की लड़कियों को सुरक्षित रहने की है जरूरत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूरे देश के साथ झारखंड की राजधानी रांची में भी फिल्म द केरला स्टोरी को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। इस सिनेमा को बड़े पर्दे पर देखने के लिए हर वर्ग के लोगों में उत्सुकता है। फिल्म में दिखायी गई घटनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए राजधानी रांची के कई सामाजिक एवं धार्मिक संगठन महिलाओं को मुफ्त में ये फिल्म दिखा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को हिंदू संगठन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह और उनके सहयोगियों ने महिलाओं की एक टोली को राजधानी के प्लाजा सिनेमा हॉल में दोपहर के शो में द केरला स्टोरी फिल्म दिखायी।

ज्ञात हो कि गत 15 मई को भी भैरो सिंह ने केरल स्टोरी फिल्म दिखाने के लिए पूरे प्लाजा हॉल को बुक कर लिया था। झारखंड के इतिहास में यह पहली ऐसी घटना है जब किसी फिल्म को दिखाने के लिए पूरे सिनेमा हॉल को दूसरी बार बुक कर लिया गया हो।



### फिल्म को लेकर महिलाओं में उत्सुकता

फिल्म देखने के लिए सोमवार को प्लाजा सिनेमाघर में युवाओं के साथ काफी संख्या में महिलाएं नजर आईं। फिल्म देखने आई महिलाओं ने कहा कि द केरला स्टोरी में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार और धर्म के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर जो बातें बतायी गई हैं। उसे देखने के लिए सभी महिलाएं काफी उत्सुक हैं।

### बेटियों को भी सचेत रहने की है आवश्यकता

सिनेमा देखकर बाहर निकली महिलाओं ने कहा कि झारखंड में भी महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। इस सिनेमा को देखने के बाद महिलाएं जान सकेंगी कि समाज में किस तरह से मासूम लड़कियां खास कर भोली-भाली आदिवासी लड़कियां धर्मांतरण समेत अन्य अपराध की शिकार होने से खुद को बचा सकेंगी।

### कहानी से मिली कई सीख

राजधानी के प्लाजा हॉल में सिनेमा देखकर बाहर निकली महिलाओं ने एक सुर में कहा कि इस कहानी से कई सीख मिलती है। उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी देखने के बाद यह स्पष्ट होता है किस प्रकार भोली-भाली लड़कियों को बहला-फुसलाकर उसके धर्म के साथ खिलवाड़ किया जाता है। साथ ही उन्हें उनके परिवार से भी दूर कर दिया जाता है। फिल्म देखने आयी महिलाओं ने कहा कि भैरव सिंह और राहुल कुमार जैसे लोगों की मदद से इस फिल्म को देखने के लिए राजधानी की महिलाओं को जागरूक करने में जुट गई हैं। महिलाओं ने कहा कि इस तरह की फिल्म देखकर महिलाएं अपनी सुरक्षा को लेकर सजग होती हैं और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर विपरीत परिस्थिति में भी सही निर्णय ले सकती हैं।

### फिल्म से महिलाओं को जागरूक करने का प्रयास

महिलाओं को सिनेमा दिखाने लाये हिंदू संगठन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह ने कहा कि उनके द्वारा महिलाओं को फिल्म द केरला स्टोरी दिखाने का एकमात्र मकसद इस फिल्म के माध्यम से महिलाओं को जागरूक करना है कि किसी भी प्रकार के झांसे में ना आकर प्रताड़ना का शिकार हों। इसके अलावा महिलाएं समाज में चल रहे धर्मांतरण के खेल से भी खुद को बचा सके। भैरव सिंह ने बताया कि झारखंड की भोली भाली आदिवासी बेटियों को गैर हिंदू लोगों के द्वारा बहला फुसला कर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उन्होंने पिछले दिनों हजारीबाग, धनबाद और लोहरदगा में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि गैर हिंदू समाज के लोग झारखंड के विभिन्न जिलों में हिंदू बहू और बेटियों को दिग्भ्रमित कर उनका धर्मांतरण करा रहे हैं जो कि निश्चित रूप से पूरे हिंदुस्तान के लिए शर्म की बात है। इसको लेकर हो रही राजनीति के सवाल पर भैरव सिंह ने कहा कि अगर हिंदू धर्म की रक्षा करना और हिंदू महिलाओं को जागरुक करना राजनीति है तो वो राजनीति ही कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

### विधानसभा समिति ने स्पीकर को दी वेदांता स्टील प्रबंधन द्वारा दुर्व्यवहार की जानकारी



**रांची।** झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की सोमवार को समीक्षा बैठक हुई। इसमें समिति के बोकारो, देवघर, साहिबगंज, गोड्डा, गिरिडीह, धनबाद दौरे की विशेष चर्चा की गई। साथ ही सीमित के सदस्यों ने विधानसभाध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो से मिलकर ने दौरे की विस्तृत जानकारी दी। समिति के दौरे के क्रम में वेदांता स्टील प्लांट के प्रबंधन द्वारा सदस्यों के साथ किए गए दुर्व्यवहार की जानकारी भी विधानसभाध्यक्ष को दी। इस पर उन्होंने जिले के अधिकारी के साथ-साथ मेदांता स्टील प्लांट प्रबंधन पर कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया। मिलनेवालों में समिति की सभापति सविता महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, पोटका विधायक संजीव सरदार एवं सिसई विधायक जीगा सुसारण होरो शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## सिंदरीः 483वीं जयंती पर याद किये गये महाराणा प्रताप



सिंदरी। पराधीनता नहीं स्वीकार करनेवाले देश के अग्रणी राजा महाराणा प्रताप की 483 वीं जयंती सिंदरी शहरपुरा स्थित वार्ड नं 55 पूर्व पार्षद दिनेश सिंह के कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। पूर्व पार्षद ने कहा कि उनका नाम इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ प्रण के लिये अमर है। दोनों हाँथों से तलवार चलाने में माहिर महाराणा प्रताप मेवाड़ ही नहीं देश के वीर योद्धा थे। उनके जीवन के अंत तक मुगल बादशाह अकबर ने उन्हें पराधीन नहीं कर सका। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, रणधीर सिंह, अधिवक्ता दिनेश सिंह, कामेश्वर सिंह, ब्रजेश सिंह, विरेन्द्र सिंह, संजय सिंह, टुनटुन सिंह, नकुल सिंह, उपेंद्र सिंह, अरूण सिंह, नन्द किशोर सिंह, सुभाष सिंह, नीरज कुमार, मनोज कुमार उपस्थित थे।

## सिंदरीः युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**सिंदरी।** गौशाला ओपी क्षेत्र अंतर्गत नूतनडीह बस्ती निवासी शिवजी सिंह के 35 वर्षीय विवाहित पुत्र मुनमुन सिंह ने अपने घर में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मुनमुन दैनिक मजदूरी करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है। मुनमुन की पत्नी कुंती देवी ने बताया कि पैसे को लेकर मुनमुन तंगी का जीवन जी रहा था। उसकी पत्नी ने बताया कि मायके से घर लौटने पर देखा कि पति मुनमुन उसके दुपट्टे के सहारे छत में लगे लोहे के एंगल से झूल रहा था और उसका पैर घर में लगे बिछावन पर मुड़ा हुआ था। उसने बताया कि पति ने बीते शाम गाली गलौज की थी। इसी कारण कुंती मायके गई हुई थी। सूचना के आधार पर गौशाला ओपी के एएसआई कुणाल मिश्रा घटनास्थल पर पहुँचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया।

## राज्यपाल से मिले अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष

**बेरमो।** अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल रांची राजभवन जाकर झारखंड के राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन जी से शिष्टाचार मुलाकात की मुलाकात के दौरान श्री अग्रवाल ने राज्यपाल से प्रक्रिया त्रुटि होने के कारण पिछले कुछ वर्षों से अग्रवाल समाज का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस मुलाकात में रामगढ़ जिला अध्यक्ष जेपी अग्रवाल बोकारो जिला सदस्य दीपक बंसल भी उपस्थित रहे।

## असम के सीएम से मुलाकात कर बेरमो आने का दिया निमंत्रण

**बेरमो।** बेरमो निवासी एवं शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने रविवार को दिसपुर में सीएम हिमंत बिस्व सरमा से मुलाकात किया और उन्हें बेरमो आने का निमंत्रण दिये।

# युवक ने लोहे की रॉड से हमला कर 10 लोगों को किया घायल

### धनबाद रेलवे स्टेशन पर हुई घटना, पुलिस ने किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** 18 मई को धनबाद रेलवे स्टेशन पर एक सनकी युवक ने एक यात्री को चाकू मार दिया था। गनीमत रही कि पुलिस तुरंत सनकी को काबू में कर लिया, अन्यथा वह तो जान लेने पर आमदा था। इधर, राजगंज में भी इसी तरह की घटना हुई है. रविवार की दोपहर लोहे की रॉड से प्रहार कर एक सनकी ने गांव के 10 लोगों को घायल कर दिया। घायलों में एक महिला भी शामिल है। आरोपी की हरकत को देखकर गांव में दहशत फैल गया।10 लोगों को घायल करने के बाद आरोपी घर जाकर एक कमरे में बंद हो गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ कर थाना ले गई।सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### आरोपी युवक ने क्यों की ऐसी हरकत

आरोपी का नाम मुसरत अंसारी बताया गया है। गांव के लोगों के मुताबिक आरोपी के साथ कोई दुश्मनी या विवाद नहीं है। पारिवारिक कलह से खिन्न होकर इस तरह की हरकत करने की बात चर्चा में है। गांव वालों के अनुसार आरोपी के घर में पारिवारिक विवाद चल रहा है। इसका निपटारा के लिए सुबह पंचायती हुई थी। जिसमें कोई हल नहीं निकला। इसके बाद दोपहर को आरोपी ने लोहे का रॉड लेकर स्थानीय ग्रामीणों को मारना पीटना शुरू कर दिया। इस घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। लगातार इस तरह की दो घटनाओं से लोगों में भय भी है कि पता नहीं कब कौन सनकी कहां क्या कर देगा। लोगों ने ऐसे लोगों पर पुलिस को चौकस नजर रखने की मांग की है।

### घायलों का चल रहा है इलाज

घायलों में 65 वर्षीय उस्मान अंसारी के हाथ की हड्डी टूट गई है। गुलाम का सिर फट गया है, अन्य के हाथ में चोट है। सनकी ने सिर्फ लोगों को पीटा ही नहीं, एक दुकान में भी तोड़फोड़ की। दुकान में रखे सामान को फेंक दिया। दुकानदार के मोबाइल को भी तोड डाला। कुछ घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद भी भेजा गया है। ज्ञात हो कि धनबाद रेलवे स्टेशन पर इस तरह की घटनाएं होती रहती है। इसके लिए जीआरपी और आरपीएफ को विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है।

## सेवानिवृत्त बीसीसीएल कर्मी के घर लगी आग

केंदुआ। केंदुआडीह थाना क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय कुस्तौर के रहने वाले रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मी सागर पासवान के घर को अज्ञात चोरो ने बीती रात चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद आग लगा दिया। आग लगने से पूरा घर का सामान जलकर राख हो गया।घटना बीती रात तीन बजे की बताई जा रही है। घटना के संबंध मे रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मी के पुत्र दीपक कुमार पासवान ने बताया की घर के सभी लोग एक शादी समारोह में गए हुए थे। देर रात करीब तीन बजे पड़ोसियों ने सूचना दी किमेरे घर मे आग लगा हुआ है। आनन-फानन में जब हमलोग अपने घर कुस्तौर पहुंचा तो देखा की पुरे घर मे आग लगा हुआ है। उसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## बोकारो : कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा पर बरसे अशोक चौधरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो नगर के सेक्टर-2 स्थित कला केंद्र में आयोजित जदयू के कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के वरीय नेता एवं पूर्व बियाडा चेयरमैन अशोक चौधरी ने कहा कि यह पार्टी लोहिया, अंबेडकर, जयप्रकाश नारायण, जननायक कर्पूरी ठाकुर, शेख भिखारीए बिनोद बिहारी महतो के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी हैए जो न्याय के साथ विकास की बात करती है तथा समाजवादी विचारधाराओं से ओतप्रोत है। उन्होंने कहा कि आज पुनः देश महंगाई के साथ भयंकर बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। आम आदमी का जीना दूभर हो रहा है। हम सभी को संगठित होकर इसके खिलाफ संघर्ष करने की जरूरत है। श्री चौधरी ने कहा कि आज भाजपा के खिलाफ देश की तमाम विपक्षी पार्टियों को एक सूत्र में बांधने की नीतीश कुमार की कोशिश को निरंतर गति मिल रही है।


कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, बोकारो

सूचना

एतद् द्वारा बोकारो जिला के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में सेवानिवृत/कार्यरत शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि प्रोन्नति से संबंधित गुगल सीट का लिंक उपलब्ध कराया गया है।


उक्त गुगल सीट में संबंधित सेवानिवृत/कार्यरत शिक्षकों को अपना-अपना प्रोन्नति से संबंधित डाटा ऑनलाईन प्रविष्टि करते हुए गुगल डाटा लिंक से संबंधित फोल्डर तैयार कर अनिवार्य रूप से दिनांक 24.05.2023 तक संबंधित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

PR 298041 School Education and Literacy (23-24)_D

जिला शिक्षा अधीक्षक
बोकारो


# रेलवे द्वारा 250 विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए विधायक ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**एग्यारकुंड।** एग्यारकुंड अंचल कार्यालय में रेलवे के द्वारा मेढा, मैथन मोड, शिवलीबाडी मध्य,पूर्व, एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के 250 घरो को विस्थापित आम जनता को पुनर्वास के लिए निरसा के विधायक अर्पणा सेन गुप्ता ने सोमवार को अंचलाधिकारी के संग बैठक की बैठक में विधायक ने कहा कि रेलवे द्वारा विस्थापित सभी पूर्ण वास किया जाना चाहिए इस पर अंचलाधिकारी अमृता कुमारी ने कहा कि सरकारी जमीन के बारे मे आप बताएँ तो मै जाँच कर चिन्हित कर दूंगी और उपायुक्त को प्रस्ताव के लिए भेज दूँगी इस मंडल अध्यक्ष रंजीत मोदी ने कहा कि दुधियापानी मे सरकारी जमीन को भू माफिया के द्वारा कब्जा कर उद्योग लगा रखा है इसकी जाँच कर वही पूर्ण वास करवाइए इस पर विधायक ने कहा कि एग्यारकुंड प्रखंड सह अंचल क्षेत्रो मे जमीन उपलब्धता के कारण केन्द्र सरकार की बहुत सारी योजनाए नही हो पा रहा है और एक योजना विवाह मंडप का है जो जमीन के एनओसी नही मिलने के कारण विवाह मंडप रुका हुआ है इस पर अंचलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए उपायुक्त के पास जाना चाहिए रेलवे के द्वारा सर्वे कर जीएम लैंड मे बने 45 व्यक्ति का लिस्ट बनाया है उन व्यक्तियों को जीएम लैंड का पैसा मिलेगा बाकी के सभी रेलवे के जमीन को अतिक्रमण कर रह रहे है ये रेलवे का सर्वे मे है और जितने लोग विस्थापित हो रहे है उन सभी का आईडी प्रूफ के रूप मे आवासीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बिजली बिल आदि लगाकर आवेदन दीजिए वही अंचल कार्यालय कर्मचारी और सीआई अशोक मिश्रा के विरुद्ध जमीन मोटेशन में देरी,प्रधानमंत्री आवास, शौचालय सभी कामो मे देरी होने से लोगो में आक्रोश है।

## केंद्र कालाधन रोकने में असफलः इफ्तेखार

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अन्तर्गत टांगटोना पंचायत के जामकुदर गांव में नुक्कड़ सभा के माध्यम से ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद ने कहा कि आतंकवाद एवं काला धन की समाप्ति और नकली नोटों को चलन से बाहर करने की बात कहते हुए 6 साल पूर्व 8 नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री ने नोटबंदी की घोषणा किया था किन्तु बीते 6 साल में न तो आतंकवाद को रोका जा सकाए और न काला धन समाप्त हुआ। कथारा कैपटिव पावर प्लांट 2016 के नोटबंदी के कारण बंद हो गया जो अभी तक चालू नहीं हो सका। श्री महमूद ने कहा कि दो हजार के नोटों को चलन से बाहर करने की इस बार की घोषणा से देश का हित नहींए बल्कि सत्ताधारी दल का अपना हित है। श्री महमूद ने कहा कि केंद्र सरकार अपने दल के हित में निर्णय ले रही है। मौके पर भाकपा के जिला सचिव पंचानन महतो ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बढ़न महतो, अनंत कुमार सिन्हाए बीरालाल किस्कूए फूलचंद सिंहए महादेव महतो एमुकुंद सावए राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## दुकान में लगी आग सामान जलकर राख

**बेरमो/चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के तेलो पूर्वी पंचायत के महतो मार्केट स्थित ए टू जेड इंटर प्राइज प्लाईवुड की दुकान में बीती देर रात्रि को आग लग्गी कि घटना से दुकान में रखी लाखो रुपए की सम्पति जल कर खाक हो गयी। देर रात को ही डीबीसी चंद्रपुरा से दमकल आने के बाद आग बुझाई गयी। तबतक सामान जल गये थे।


कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, बोकारो

-:: बिरसा हरित ग्राम योजना से संबंधित अति अल्पकालीन निविदा ::-

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, रॉंची के पत्रांक (N)507(अनु0), दिनांक 12.04.2023 एवं सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड, रॉंची के पत्रांक (N) 544(अनु0), दिनांक 21.04.2023 के द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना (वित्तीय वर्ष 2023-24) के कार्यान्वयन हेतु दिशा-निदेश प्राप्त है। उक्त के आलोक में बोकारो जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्ड के पंचायतों में बागवानी से संबंधित जलकुण्ड में प्रयोग होने वाले पॉलिथिन का क्रय किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रमांक | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | पॉलिथीन (Polythene) | Polythene of Jalkund (250 Micron Polythene UV resistant) एक जलकुंड हेतु 6 KG पॉलिथिन, जिसका लंबाई 18 फीट एवं चौड़ाई 14 फीट हो। |

नोट :-
1. इच्छुक निविदादाता **दिनांक 31.05.2022 के अपराह्न 01.00 बजे** तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, बोकारो में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो कर मुहरबंद निविदा दे सकते है।
2. प्राप्त मुहरबंद निविदाओं को **दिनांक 31.05.2022 के अपराह्न 03.30 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।
3. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी बोकारो के वेबसाईट **www.bokaro.nic.in** पर एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, बोकारो से प्राप्त किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त -सह-
जिला कार्यक्रम समन्वयक, बोकारो

PR 297985Rural Development(23-24)#D


# बोकारोः भाजपा ने की लोकसभा चुनाव पर मंथन

### भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो जिलान्तर्गत जैनामोड़ स्थित होटल आर्यन के सभागार में बोकारो भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए विपक्षी पार्टियां एकजुट हो रही हैंए लेकिन भाजपा 55 से 60 प्रतिशत वोट लेकर विपक्षी गोलबंदी को ध्वस्त करेगी। झारखंड प्रदेश की सभी 14 लोकसभा क्षेत्रो पर जीत हासिल करेगी। प्रदेश बीजेपी अध्यक्षए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामीए सांसद पीएन सिंहए विधायक अमर बाउरी सहित सभी वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश ही नहींए विदेशों में अपनी मजबूत दावेदारी हमने पेश की। लोगों तक विकास योजनाएं पहुँची।बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बूथ सशक्तिकरणए महाजनसंपर्क अभियान एवं आजीवन सहयोग निधि पर मंथन किया गया।

### बैठक में थे शामिल

बैठक में पूर्व विधायक छत्रुराम महतोए योगेश्वर महतो बाटुलए प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंहए जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी सहित ईश्वर प्रजापतिए मुकुल ओझाए विनय सिंहए प्रह्लाद वर्णवालए रोहितलाल सिंहए जगरनाथ रामए विनोद महतोए कुमार अमितए लक्ष्मण नायकए आरती राणाएसंजय त्यागीए दिलीप श्रीवास्तवए अनिल स्वर्णकारए अर्चना सिंहए लीला देवीए जयनारायण मरांडीए दशरथ महतोए अशोक कुमार पप्पू इंद्र कुमार झा माथुर मंडल मौजूद थे।


झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-04 वर्ष 2023-24 दिनांक-22.05.2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :- | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | :- | दिनांक - 29.05.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | :- | दिनांक - 30.05.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | दिनांक - 31.05.2023 अपराह्न 4.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :- | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :- | 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। 2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | :- | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 9. | कार्य की विस्तृत विवरणी | :- | |

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Toilet at Anganwari Center of different Blocks of District Hazaribagh under D. W. & S. Division, Hazaribagh for the year 2023 -24 on "TURN KEY BASIS". [Head-DMFT Fund] - 11 Nos. Toilet | 6,12,766/- | 13,000/- | 1,250/- | Two Month |

निविदा की शर्ते विभागीय वेबसाईट www.daa.jharkhand.gov.in एवं इस कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। इच्छुक एजेंसी परिमाण विपत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से भुगतेय होगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 298030 Drinking Water and Sanitation(23-24)D


## सिंदरी में बिजली विभाग ने लगाया समाधान कैंप

**सिंदरी।** बकाया बिजली बिल के वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) को लेकर सिंदरी के शहरपुरा शिव मंदिर में सोमवार को झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा तीन दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 31 दिसंबर 2022 तक शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 5 किलोवाट तक के बकाएदार उपभोक्ताओं को लाभ मिल सकेगा। इसकी जानकारी देते हुए सिंदरी क्षेत्र के कनीय अभियंता शशि मुंडा ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर एकमुश्त समाधान योजना 2023 कैंप आयोजित किया गया है। इस कैंप में उपभोक्ता आकर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इसमें 31 दिसंबर 2022 तक के बकाएदार उपभोक्ताओं की बिजली बिल में ब्याज माफी की जाएगी। बकाया राशि को अधिकतम 5 आसान किश्तों में जमा किया जा सकता है। कृषि, सिंचाई व निजी क्षेत्रों के उपभोक्ता भी इसका फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि लाइन डिस्कनेकटेड, लीगल नोटिस प्राप्त उपभोक्ता व सर्टिफिकेट केस उपभोक्ता भी इसका लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसे सिंदरी के विभिन्न क्षेत्रों में 25 मई से 27 मई तक मनोहरटाँड़, 29 मई से 31 मई तक डोमगढ़ क्षेत्र में कैंप लगाया जाएगा।

## अज्ञात बीमारी की चपेट में आ रहे हैं आदिवासी बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** गोमिया प्रखण्ड के तिलैया पंचायत अंतर्गत टुटीझरना गांव में कई बच्चे और बड़े अज्ञात बीमारी से पीड़ित हैंण् तीन सौ की आबादी वाले इस गांव में सभी आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैंण् गोमिया प्रखंड मुख्यालय से करीब बीस किलोमीटर की दूरी पर यह गांव लुगु पहाड़ के तलहटी पर बसा हैंण्ग्रामीण हीरालाल टुडू और प्रेम टुडू ने बताया कि बच्चों के शरीर में चेचक जैसे छोटे.छोटे दाग हो गये हैंण् अंधविश्वास में फंसे ग्रामीण उसे माता जी वाली बीमारी कहकर इलाज नहीं करा रहे हैंण् बच्चों को ठंड लगने और उल्टी आने के साथ.साथ पेट दर्दए बुखार और सिरदर्द भी रहता हैण् कई बच्चों के शरीर पर लाल रंग के चकते भर आए हैंण् हीरालाल ने बताया कि ग्रामीण जड़ी बूटी से अपने बीमार बच्चों का इलाज कर रहे हैं।

### नहीं पहुंचे स्वास्थ्यकर्मी

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से स्वास्थ्य विभाग का कोई कर्मचारी उनके गांव नहीं पहुंचा हैण् पहले एएनएम भी गांव का दैरा करती थीए लेकिन जब से इस बीमारी से लोग पीड़ित हैंए एएनएम ने भी गाव जाने से परहेज कर लिया है।


समाहरणालय, गढ़वा (जिला खनन शाखा)

अति आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत JSMDCL रॉंची के द्वारा मात्र पाचाडुमर बालू घाट संचालित है जहाँ से बालू की आपूर्ति की जा रही है। मानसून अवधि दिनांक 10.06.2023 से 15.10.2023 तक माननीय न्यायालय NGT के निर्देशानुसार बालू का उठाव नदियों से बंद रहेगा। JSMDCL रॉंची का पाचाडुर स्टॉक यार्ड CTO के अभाव में बंद है। बालू का JSMDCL का एकमात्र स्टॉकयार्ड होने से बालू की आपूर्ति लगातार नहीं हो पाता है तथा अभी स्टॉक में बालू जमा नहीं होने के कारण वर्षाऋतु में बालू की आपूर्ति नहीं हो सकेगी। बालू प्रभारी JSMDCL से वार्ता के क्रम में पता चला कि प्राइवेट स्टॉक यार्ड में भी JSMDCL के द्वारा बालू की आपूर्ति की जा सकती है।

अतः जो व्यक्ति बालू स्टॉक यार्ड नियामानुसार प्राप्त कर व्यवसाय करना चाहते हैं उन्हे जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। बालू स्कॉक यार्ड विक्रेता निबंधन हेतु निम्न वांछित कागजात की आवश्यकता होगी :-

1. आवेदक का आधार/पैन कार्ड/मतदाता पहचान-पत्र की स्वहस्ताक्षरित प्रति।
2. GST/ Income Tax Return की स्वहस्ताक्षरित प्रति।
3. E_mail Id/ मोबाईल नं0/फोटो।
4. जमीन मालिक/रैयत का सहमति पत्र।
5. संबंधित अंचल अधिकारी का प्रतिवेदन।
6. संबंधित वन प्रमण्डल का प्रतिवेदन।
7. प्रदूषण विभाग, झारखण्ड, रॉंची द्वारा निर्गत CTE,CTO की प्रति।
8. मो0- 25000रूपये का आवेदन शुल्क के साथ जेम्स पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन-पत्र।

**नोटः- आगामी 10 जून, 2023 से पूर्व बालू स्टॉक किया जाना है। समयाभाव के कारण यथाशीघ्र आवेदन समर्पित करने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।**

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 297984 Mines and Geology (23-24)_D


# एकजुट होकर पूंजीपति के खिलाफ लड़ाई जीत सकते हैं

### रामअवतार कंपनी रैयतों के साथ करती है भेदभावः जयराम महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोयाबाद।** लोयाबाद एकड़ा मदनाडीह सेन्द्रा कनकनी बांसजोडा के रैयतो की एक बैठक रविवार के मदनाडीह शिव मंदिर के प्रागंण मे रखी गई। बैठक में रैयतो के द्वारा टाईगर जयराम महतो के समक्ष बीसीसील प्रबंधन एवं रामअवतार प्राइवेट कम्पनी के द्वारा रैयतो के साथ हो रहे भेदभाव एवं अन्याय के खिलाफ अपने दस सुत्री मांगे रखी। पुरे देश मे कोल इंडिया के आठ युनिट देश मे काम कर रही है, लेकिन बीसीसील के द्वारा सबसे ज्यादा तानाशाही रवैया रैयतो के प्रति अपनाया जाता है। राज्य निर्माण देश के संशाधन मे हमारे पूर्वजो का योगदान है ,लेकिन सबसे ज्यादा अन्याय हमारे रैयतो के साथ ही हो रहा है। कम्पनी यहां के गुंडे मवाली नेता को मुआवजा देगा, लेकिन रैयतो को नही देगा। इसका सबसे बड़ा कारण हमलोग की एकता न होना अगर हमलोग आज भी एकजूट नही होगें तो आने बाले समय कुछ हासिल नही होगा। आज के दौर मे धारा 353 का सरकार जिस तरह से गलत उपयोग कर रही है वो ठिक नही है। सभी ग्रामीण रैयतो को अपने हक के लिए एकजूट हो धारा 353 से डरे नही ईस्ट इंडिया कम्पनी भी भारत मे राज किया था, लेकिन आन्दोलन की वजह से देश छोडना पड़ा । सरकार आपको धारा 353 से डराएगी। लेकिन डरना नही है। बीसीसील और आउटसोर्सिग के खिलाफ अपने हक के लडाई के लिए एकजूट होने की जरूरत है, तभी आपको अपना हक मिलेगा। झारखण्ड आन्दोलन मे कुबार्नी शक्तिनाथ महतो,नेपाल रवानी, रसिक हांसदा ने दी और करोडपाति वे लोग हुए जिसके एक बुंद पसीना भी झारखंड की जमीन पर नही गिरा।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर सुरेश महतो, कृष्णा निषाद, दिलिप रवानी, मन्टू महतो, अजय महतो, अजीत महतो, लखन रवानी, इन्द्रदेव महतो, देवू रवानी, बलराम रवानी, कमल महतो, कुन्दन महतो, भागेश्वर महतो, वैजनाथ महतो, प्रदीप महतो, गंगा महतो एवं अन्य ग्रामीण रैय्यत मौजूद थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0- : 13/2023-24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :- | भवन निर्माण विभाग |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :- | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लातेहार |
| 3. | परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय | :- | 01.06.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :- | 02.06.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | 02.06.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :- | 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | :- | 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। |
| | कार्य का नाम एवं अन्य सूचना | :- | |

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास (50 बेड) नवीनीकरण का कार्य। | 2399963 /- | 48000 /- | 5000/- | 03 (Three) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत डेमू के ग्राम-डेमू टोला सेमरी में ऑनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1440500/ - | 30000/ - | 2500/ - | 03 (Three) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत शीषी के ग्राम-बारियातु जागीर में ऑनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1440500/ - | 30000/ - | 2500/ - | 03 (Three) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, लातेहार

PR 297953 Building (23-24)_D

# हताशा-निराशा से जीत

हमें याद करना चाहिए कि देश-दुनिया में कई ऐसे छात्र हुए जो परंपरागत शिक्षा माध्यम में कुछ खास नहीं कर पाये,लेकिन जीवन में उन्होंने शिखर की सफलता हासिल की। हमारे सत्ताधीशों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए कि एनबीसी के आंकड़ों में आत्महत्या करने वालों में छात्रों का प्रतिशत निरंतर बढ़ा है। केवल स्कूल-कॉलेजों के छात्र ही नहीं- आईआईटी, एनआईटी और आईआईएम के छात्रों में भी आत्महत्या करने वालों का प्रतिशत बढ़ा है। हम मंथन करें कि किसी नाकामी को छात्र जीवन का अंत क्यों समझने लगते हैं। यह भी कि क्यों अंकों के प्रतिशत को जीवन का लक्ष्य मान लिया जाता है। जबकि वो तो एक माध्यम मात्र है। हमें उन बच्चों पर ध्यान देने की सख्त जरूरत होती है जो हताशा-निराशा से गुजर रहे होते हैं। देश के नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि पिछले दिनों दिल्ली में सीबीएसई के नतीजे आने के बाद चार छात्रों ने आत्महत्या कर ली। ऐसी ही खबरें देश के शेष भागों से भी आती हैं। हम छात्रों को समझाने में विफल रहते हैं कि जीवन की कामयाबी सिर्फ प्रतिशत के खेल में निहित नहीं है। यह समस्या कमजोर सामाजिक पृष्ठभूमि वाले बच्चों को ज्यादा झेलनी पड़ती है। जबकि अंतिम रूप से ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता कि किसी को अपना जीवन खत्म करना पड़े। हम व्यवस्थागत दोषों को दूर करने के अलावा उन सामाजिक धारणाओं का भी उन्मूलन करें जो बच्चों में हीन ग्रंथि विकसित करती है। हमें बच्चों को बताना चाहिए कि कोई असफलता ही कालांतर सफलता का नया मार्ग प्रशस्त करती है। जरूरत तो विद्यार्थियों को मानसिक संबल देने की ही है। जीवन में सफलता का अर्थ परीक्षा में अंक प्राप्त कर लेना ही नहीं है।

# बैंको के बढ़ते लाभ

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का मुनाफा बीते वित्त वर्ष (2022-23) में सामूहिक रूप से बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। इसमें लगभग आधी हिस्सेदारी देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रही। पीएसबी के वित्तीय परिणामों के विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले कुछ साल में बैंकों ने लंबा रास्ता तय किया है। पीएसबी ने 2017-18 में 85,390 करोड़ रुपये का कुल शुद्ध घाटा दर्ज करने के बाद 2022-23 में 1,04,649 का मुनाफा कमाया है। इन 12 सरकारी बैंकों का मुनाफा 2021-22 के 66,539.98 करोड़ रुपये की तुलना में 57 प्रतिशत बढ़ा है। प्रतिशत में देखें तो पुणे के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का मुनाफा सबसे अधिक 126 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,602 करोड़ रुपये रहा है। इसके बाद यूको ने 100 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,862 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ बड़ौदा ने 94 प्रतिशत के साथ 14,110 करोड़ रुपये मुनाफा कमाया है। कुल मिलाकर एसबीआई का सालाना लाभ 59 प्रतिशत वृद्धि के साथ बीते वित्त वर्ष में 50,232 करोड़ रुपये रहा है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को छोड़कर अन्य पीएसबी ने शुद्ध लाभ में प्रभावी वृद्धि दर्ज की। पीएनबी का शुद्ध लाभ 2021-22 के 3,457 करोड़ रुपये से 27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,507 करोड़ रुपये रहा है। आंकड़ों के अनुसार, 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा सालाना लाभ कमाने वाले सरकारी बैंकों में बैंक ऑफ बड़ौदा (14,110 करोड़ रुपये) और केनरा बैंक (10,604 करोड़ रुपये) भी शामिल हैं। निश्चित तौर पर यह बेहतर प्रबंधन और सख्त वित्तीय कानून से संभव हो सका है। यह केन्द्र की मोदी सरकार और आरबीआई का एक बेहतर तालमेल का परिणाम है।

# ज्ञान केवल सूचना नहीं होता




**भाषा** मानव जीवन की सर्वोत्तम उपलब्धि है। दुनिया के सभी समाजों के गठन में भाषा ही संवाद का माध्यम होती है। भाषा के प्रयोग का उद्देश्य संवाद होता है अपनी बात को समझाना होता है। भाषा वाक्यों से बनती है और वाक्य शब्दों से। शब्द भाषा के घटक होते हैं। प्रत्येक शब्द के भीतर उसका अर्थ छुपा होता है। पतंजलि ने महाभाष्य में बताया है, 'एक ही शब्द किसी वाक्य में विशेष स्थान में प्रयुक्त होकर भिन्न भिन्न अर्थ देता है। शब्द का सम्यक ज्ञान और सम्यक प्रयोग ही अपेक्षित परिणाम देता है। शब्द की शक्ति बड़ी होती है।' भारत लोकतंत्र के उद्भव का प्रथम स्थान है। यहां वैदिक काल में भी सभा और समितियां जैसी लोकतंत्री संस्थाएं थीं। सुंदर और सरल बोलना सभ्य होना था। सभ्य सभा के योग्य माने जाते थे।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्राचीनतम जनतंत्र है। हम भारत के लोगों ने संसदीय जनतंत्र अपनाया है। यहां संविधान सर्वोच्च सत्ता है। संवैधानिक जनतंत्र के संचालन के लिए राजव्यवस्था में तीन प्रमुख संस्थाएं हैं। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। विधायिका के समक्ष कार्यपालिका की जवाबदेही है। संविधान सभा की मसौदा समिति के सभापति डॉ. बीआर आम्बेडकर थे। मसौदा समिति की सिफारिशों पर संविधान सभा में लम्बी बहस हुई थी। डॉ. आम्बेडकर ने सभा में मसौदा प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कार्यपालिका को विधायिका के प्रति जवाबदेह बनाया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि, 'यहां सरकार को विधायिका के समक्ष जवाबदेह बनाया गया है। सरकार की स्थिरता के बजाय जवाबदेही को महत्व दिया गया है।'

विधि निर्माण में बहस होती है। वाद-विवाद होते हैं। इसके लिए सबको समझ में आने वाली भाषा का महत्व है। व्यवहारिक रूप में किसी भी विषय पर विधि निर्माण का प्रस्ताव कार्यपालिका करती है। निजी विधेयक भी रखे जाते हैं। वैसे विधि निर्माण का मसौदा कार्यपालिका द्वारा सदन में रखा जाता है। मसौदे की सरल भाषा से प्रस्तावित कानून की उपयोगिता और कमजोरी का ज्ञान सदन के सदस्यों के लिए सुविधाजनक होता है। कठिन भाषा विधि निर्माण के समय जटिल प्रश्न बनती है। सरल भाषा के अभाव में निर्मित विधि भी क्लिष्ट हो जाती है।

यह प्रसन्नता का विषय है कि संसद व राज्य विधानसभाओं कार्यपालक मंत्रालयों, वैधानिक निकायों से सम्बंधित केंद्र और राज्यों के अधिकारियों के लिए विधायी मसौदा सम्बंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हाल ही में आयोजन हुआ है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि विधायी मसौदा लोकतांत्रिक देश के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए इसकी क्षमता और कार्यविधि में समयानुसार बदलाव और पुनर्विचार होते रहना चाहिए। तत्सम्बंधी क्षमता में लगातार बढ़ोतरी की आवश्यकता होती है। गतिशील राष्ट्र में जड़ता नहीं होती। देशकाल परिस्थिति के अनुसार नए कानूनों की आवश्यकता अनुभव की जाती है। इसी तरह काल वाह्य हो चुके कानूनों को निरस्त करने की आवश्यकता भी पड़ती है।



-हृदयनारायण दीक्षित

> केमिकल फर्टिलाइजरों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण भूमि की प्रभावित होती उर्वरा शक्ति को हम अब समझ पा रहे हैं और एक बार वापस वैदिक खेती, या जैविक खेती या परंपरागत खेती की बात करने लगते हैं। यह तो एक इशारा मात्र है। आज जंगलों को वापस आबाद करने पर जोर दिया जाने लगा है। अंधाधुंध शहरीकरण के चलते हमनें हमारी संस्कृति, परंपरा, जलवायु और पर्यावरण सभी को प्रभावित किया है।

मसौदा निर्माण का काम महत्वपूर्ण है। शाह ने कहा है कि सरकार का सबसे शक्तिशाली अंग विधायिका है। यह कानून बनाने की संस्था है। मसौदा निर्माण की दक्षता संसदीय कार्यवाही के श्रेष्ठ संचालन की महत्वपूर्ण विधा है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विधि निर्माण, संशोधन और निरसन के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ है। सरकार ने हजारों कालवाह्य कानूनों को निरस्त किया है। इस तरह समाज व शासन को कालवाह्य कानूनों के जाल से मुक्त किया गया है। भारत के लोगों की इच्छा को कानून में व्यक्त करना महत्वपूर्ण काम है। इस लोक इच्छा में संस्कृति का ध्यान रखना महत्वपूर्ण होता है। भारत सांस्कृतिक राष्ट्र है। भारत की ऐतिहासिक परंपरा और संस्कृति का ध्यान रखना मसौदा बनाने वालों के लिए मार्गदर्शी तत्व है।

संविधान सबका संरक्षक है। सारा विधि निर्माण और सरकारी काम काज संवैधानिक होता है। शाह ने कहा, 'शासन व्यवस्था के संचालन में देश के सामाजिक, आर्थिक विकास और अंतरराष्ट्रीय संधियों आदि का ध्यान रखना होता है।' शाह ने ठीक कहा है। राज्य के नीति निदेशक तत्वों (संविधान भाग 3) में महत्वपूर्ण मार्गदर्शी सिद्धांत, निस्संदेह किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं। फिर भी इनमें अभिकथित तत्व भारतीय शासन में मूल भूत हैं। विधि बनाने में इन तत्वों को लागू करना राज्य का कर्तव्य होगा। (अनु. 37) विधि निर्माण के कौशल में इसी दक्षता की अपरिहार्यता है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि, राष्ट्रों के बीच न्यायसंगत और सम्मानपूर्ण सम्बंधों को बनाए रखने, अंतर्राष्ट्रीय संधि और संधि बाध्यताओं के प्रति आदर बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय विवादों को मध्यस्थ द्वारा निपटारे के लिए प्रोत्साहन देने के तत्व भी महत्वपूर्ण है (अनु. 51) मूल कर्तव्य (अनु. 51 क) अतिरिक्त महत्वपूर्ण है। ऐसे सभी विषयों पर विधि का मसौदा बनाने वाले अधिकारियों को सभी जानकारियों से लैस होना चाहिए। यहां अर्जित जानकारी पर्याप्त नहीं है। अपनी जानकारी का सम्यक प्रयोग भी जरूरी है। पहले समझना और फिर समझे हुए को समझाना आसान नहीं है।

दुर्भाग्य से देश में कानूनों की भाषा जटिल है। कानूनी दांव पेंच में वादकारियों और न्यायालयों का मूल्यवान समय लगता है। दोनों पक्षों के अधिवक्ता न्यायालयों में बहस करते हैं। वादी प्रतिवादी प्रायः नहीं जान पाते कि बहस के मूल तत्व क्या हैं? विधि निर्माण और विधि की भाषा सरल सुगम और सुबोध होनी चाहिए। भारतीय भाषाएं समृद्ध हैं। हमारी भाषाओं का शब्द भंडार बड़ा है। लेकिन जटिल शब्दों और वाक्यों के अनुवाद से ही सरलता नहीं आती। सामान्यतया अनुवाद पर्याप्त नहीं होता। अनुवाद की जगह पूरे मसौदे का भाव समझाना जरूरी होता है। हमारे संविधान निमार्ता सजग थे। उन्होंने संविधान में प्रयुक्त अनेक शब्दों विषयों की परिभाषाएं (अनु. 366) की है। कुछ उदाहरण मजेदार हैं। 'माल' सामान्य शब्द है। सहज समझ में आने वाला है। लेकिन संविधान (अनु. 366-12) में माल की

## खास बात

### विशिष्ट खलनायक अमरीशपुरी

**अजय शर्मा**

**अमरीश** पुरी को हिंदी सिनेमा का एक विशिष्ट खलनायक कहा जा सकता है। 22 जून, 1932 को पंजाब के गांव नौशहर जालंधर में जन्मे अम्बरीश उर्फ अमरीश ने बहुत देर से यानी 40 वर्ष की उम्र में फिल्मों में प्रवेश किया, हालांकि उनसे बड़े दो भाई मदन पुरी और चमन पुरी पहले से ही फिल्मों में काम कर रहे थे और अपनी पहचान बना चुके थे। उनको इसमें सहायता उनके चचेरे भाई कुंदन लाल सहगल जो कि प्रख्यात गायक और अभिनेता थे ने की थी।

अमरीश पुरी का बचपन शिमला, दिल्ली और नौशहर में बीता। 1942 में वह शिमला में डीएवी स्कूल में पढ़ रहे थे। कंजी आंखों और गोल मटोल होने के कारण बच्चे उन्हें मोटा बिल्ला कहकर चिढ़ाते थे। इंटर की पढ़ाई उन्होंने होशियारपुर से पूरी की और बीए शिमला से 1952 में पूरा किया। कॉलेज में वे बांसुरी बजाते नाटकों और खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते। 1953 के अंत में वह नौकरी की तलाश में अपने भाई मदन पुरी के पास बॉम्बे (अब मुंबई) पहुंचे। मदन पुरी ने उनका पोर्टफोलियो तैयार कराया जिसे लेकर वे अनेक निमार्ता-निर्देशकों से मिले लेकिन उनके कठोर चेहरे और उम्र से बड़े लगने के कारण किसी ने भी उन्हें हीरो बनाने लायक नहीं समझा। निराश अमरीश पुरी ने ईएसआईसी में क्लर्क की नौकरी कर ली और आकाशवाणी में ए श्रेणी के कलाकार के रूप में अपनी सेवाएं देने लगे।

ईएसआईसी में उन्हें अपनी सहकर्मी उर्मिला से प्यार हुआ जो 5 साल तक चला। जनवरी 1959 में परिवार के विरोध और बाद में सहमति पर उन्होंने उनसे विवाह कर लिया। फिल्में उनके जीवन से दूर जा चुकी थीं। लेकिन कुछ कलात्मक करने की उनकी इच्छा अभी मरी नहीं थी। अक्टूबर 1961 में अपने दोस्त के कहने पर वे इब्राहम अलका जी से रंगमंच प्रशिक्षण के सिलसिले में मिले। उनकी अच्छी कद काठी और गहरी आवाज के चलते उन्हें तुरंत आर्थर मिलर के नाटक ए व्यू फ्रॉम द ब्रिज के मुख्य नायक एडी कार्बन की भूमिका दे दी गई। वहां से वो आगे बढ़ते चले गये।

**उत्तर** से दक्षिण तक अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियों ने एक-एक जाति को पकड़ रखा है, पर केवल एक जाति के दम पर सीटें जीतना बहुत मुश्किल काम है, तो एम फैक्टर यानि मुस्लिम चाहिए पर दूसरा एम फैक्टर है मनी, कुछ हजार की एम यानि मुफ़्त की रेवड़ी जनता को देनी है फिर करोड़ों का एम यानि मनी अंदर करने हैं।

**–सुधांशु द्विवेदी,भाजपा**

## आपके ट्वीट

**जुडको** द्वारा प्रस्तावित जोनल ब्यूटीफिकेशन एंड रीडेवलपमेंट ऑफ एक्जिस्टिंग स्ट्रीट एंड रिलेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर फ्रॉम अल्बर्ट एक्का चौक टू कचहरी चौक एंड सराउंडिंग एरियाज इन रांची के मास्टर प्लान की जानकारी ली। **– हेमंत सोरेन, सीएम**





आज हम अनेक देशों को रक्षा साजो सामान निर्यात कर रहे हैं, पिछले कुछ वर्षों में हमारा निर्यात कई गुना बढ़ा है। बाहर के देश हमारे रक्षा उपकरणों में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। हमें इस गति को और तेज करने की आवश्यकता है। **– राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# मृग मरीचिका

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** बोली मुझे सुनहले चमड़ों वाला मृग ला दें तो मैं आपके बैठने के लिए मृगचर्म बनाऊं। राम ने कहा मैं अभी जाता हूं। लक्ष्मण बैठे देख रहे थे। उन्होंने सोचा मृग को मारने के लिये भगवान खुद चल दिये। मुझे आदेश देते तो मैं मारकर ला देगा। क्या बात है ये खुद चल दिये। वे कुछ समझ पाते इसके पहले राम मृग के पीछे दौड़ रहे थे। आश्चर्य की बात यह कि राम के बार-बार बाण मारने के बाद बाण उसे लग नहीं रहा था। ज्योंही मृग कुछ दूर गया राम ने बाण मार दिया और मृग रूपी मारीच मरने के पहले हाय लक्ष्मण कहा।


रामजी समझ गये निश्चिय ही यह छल करने वाला कोई राक्षस है। यहां सीता तैयार बैठी थी। उसने कहा लक्ष्मण तुम्हारे भाई पर कोई संकट आया है। तुम जल्दी जाओ। लक्ष्मण ने कहा कोई संकट नहीं है। सीता बोली तुमने आवाज नहीं सुनी? वे तुम्हें पुकार रहे हैं। लक्ष्मण ने कहा- यह आवाज उनकी नहीं है। मैं बचपन से उनकी आवाज सुना हूं, जानता हूं, यह किसी बनावटी राक्षस की आवाज है।

यहां सीता तो नाटक के लिये पहले से ही तैयार थी। लक्ष्मण तुम्हारे अंदर कलुष भावना है। तुम सेवा का नाटक किये हो।

तुम मेरे साथ आये हो राम का सेवक बनकर लेकिन तेरे अंदर तो यही भावना है कि राम मर जाएं और तुम्हारी शादी सीता से हो। तेरे अंदर ये भावना है। सुनकर लक्ष्मण कांप गये। मैं क्या कह सकता हूं। फिर भी आप कह रही हैं तो मैं जा रहा हूं लेकिन आप मेरी एक बात मान लिजिएगा। मैं एक रेखा खींच देता हूं। जीवन में भी इस प्रकार के भाव को मृग मरीचिका कहा जाता है लेकिन यह सत्य नहीं है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

# तंबाकू हर वर्ष लाखों लोगों की जान लेता है



**सत्यनारायण गुप्ता**

पिछले दिनों जब सर्वकालिक महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अपने टी शर्ट पर महेंद्र सिंह धोनी का आटोग्राफ लिया तो यह बात क्रिकेट प्रेमियों के दिल को छू गया। लेकिन अगले ही पल जब उन्हें टीवी पर पान मसाले का विज्ञापन करते देखा गया तब उनके प्रशंसकों पर क्या गुजरी होगी यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। खेल जगत और फिल्म जगत के तमाम दिग्गज इन दिनों धड़ल्ले से पान मसाले और आनलाइन गेम्स का विज्ञापन कर रहे हैं। क्या उन्हें पैसे की तंगी है या यह उनके मानसिक दिवालियापन को दिखलाता है। सर्वविदित है कि गुटखा और पान मसाले में तंबाकू होता है और जिनमें तंबाकू नहीं भी होता, वह भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। दरअसल बिना तंबाकू वाले पान मसाले के विज्ञापन तंबाकू वाले पान मसालों को ही अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा दते हैं।

प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है । विश्व तंबाकू निषेध दिवस की घोषणा विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य राष्ट्रों द्वारा वर्ष 1987 में की गई ताकि तंबाकू महामारी से होने वाली मृत्यु तथा बीमारियों पर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया जा सके। वर्ष 1988 में संकल्प डब्ल्यू एच ए 42 .19 पारित कर प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का आह्वान किया गया था। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2022 की थीम थी

## स्वास्थ्य

तंबाकूः हमारे पर्यावरण के लिए खतरा । डब्ल्यूएचओ के अनुसार तंबाकू उत्पादन , व्यापार और सेवन के कारण पर्यावरण पर कुप्रभाव व्यापक रूप से बढ़ रहा है।

इस वर्ष 2023 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम ₹ हमें भोजन की आवश्यकता है तंबाकू की नहीं₹ है। जिसका उद्देश्य तंबाकू उत्पाद का विपणण विकल्पों और उत्पादन विकल्पों के बारे में जागरूकता प्रदान करके टिकाऊ और पौष्टिक फसलों को अपनाना है

डब्ल्यूएचओ प्रत्येक वर्ष तंबाकू के उपयोग को रोकने के लिए सरकारी संगठनों और व्यक्तियों द्वारा किए गए प्रयासों और योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करता है ।2022 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पुरस्कार 2022 के लिए झारखंड का चयन किया गया था ।

तंबाकू की लत दुनिया में रोके जा सकने वाले विकलांगता और मौत का सबसे बड़ा कारण है। तंबाकू के सेवन से हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। भारत में प्रत्येक वर्ष 45 मिलियन लोगों की मौत तंबाकू की वजह से होती है और यह तंबाकू का सबसे बड़ा उत्पादक देश है । विश्व स्तर पर प्रत्येक वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू सेवन की वजह से होती है ।

धूम्रपान कैंसर,दिल का दौरा, ब्रेन स्ट्रोक, क्रानिक आब्सट्रक्टिव पाल्मोनरी डिजीज और पेरिफेरल वैस्कुलर डिजीज से मौत का कारण बनता है। तंबाकू सेवन और धूम्रपान में पुरुष महिलाओं की तुलना में हमेशा आगे रहे हैं लेकिन पिछले कुछ वर्षों से महिलाओं में यह लत अधिक तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2025 तक महिला धूम्रपान की व्यापकता 20% तक बढ़ने की संभावना है। जिसका परिणाम महिला विशिष्ट कैंसर जैसे- गर्भावस्था ग्रीवा कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। तंबाकू का पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव भी व्यापक है। तंबाकू उत्पादों से 1 वर्ष में 84 टन से अधिक ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन होता है । सिगरेट के उपयोग पाउच और सिगरेट के माइक्रो प्लास्टिक द्वारा मृदा में विषाक्त पदार्थों के मिश्रण के कारण यह मृदा एवं जल को दूषित करता है । सिगरेट बनाने के लिए जल की बहुत अधिक मात्रा का उपयोग किया जाता है फलस्वरूप या अत्यधिक जल का दोहन करता है।

## लेटर टू एडिटर

### दूर रखा जाये

**हर** खेल में, चाहे क्रिकेट, फुटबाल या हॉकी हो या फिर ओलंपिक का कोई खेल हो सभी में, राजनीतिक हस्तक्षेप इतना अधिक हो गया है कि योग्य खिलाड़ियों को मौका नहीं मिल पाता है। इस राजनीतिक वर्चस्व से मुक्ति के लिए इन खेलों में सिर्फ भूतपूर्व खिलाड़ियों को ही बागडोर देनी होगी। किसी भी खेल संघ में कोई भी राजनेता किसी भी पद पर आसीन न हो।

**– रविकांत सिंह, रांची**

### आरक्षण की जद्दोजहद

**जबकि** सर्वोच्च न्यायालय ने इसे निरस्त कर दिया। अक्सर राजनीतिक पार्टियां अपने लाभ और वोट बैंक की राजनीति के लिए आम जनता को आरक्षण के अंगूर दिखा कर वोट ले लेती हैं। उसके बाद आरक्षण की जद्दोजहद में आंदोलन और हिंसा शुरू हो जाती है। सरकार को जाति और मजहब से ऊपर उठकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आरक्षण देना चाहिए।

**–प्रेम प्रकाश, रांची**

# विकास न बने विनाश का कारण

**राजेन्द्र शर्मा**

**भले** ही जलवायु परिवर्तन को लेकर दुनिया के देश लाख चिंता जता रहे हों। शिखर सम्मेलनों में नित नए प्रस्ताव पारित किए जा रहे हों। पर वास्तविकता तो यही है कि दुनिया के देश पिछले आठ साल से लगातार सबसे ज्यादा गर्मी से जूझते आ रहे हैं। पिछले सालों में ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार जिस तरह से बढ़ रही है। जिस तरह से जंगलों में दावानल हो रहा है। जिस तरह से समुद्री तूफान, चक्रवात या सुनामियां आए दिन अपना असर दिखा रही हैं। वास्तव में यह अत्यधिक चिंता का विषय बनता जा रहा है।

इस क्षेत्र में काम कर रहे विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि ग्लेशियर किनारे बसे शहरों के अस्तित्व का संकट भी मुंह बाये खड़ा दिखाई देने लगा है। हालांकि समय पर सूचनाओं और डिजास्टर मैनेजमेंट व्यवस्था में सुधार का यह तो असर साफ दिखने लगा है कि प्राकृतिक आपदाओं के चलते जनहानि तो न्यूनतम हो रही है पर जिस तरह से धन-हानि हो रही है और आधारभूत संरचना को नुकसान पहुंच रहा है वह भी अपने आप में गंभीर है।

दरअसल प्रकृति प्रदत्त उपहारों का जिस तरह से अंधाधुंध दोहन किया गया है और जिस तरह से नित नई सुविधाओं के साइड इफेक्ट जब तक हमारे सामने आते हैं तब तक हम बहुत कुछ खो चुके होते हैं। अब ग्लेशियरों के किनारों तक पहुंच और फिर पिकनिक स्पॉट की

## साहित्य

तरह उनका उपयोग होने से केवल प्लास्टिक ही नहीं अन्य कारणों से बुरा असर पड़ा है। आज वैज्ञानिक मानने लगे हैं कि जिस तरह से जीवन को आसान बनाया गया है वे सभी कारण कार्बन उत्सर्जन या यों कहें कि प्रकृति को विकृत करने में सहायक रहे हैं। आज यह सामने आ रहा है कि संवाद के सामान्य साधन ई- मेल से ही कार्बन उत्सर्जन होने लगा है। फिर आसानी से कल्पना की जा सकती है कि हमारे एसी, हमारे रेफ्रिजरेटर, ओटीजी, ओवन, दैनिक उपभोग के इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद कितना अधिक प्रभावित कर रहे हैं।

केमिकल फर्टिलाइजरों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण भूमि की प्रभावित होती उर्वरा शक्ति को हम अब समझ पा रहे हैं और एक बार वापस वैदिक खेती, या जैविक खेती या परंपरागत खेती की बात करने लगते हैं। यह तो एक इशारा मात्र है। आज जंगलों को वापस आबाद करने पर जोर दिया जाने लगा है। अंधाधुंध शहरीकरण के चलते हमनें हमारी संस्कृति, परंपरा, जलवायु और पर्यावरण सभी को प्रभावित किया है। प्राकृतिक तरीके से गांवों में बने आवासों का स्थान शहरीकरण के चलते गगनचुंबी कंक्रीट के संजालों ने ले लिया है।

यह केवल और केवल समय, स्थान व धन बचाने के चक्कर में परंपरागत भवन निर्माण तकनीक को नजरअंदाज करने का परिणाम है। औद्योगिकीकरण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के जो कार्य किए जाने थे या यूं कहें कि जो सावधानी बरतनी थी उस ओर हमारा समय रहते ध्यान गया ही नहीं। गगनचुंबी इमारतों के रहवासियों के लिए प्राकृतिक धूप और प्रकाश दूर की बात होता जा रहा है। बच्चों का मिट्टी में खेलना तो दूर की बात हो गई है। देखा जाए तो हम जिस तरफ नजर घुमाते हैं उसी तरफ अब विकृतियां सामने आने लगी है।

दरअसल बाजार संस्कृति के कारण भी हमने बहुत कुछ खोया है। आज जापान अपने यहां ओवन व ओटीजी के उपयोग पर रोक लगा रहा है। टीवी और अखबारों में दिखाई देने वाले आरओ के विज्ञापन अब कम ही दिखाई देते हैं।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### बिजली विभाग के सहायक अभियंता से मिले पूर्व विधायक, बिजली कटौती पर जताई नाराजगी

# जनता के साथ धोखाधड़ी बर्दाश्त नही : मनोज यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सहायक अभियंता से मिलते पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

**बरही।** इन दिनों बिजली विभाग की आंखमिचौनी क्षेत्र के लिए सुर्खियों का विषय रहा है ।आमजन बिजली विभाग की नाकामियों को झेलने के लिए मजबूर है ।24 घंटो में मात्र तीन या चार घंटे लोगों को बिजली का लाभ मिल पा रहा है ।परंतु बिजली शुल्क लेने में कोई कोताही विभाग से नही है ।जिसे देखते हुए विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती बिजली की समस्यओं को लेकर भाजपा नेताओं व कार्यकताओं संग बिजली विभाग के सहायक अभियंता से मिलने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पहुंचे। पूर्व विधायक श्री यादव ने बिजली विभाग के लचर व्यवस्था व बिजली कटौती पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लचर व्यवस्था से आमजनों के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। कहा कि आये दिन औसतन चार से पांच घंटा बिजली मिल रहा है। गर्मी का मौसम है, तापमान बढ़ा हुआ है और बिजली की आँख मिचौनी से जनता त्रस्त है। कहा कि जले हुए ट्रांसफॉर्मर को जल्द बदला जाए। कहा कि राजनीतिक दबाव में बिजली अधिकारी ट्रांसफार्मर बदलने में भेदभाव नही करे। पूर्व विधायक ने तंज कसते हुए कहा कि पैसा लेते है जोड़ जोड़कर और बिजली देते है छोड़ छोड़कर। पूर्व विधायक ने विभाग को सलाह दिया कि बकाया बिल के भुगतान को लेकर नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलायें। वैसे कंज्यूमर जो बिजली बिल देने में असमर्थ है उनका बिल माफी का प्रवधान किया जाए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि बिजली कटौती सहित अन्य समस्याओं का समाधान नही हुआ तो आने वाले दिनों में आंदोलन को मजबूर होंगे। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, बजरंग दल संयोजक प्रशांत सिंह, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, उप मुखिया मनोज उपाध्याय, महामंत्री किशोरी सिंह, समाजसेवी अशोक यादव, उपमुखिया बालेश्वर यादव, युगल यादव, सचिन यादव, सोनू यादव, बिपिन सिन्हा सहित अन्य भाजपाई मौजूद थे।

## बीएसए बरही ने विएसजी तिलैया को 46 रनों से हराया



विजेता टीम को पारितोषिक वितरण करते बीएसए अधिकारी व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखण्ड मैदान में अर्जुन प्रसाद केसरी मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को बीएसए बरही व विएसजी तिलैया के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जहां टॉस जीतकर विएसजी तिलैया के कप्तान ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और बीएसए ने 25 ओवर में 7 विकेट खोकर 174 रनों का लक्ष्य दिया। वही जवाबी पारी खेलने उतरी विएसजी तिलैया की टीम ने 128 रनों पर ही सिमट गई। बीएसए बरही 46 रनों से मैच जीत लिया। इस मैच में 39 महत्वपूर्ण रन व 3 विकेट लेने वाले खिलाड़ी जय कुमार मैन ऑफ द मैच बने। निर्णायक की भूमिका रितिका कुमारी, रिंकी कुमारी ने अपना योगदान दिया। कमेंटेटर के रूप में सोमन कुमार ने महत्ती भूमिका निभाई। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार जावेद इस्लाम शामिल हुए। मैच को सफल बनाने व सहयोग करने वालों में बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, सचिव बलराम केशरी, बसंत ठाकुर, सौरभ केशरी सहित अन्य खिलाड़ीयों के अलावे कोबरा इंस्पेक्टर पंकज यादव, युवा मनितोष यादव, सचिन यादव, विकास यादव, राजू यादव, बिरेन्द्र यादव, नागेंद्र यादव, नीरज यादव, अंकित यादव शामिल थे।

### उपायुक्त ने की समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक दिये निर्देश

# केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें सीडीपीओ एवं एलएस : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उपायुक्त व अन्य

**हजारीबाग।** नैन्सी सहाय, की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में मुख्य रूप से श्रीमती इन्दू खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाएँ उपस्थित थी। इस मौके पर उपायुक्त महोदया ने कहा कि कन्यादान योजना मद में आवंटन प्राप्त है। योग्य लाभुकों का आवेदन सृजित कर स्वीकृति हेतु समाज कल्याण कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया। मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाड़ली योजना के अच्छादित 78074 लाभुकों में से 76657 लाभुकों के बीच एन.एस.सी. का वितरण किया गया है। शेष - 1417 लाभुकों का एन.एस.सी. वितरण लंबित रहने पर मुख्य रूप से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कटकमसांड़ी, चुरचू, डाडी, विष्णुगढ़, हजारीबाग ग्रामीण, पदमा, चैपारण, केरेडारी को कड़ी फटकार लगाते हुए यथाशीघ्र संबंधित लाभुकों के बीच एन.एस.सी. वितरण करने का निदेश दिया गया। जिला अन्तर्गत सेविका के 22 एवं सहायिका के 18 पद रिक्त रहने पर अविलंब सभी रिक्त पदों पर चयन करने का निदेश दिया गया।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया कि आँगनबाड़ी सेविका/सहायिकाओं के मानदेय मद में आवंटन अप्राप्त है। अतिरिक्त मानदेय का उपलब्ध कराया गया है, जिससे माह-अप्रैल॒23 तक सभी आँगनबाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं का भुगतान कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनान्तर्गत विभाग द्वारा सभी आँगनबाड़ी सेविकाओं/महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं बाल विकास परियाजना पदाधिकारियों का आई.डी. पासवर्ड उपलब्ध कराया गया है, जिसे सभी परियोजना को भेजते हुए सत्यापित कर उपलब्ध कराने का निदेश गया है। बाल विकास परियोजना, केरेडारी एवं चुरचू से उपलब्ध कराया गया है, शेष परियोजना को अविलंब सूची को सत्यापित कर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

सभी 1770 आँगनबाड़ी केन्द्रों में से 1718 केन्द्रों पर एल.पी.जी. गैस आपूर्ति की गई है। शेष 52 केन्द्रों पर आपूर्ति के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हजारीबाग ग्रामीण, कटकमसांड़ी एवं ईचाक को एलपीजी गैस एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर अविलंब गैस आपूर्ति कराने का निदेश गया।

सरकारी भवन में संचालित सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली कनेक्षन लगाने का विभागीय निदेश है। अब तक 94 आँगनबाड़ी केन्द्रों पर ही बिजली कनेक्शन की गई है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों द्वारा बताया कि बहुत से केन्द्रों पर पूर्व की गई बिजली वायरिंग खराब हो चुकी है, जिस पर उपायुक्त महोदया ने कहा कि वैसे केन्द्रों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध करायें, ताकि डीएमएफटी मद से वायरिंग कराया जा सके।

उपायुक्त महोदया ने कहा कि पूर्व में 103 केन्द्रों को मॉडल केन्द्र के रूप से विकसित किया गया है, जिसमें प्ले स्कूल से संबंधित सभी प्रकार की सामग्री आपूर्ति की गई।

पोषण ट्रैकर एप्प में वृद्धि निगरानी सप्ताह अन्तर्गत केन्द्र के सभी लाभुकों का माप कराकर आनलाईन प्रविष्टि की जानी है। उपायुक्त महोदय ने झारखण्ड में हजारीबाग की स्थिति खराब रहने पर कड़ी फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के अन्दर सभी योग्य लाभुकों का माप कर पोषण ट्रैकर पोर्टल पर प्रविष्टि कराने का निदेश दिया गया।

उपायुक्त महोदया ने बताया कि जून 2023 के प्रथम सप्ताह में एक दिव्यांग शिविर का आयोजन जयपुर की संस्था के द्वारा किया जायेगा, जिसमे दिव्यांग लाभुकों को क्रेपर, एवं कृत्रिम अंग, मुहैया कराया जाएगा। इसके तहत चिकित्सक की एक टीम के द्वारा दिव्यांगों की जाँच कर यंत्र/उपकरण वितरण किया जाना है। इस अवसर पर अभिषेक कुमार सिंह, अनुभा श्वेता होरो, सहायक-सह-डाटा इंट्री आपरेटर सतीश कुमार रजक, विजय कुमार दास सहित महिला पर्यवेक्षिकाएँ उपस्थित थी।

### सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत उद्घाटन

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विभिन्न विकास कार्यों, केंद्र के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को लेकर टाटा स्टील फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन रामगढ़ के बीच 6 दिसंबर 2022 को एमओयू किया गया था। इसी क्रम में कार्य पूर्ण होने के उपरांत सोमवार को मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के द्वारा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस दौरान विधायक एवं उपायुक्त ने केंद्र में किए गए विकास कार्यों एवं उपलब्ध कराए गए आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों का जायजा लिया। वहीं, माननीय विधायक एवं उपायुक्त के द्वारा सभी प्रखंड वासियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने की शुभकामनाएं दी गई।

## बीएड-डीएलएड प्रशिक्षुओं को दिलाई गई शपथ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में सोमवार को स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य पर जनजागरुकता अभियान शुरू हो गया। साप्ताहिक जन सामुदायिक कार्यक्रम के अंतर्गत यह अभियान 27 मई तक चलेगा। इस मौके पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव के नेतृत्व में बीएड-डीएलएड प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई गई। साथ ही कहा कि स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य का एक-दूसरे से अन्योन्याश्रय संबंध है। हम जिस परिवेश में रहते हैं, वहां भी लोगों को इस अभियान से जोड़ें। कार्यक्रम के तहत 23 मई को कॉलेज कैंपस की साफ-सफाई और पौधों की देखभाल के माध्यम से प्रशिक्षुओं में क्रियात्मक क्षमता का विकास किया जाएगा।

## मंडा में झलकती है झारखंड की सभ्यता और संस्कृति : अंबा प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मंडा मेला का उद्घाटन करती विधायक अंबा प्रसाद

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र के पाली गांव में मंडा पूजा का आयोजन हुआ। इस दौरान भगवान शिव-पार्वती का पाठ एवं विवाह को ले भगवान शिव की बारात निकाली गई। जो पूरे गांव का भ्रमण करते हुए माता पार्वती के घर पहुंची। जहां पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गोसाईं व पाहन द्वारा विशेष पूजा-अर्चना कराई गई। अस अवसर लोटन सेवा, मंडा पूजा, फुलखुंदी, बनस झुलाई आदि धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। मंडा के अवसर पर बनस झूला पर झूल व दहकते अंगारों पर चलकर शिव भक्तों ने अपने आस्था का परिचय दिया। रविवार को मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने मंडा मेला का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा कि मंडा पूजा झारखंड की सभ्यता व संस्कृति की पहचान है। यह हमें अपने पूर्वजों की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। उन्होंने कहा कि जिस गांव में मंडा पूजा का आयोजन होता है वहां के आसपास का पूरा वातावरण भक्तिमय एवं भगवान भोले शंकर की आशीर्वाद से परिपूर्ण होता है।

# कुरसे गांव में धूमधाम से संपन्न हुआ मंडा पूजा, हजारो ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

### 175 भोक्ता व 225 सोकताइनो ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चल आस्था का दिया परिचय पुरुलिया और पाली के छऊ नृत्य कलाकार रहे आकर्षण का केंद्र







दहकते अंगारों पर चलते शिवभक्त, मंडा पूजा में उमड़ी भीड़, छऊनृत्य के कलाकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कुरसे गांव में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सोमवार को मंडा पूजा श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ मंदिर परिसर में मनाया गया। इस दौरान रविवार रात्रि श्रद्धालुओं ने लोटन सेवा, फुलखुंदी, मच्छर गोथा, बनस पर झूला शिवभकतों ने अपने आस्था का परिचय दिया। वहीं पुरूलिया और पाली के छऊ नृत्य के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को खूब आकर्षित किया। इधर मंडा पूजा और मेला में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद, झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, आजसू केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, मुखिया विजय मुंडा आदि उपस्थित थे। वहीं पुरुलिया और पाली के छाऊ नृत्य कलाकारों ने देवी देवताओं से जुड़े नृत्य प्रस्तुत कर रातभर लोगों को मंत्र मुग्ध किया। रविवार की रात्रि 175 भोक्ता और 225 सोकताएनो ने नदी से स्नान ध्यान कर पवित्र जल भरकर मंडा स्थल पहुंचे।

जहाँ विधि-विधान से सत्यनरायण गोसाईं, सहदेव ठाकुर, हनुमान चटिया संतोष बेदिया, प्रदीप तुरी, विश्वनाथ मुंडा, छोटू भगत सहित अन्य लोगो ने पूजा अर्चना कराई। वहीं शिव भक्तों ने दहकते अंगारो पर नंगे पांव चलकर अपने अटूट आस्था का परिचय दिया। इसके बाद नुकीले कांटेदार कील को शरीर में चुभोकर भोक्ताओं ने बनस झूला झूल कर अपनी शिवभक्ति व आस्था का परिचय दिया। और गांव की सुख-समृद्धि की भगवान शिव व माता पार्वती से कामना की। पूजा को लेकर भव्य मेले का आयोजन हुआ। जहां झारखंड के विभिन्न जिला और आसपास के दर्जनों ग्रामीण क्षेत्र लोग मेला और छाऊनृत्य का भरपूर आनंद उठाएं। मंडा पूजा को सफल बनाने में पूजा कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष यादव, फुलेश्वर राम, गणेश बेदिया, सचिव जनार्दन मुंडा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, रविंद्र बेदिया संरक्षक मुखिया संदीप उरांव, पंसस कार्तिक मुंडा, उप मुखिया अजय तुरी, गिरधारी गोप, धनेश्वर यादव, जगन्नाथ मुंडा, गोपाल करमाली, प्रभु तुरी, धनेश्वर यादव, विकास यादव, समबीर सिंह, तुनेश प्रजापति, मुखलाल सिंह, रामदास बेदिया, पंकज सिंह, मोती बेदिया, अर्जुन बेदिया, मिहिलाल बेदिया, राणा प्रताप सिंह, राज कपूर सिंह, राजकुमार साहू, राजेंद्र तुरी, जयलाल सिंह, दिनेश सिंह, महेश सिंह, चंद्रन्नाथ तुरी, सुरेश प्रजापति, जयदेव सिंह, टिंकू प्रजापति, कैलाश तुरी आदि का विशेष योगदान रहा।

### एक नजर में

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की मनाई गई पुण्य तिथि

**विष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत कांग्रेस कार्यकर्ता बेड़ा हरियारा पंचायत के रमुआ स्थित शिवप्रसाद लहकार के आवास में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 32 वा पुण्यतिथि श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाएं ` मौके पर कार्यकर्ता ने कहा भारत में तकनीक क्षेत्र को बढ़ावा देने में स्वर्गीय राजीव गांधी का योगदान काफी महत्वपूर्ण था आज भी पूरा देश उनके इस योगदान को बढ़ावा देने में जुटा हुआ है। मौके पर अब्बास अंसारी, राम जन्म राय, सुरेंद्र मिश्रा ,जगदीश बर्मन, विशेश्वर स्वर्णकार, शिवप्रसाद लहकार, गणपति स्वर्णकार, युवा प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार इत्यादि कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे ।

## झारखंडी सांस्कृतिक की पहचान है मंडा पूजा- रोशन लाल चौधरी

**बड़कागांव।** भक्ति व आस्था का महापर्व शिव भक्तों द्वारा जलते अंगारों पर चलने के बाद 50 फीट ऊंचे लट्ठा में कील से बांधकर परिक्रमा करने के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ सोमवार को बड़कागांव प्रखंड की आंगों गांव में आयोजित मेला संपन्न हो गया ।वही रविवार देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आजसू नेता रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर मंच व मेले का शुभारंभ किया ।मौके पर रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड का पारंपरिक लोक पर्व मंडा पूजा हर साल धूमधाम से मनाया जाता है ।

## चरही महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष भामसं का धरना प्रदर्शन सौपा ज्ञापन

**चरही।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आवाहन पर सोमवार को महाप्रबंधक कार्यालय चरही के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया ।साथ ही सचिव श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के नाम महाप्रबंधक को डीजीएमएस के उदासीन रवैया और खदान में हो रही दुर्घटना में वृद्धि के खिलाफ ज्ञापन दिया गया ।धरना-प्रदर्शन के कार्यक्रम क्षेत्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश राणा की अध्यक्षता में किया गया।

## कांडतरी में रानी तालाब के सुंदरीकरण का हुआ शिलान्यास

**बड़कागांव।** प्रखंड के कांडतरी पंचायत में रानी तालाब के सुंदरीकरण का शिलान्यास मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता व जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी के हाथों नारियल फोड़कर किया गया। रानी तालाब के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण के लिए जिप सदस्य सुनीता देवी का मेहनत रंग लाया। जिप सदस्य सुनीता देवी ने जिला परिषद की बैठक में रानी तालाब के सुंदरीकरण की बात रखी थी जिसका परिणाम आज शिलान्यास के रूप में कांडतरी पंचायत को मिला। शिलान्यास स्थल पर उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया पारसनाथ महतो, उप मुखिया राजदेव महतो, वार्ड सदस्य रिंकी कुमारी,काजल कुमारी, चित्र दयाल महतो ,सुरेश महतो ,जय हिंद महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## गजराज महाराज का आतंक,लाख रूपए कि फसल और आम बागवानी किए बर्बाद

**दारू।** दारू प्रखंड में हांथीयों का कहर लगातार जारी है जिससे यहां के किसानों की फसलों को भारी क्षति पहुंच रही है। दारू प्रखंड के ईरगा पंचायत के ग्राम चिरुवा के पारबाद में रविवार रात्रि को फसल और चारदिवारी एवं आम बागवानी को हांथीयों ने फसलों को काफी बर्बाद कर क्षति पहुंचाया। हाथियों की संख्या अनुमानता तीन से चार है और वे सबसे पहले चिरुवा के पारबाद आम बागवानी को नुकसान करते हुए मकई के बारी में पहुंचे जहां लगभग एक एकड़ में लगे फसलों को नष्ट किए। मक्का, खीरा, लोकी आदि का फसल को हाथियों ने बर्बाद कर दिया। फसल नुकसान होने वाले किसानो में लोकन साव, जगदीश साव, गोविंद साव, जगालाल साव और अशोक प्रसाद के जमीन पर आम बागवानी को भी गजराज महाराज ने पूरी तरह फल और आम का पेड़ को भारी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों के द्वारा आवेदन देकर मुआवजे की मांग की जा रही है ।

## वन सीमा का सीमांकन के लिए बोर्ड गड्डी कार्यक्रम का आयोजन

**विष्णुगढ़।** प्रखंड खरकी बारा में ग्रामसभा कर वन अधिकार अधिनियम के तहत वन सीमा का सीमांकन के लिए बोर्ड गड्डी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खरकी,दूमुहान, दुबका, बलमक्का आदि के सैकड़ो महिला पुरुषों ने गाजा बाजा के साथ सीमा में भ्रमण कर सीमाकंन किया गया। भ्रमण के दौरान पड़ोसी गांव के लोगों को पर्यावरण संरक्षण व जंगल की कटाई पर प्रतिबंध लगाने की बात कही. वही लोगों ने जल जंगल जमीन जनता के अधीन के नारों को बुलंद किया गया।

## दारू प्रेस क्लब का चुनाव कराने हेतु संचालन समिति का गठन

**दारू।** दारू प्रेस क्लब सदस्यों की एक अहम बैठक रविवार को बी डी जे जे इंटर कालेज के प्रांगण में किया गया ।बैठक में मुख्यरूप से आगामी प्रेस क्लब की चुनाव की मुद्दा पर विचार करते हुए चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया जिसमें जयनारायण कुमार, बजरंग सहाय, भैया अखिलेश, महेश साव, धीरज पूरी को संचालन समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया ।चयन समिति ने चुनाव को सफल करने के लिए चुनाव की तिथि की घोषणा करते हुए निम्न नियमावली को सभी सदस्यों के बीच पेश किया ।चुनाव तिथि की घोषणा के साथ ही भावी प्रतियासी अपने अपने पक्ष में वोट करने के लिए पत्रकार साथियों से संपर्क करना शुरू कर दिए है ।दारू प्रेस क्लब के अध्यक्ष पद, सचिव पद एवं कोषाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए 24 मई 2023 दिन बुधवार को सुबह 9:00 बजे से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। चुनाव प्रक्रिया सर्व सहमति से कराई जाएगी यदि ऐसा नहीं होता है तो उसी दिन गुप्त मतदान के द्वारा चुनाव पूर्ण किया जाएगा। चुनाव में विजय प्रतिभागी का कार्यकाल 3 वर्ष के लिए होगा उसके बाद यह स्वतः रद्द हो जाएगा। 23 मई शाम 5:00 बजे सभी सदस्यों का वोटर लिस्ट जारी किए जाएंगे। यदि किसी कारणवश किसी सदस्य का वोटर लिस्ट में नाम छूटता है तो उसे तुरंत संचालन समिति को बताना होगा। दारू प्रेस क्लब के सदस्य ही चुनाव लड़ सकते हैं और एक सदस्य एक ही पद के लिए चुनाव लड़ सकते हैं। नामांकन पर्चा बिक्री 24 मई को सुबह 9:00 से 9:30 तक स्थान बी डी जे जे इंटर कॉलेज और पर्चा जमा करने की समय 10:00 बजे तक।

## हुटपा में आम लदा वाहन पलटा, आम लूटने की मची होड़

**दारू।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हुटपा में एनएच 522 पर सोमवार की सुबह साढ़े पांच बजे के करीब आम लदा एक टाटा बोलेरो मैजिक वाहन पलट गया। वाहन के पलटने से वाहन में रखा आम रास्ते मे बिखर गया जिसे लूटने के लिए बड़े पैमाने पर लोग दौड पड़े हालांकि इस दौरान कई लोग आम को सुरक्षित रखने का भी प्रयास किये। वाहन मालदा बंगाल से आम लेकर हजारीबाग जा रहा था तभी चालक को हुटपा चौक के पास झपकी आ गयी और वाहन पलट गया। इस दुर्घटना में चालक को कहीं चोट नही आई और वह पूरी तरह सुरक्षित है। इस घटना के बाद मुफ्फसिल थाना पुलिस पहुंची और क्रेन की सहायता से वाहन को सीधा कर ले गई जबकि आम को दूसरे वाहन से मंडी पहुंचा दिया गया।

## स्पीड न्यूज

### एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता आज

**लोहरदगा।** झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन प्रथम झारखंड सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 का आयोजन रामगढ़ के रजरप्पा में 27 और 28 मई को करेगा। जिसमें भाग लेने को लोहरदगा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन 23 मई को सुबह 6 बजे से ललित नारायण स्टेडियम लोहरदगा में चयन प्रतियोगिता करायेगा। जिसमें 14 और 16 आयु वर्ग के अंदर के बालक–बालिका तथा सीनियर वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। इसमें एथलेटिक्स एसोसिएशन के तकनीकी पदाधिकारी संतोष राम, विकाश महतो, विनय उरांव, नेहा टोप्पो, दीपक महतो छोटन उरांव विनोद महली, निलेश तमेड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### दिनेश गोप को रिमांड पर लेगी गुमला पुलिस

■ जिले के 3 थानों में 16 मामले हैं दर्ज, एसपी ने दी जानकारी

**गुमला।** पीएलएफआइ सुप्रीमो सह कुख्यात नक्सली दिनेश गोप को गुमला पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। गुमला पुलिस ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जिले के किन थानों में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है और किन कांडों को दिनेश गोप ने अंजाम दिया है, उसकी लिस्ट भी तैयार की जा रही है। बता दें कि झारखंड पुलिस ने नेपाल से दिनेश गोप को गिरफ्तार कर लाया है। गिरफ्तारी से गुमला पुलिस ने राहत की सांस ली है। दिनेश का मूल क्षेत्र गुमला जिला हुआ करता था। यहीं से उसने जेएलटी के बाद पीएलएफआइ संगठन बनाया। गुमला के पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारीब ने कहा कि गुमला जिले के कामडारा थाना में 13, बसिया में दो व गुमला थाना में एक मामले दिनेश गोप के खिलाफ दर्ज है। सभी में उसके रिमांड पर पूछताछ होगी।

### अवैध उत्खनन में तीन गिरफ्तार, जेल



**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के लुपुंगपाठ के बीजापाठ में अवैध उत्खनन के मामले में तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना परिसर के प्रेस वार्ता में कार्यपालक दंडाधिकारी सुशील खाखा ने बताया कि 13 मई को गुमला एसपी के आदेश पर एसडीओ गुमला सह चैनपुर के नेतृत्व में सीओ एवं चैनपुर पुलिस ने लुपुंगपाठ के बीजापाठ में अवैध उत्खनन को लेकर छापेमारी अभियान चलाया था। जिसमें पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के विजय सिंह पिता राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी। जिसके बाद लोहरदगा के पावरगंज में किराया घर में रह रहे प्रभात सिंह उर्फ पवन पिता स्व इंद्रदेव सिंह और लोहरदगा के किस्को मोड़ से विनोदानंद सिंह को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर छोटे बड़े बक्साईड पत्थर लदे पांच ट्रक एवं एक मोबाइल जब्त कर तीनों अभियुक्तों को गुमला जेल भेज दिया। छापेमारी दल में एसडीओ रवि जैन, जिला खनन पदाधिकारी गुमला, कार्यपालक दंडाधिकारी चैनपुर, सीओ चैनपुर, थाना प्रभारी चैनपुर सहित थाना के जवान मौजूद थे।

### बॉक्साइट ट्रक की चपेट में आने से दो की मौत



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के गम्हरिया के समीप सोमवार को बॉक्साइट ट्रक की चपेट में आने से दो बाइक सवारों की मौत हो गयी। घटना में पुसो के मदन उरांव की घटनास्थल पर जबकि जीतू साहू को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गयी। जानकारी मिलने पर पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच घायल जीतू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों बाइक से पुसो से हापामुनी गांव आये थे और पुनः गम्हरिया मुख्य पथ पर निकल रहे थे।

### असंगठित श्रमिकों के लिए लगा शिविर



**गुमला।** मिशन बदलाव के सैयदा खातून, ज्योति वर्मा व ज्योति गलोरिया कुजूर के नेतृत्व में हरिजन स्कूल अंबेडकर नगर गुमला के पास मजदूरों के हितों एवं लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से श्रम कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज ने कहा कि मिशन बादलव के द्वारा संगठित श्रेत्र के श्रमिकों को फायदे दिलाने के लिए जो प्रयास किया गया है वो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले साल अगस्त में ई–श्रम पोर्टल की शुरूआत की थी। सरकार का मकसद इस पोर्टल के जरिये देश में मौजूद असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की जानकारी जुटाना और उन तक सभी सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाना है। इसके लिए श्रमिकों को ई–श्रम कार्ड दिया जा रहा है। सैयदा खातून ने कहा कि पहली बार कैम्प में लगभग 110 मजदूरों का श्रम कार्ड बनवाया गया। मौके पर सिरिल कुजूर, राकेश कुमार, श्रमिक मित्र अंजना साहू थे।

### नगेसिया समाज को हरसंभव सुविधा दिलाने की होगी भरपूर कोशिश : सांसद



**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के खेतली ग्राम में दो दिवसीय नगेसिया समाज का परगना भीतर बरवे सह आदिम जाति सांस्कृतिक जतरा सम्मेलन संपन्न हुआ। जहां विभिन्न प्रखंडों के नगेसिया समाज के प्रतिनिधि भारी संख्या में शामिल हुए। समापन के मौके पर मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकार के स्तर से नगेसिया समाज को जो भी लाभ मिल सकता है दिलाने की हमारी ओर से भरसक प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह हमेशा से नगेसिया समाज के साथ रहे हैं। उन्हें बहुत ही करीब से देखा है। नगेसिया समाज की अपनी अलग पहचान है। उनकी रीति रिवाज व संस्कृति अन्य समाजों से थोड़ी भिन्न है। मौके पर अध्यक्ष महेश्वर बैगा, किसान महासचिव कुंवर राम किसान, सचिव चंद्रशेखर नगेसिया, कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु नगेसिया, रामानंद नगेसिया, फुलेश्वर बैगा आदि थे।

## पंचायत विकास के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू, पंचायती राज्य निदेशक निशा उरांव ने कहा

# सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपडेटिंग जरूरी

खबर मन्त्र संवाददाता





कार्यक्रम में मौजूद निर्देशक निशा उरांव और उपस्थित जनप्रतिनिधि।

**भंडरा।** पंचायती राज विभाग पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए नौ थीम पर काम कर रहा है। इस विषय पर योजनाओं के चयन पर काम करने के लिए भंडरा प्रखंड कार्यालय में सोमवार दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने बताया कि गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, पर्याप्त पानी वाला गांव, स्वच्छ एवं हरा-भरा गांव, गांव में आत्मनिर्भर अधोसंरचना, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन नौ थीम हैं। इस थीम पर योजनाओं का चयन किया जाएगा और जमीनी स्तर पर इस पर काम किया जायेगा। इसे देखते हुए इससे जुड़े लोगों को ट्रेनिंग दे रही है।

निशा उरांव ने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षु अपने पंचायत/गांव के विकास के लिए योजनाओं का चयन कर सकते हैं और गांव के लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें विकास में भागीदार बना सकते हैं। पंचायती राज निदेशक ने कहा कि पंचायत के हर वार्ड के आधार पर तैयार की जा रही वार्षिक योजनाओं को हर हाल में ग्राम सभा के माध्यम से पारित कराना अनिवार्य होगा।

प्रशिक्षण में प्रशिक्षक द्वारा मुखिया, पंचायत सहायकों एवं सचिवों को वार्षिक कार्ययोजना की तैयारी, ग्राम से अनुमोदन, पोर्टल पर योजनाओं की अपलोडिंग के बारे में विस्तार से बताया गया। उन योजनाओं को सरकार के ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इसकी निगरानी जिला स्तर पर रोज हो रही है। प्रखंड क्षेत्र की पंचायतों में वर्ष 2022-23 के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार की जा रही है।

### पोर्टल पर योजनाओं को अपलोड करने के निर्देश

इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, सहकारिता, पेयजल, मनरेगा, जीविका, आइसीडीएस सहित अन्य विभागों से जुड़ी योजनाओं की वार्षिक योजना में शामिल करने की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में बताया गया कि ग्राम सभा के माध्यम से वार्षिक योजनाओं को पारित कराने एवं ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर योजनाओं को अपलोड करने का निर्देश भी दिया गया। इस मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की और दिशा निर्देश दिये। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत कुमार सिन्हा, प्रमुख बरिया देवी, सीओ दिनेश गुप्ता, मुखिया इंदरदेव उरांव, सुमित उरांव, परमेश्वर महली एवं प्रशिक्षक एवं डीपीएम, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, जेएसएलपीएस, कृषि विभाग, कल्याण विभाग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन के प्रतिनिधि सहित सहायक अभियंता/ अवर अभियंता/ सभी मुखिया /पंचायत सचिव एवं संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

**अनुदान के रूप में खर्च करने वाली राशि हुई निर्धारित :** प्रशिक्षण में पहुंचे अपर जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि टाइड अनुदान के रूप में 40 फीसदी और टाइट अनुदान के रूप में 60 फीसद की राशि खर्च की जायेगी। ग्राम पंचायत द्वारा 15वें वित्त आयोग और छठे वित्त आयोग के तहत क्रियान्वयन होने वाली योजनाओं के बारे में बताया गया।

# जिले के फरार नक्सलियों को करें गिरफ्तार : एसपी

- गुमला, घाघरा और कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के लंबित नक्सल कांडों की एसपी ने की समीक्षा
- भाकपा माओवादी के फरार नक्सली रंथू उरांव, खुदी मुंडा व लजीम अंसारी सहित अन्य नक्सलियों को गिरफ्तार करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में विभिन्न थाना क्षेत्रों के लंबित नक्सल कांडों की समीक्षा करते गुमला एसपी ऐहतेशाम बकारिव।

**गुमला।** एसपी ऐहतेशाम बकारिव ने सोमवार को पुलिस अधिकारियों से बैठक कर लंबित सभी नक्सली कांडों की समीक्षा की। बैठक में सभी लंबित कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश दिया। कांड में जिन अभियुक्तों का सत्यापन अभी तक नहीं हो पाया है उनका एक सप्ताह के अंदर सत्यापन कर ठोस साक्ष्य संकलन कर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। वहीं फरार रहने वाले अभियुक्तों के खिलाफ वारंट एवं कुर्की जब्ती करने का निर्देश दिये। न्यायालय से वारंट तत्काल प्राप्त करने का भी अनुसंधानकर्ता को एसपी ने निर्देश दिया। जिले में कई कांडों के वांछित अभियुक्त भाकपा माओवादी संगठन के रंथू उरांव, लजीम अंसारी, खुदी मुंडा, राजेश उरांव, चंदन खेरवार व कुंदन खेरवार को गिरफ्तार करने एवं प्राण रहने पर कुर्की जब्ती का वारंट प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में गुमला, घागरा विक्रमगढ़ थाना क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी व अनुसंधानकर्ता शामिल थे।

## बिजली समस्या : आलोक साहू ने जीएम से की वार्ता

# भीषण गर्मी में लोड शेडिंग से परेशान हैं जिले के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा में प्रचंड गर्मी पड़ रहा है जिसके कारण जनता काफी परेशान हैं तो दूसरी ओर लोहरदगा में बिजली की समस्याओं का दंश भी जिले वासी झेल रहे हैं। 24 घंटा में मात्र 8 घंटे ही बिजली लोहरदगा की जनता को उपलब्ध हो रहा है।

लोड शेडिंग के कारण लोगों का इनवर्टर भी जवाब दे दिया है। जनता रतजगा करने को मजबूर है। एक और भीषण गर्मी और दूसरी और बिजली नहीं मिलना जनता त्राहिमाम कर रही है। श्री साहू ने कहा कि कुछ दिन पूर्व झारखंड सरकार ने गर्मी को देखते हुए 600 मेगावाट बिजली अतिरिक्त व्यवस्था करने का निर्देश बिजली विभाग के विभागीय अधिकारियों को दिया था बावजूद राज्य में बिजली की कमी हो रही है।

श्री साहू जिले के बिजली की समस्याओं को लेकर लोहरदगा बिजली विभाग के पदाधिकारियों से वार्ता की तो उन्होंने कहा कि 100% बिजली के स्थान में मात्र 36% बिजली रांची से उपलब्ध हो रहा है। मजबूरीवश लोड शेडिंग का कार्य कर जनता को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। श्री साहू ने बिजली विभाग के जीएम रांची से वार्ता कर उन्हें यहां की समस्याओं से अवगत कराते हुए लोहरदगा में ज्यादा से ज्यादा बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। जीएम ने श्री साहू को बताया कि बिजली की ज्यादा खपत होने के कारण बिजली की समस्याएं आयी है उन्होंने लोहरदगा में बिजली की कमी को दूर करने का आश्वासन दिया।

## मेयर के पिता के ब्रह्मभोज में पहुंचे केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महापौर सह भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा के पिता के ब्रह्मभोज में सोमवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित कई राज्यसभा सांसद पहुंचे थे। इस क्रम में डॉ आशा लकड़ा के पिता हरिचरन भगत के चित्र पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,भाजपा राष्ट्रीय संगठक बी सतीश, राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, समीर उरांव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मबीर सिंह सहित कई राज नेताओ ने पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं राजनेताओ ने कहा कि इस दुख की घड़ी में भाजपा परिवार साथ है। देर दोपहर तक कई राजनेता शामिल हुए। मौके पर पूर्व बिधायक शिव शंकर उराव, भिखारी भगत, तेम्बू उराव, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी,पूर्व भाजपा विधानसभा प्रत्याशी अशोक उराव,अमित ठाकुर मौजूद थे।

## जनप्रतिनिधियों ने पंचायती राज निदेशक को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरा।** जिले के सभी प्रखंड प्रमुखो ने सोमवार को भंडरा के दौरे पर आए झारखंड सरकार के पंचायती राज पदाधिकारी निशा उरांव को प्रमुखो के मुलभुत सुविधाओं को लेकर नौ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। वहीं निदेशक ने सभी प्रखंड प्रमुखो को सभी मांगों पर विचार कर शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। प्रखंड प्रमुखो ने दिए गए मांग पत्र में बताया कि सभी प्रमुखो को क्षेत्र भर्मण के लिए चार पहिया वाहन की मांग की साथ ही प्रमुखों ने बीडीओ द्वारा अनदेखी की शिकायत की, प्रखंड के कल्याणकारी योजनाओं मे अधिकारी द्वारा राशि लेने की शिकायत की, सभी प्रमुखो के मानदेय मे वृद्धि,पंचायत सचिवों के मनमानी पर रोक लगाने, प्रखंड स्तर मे 15वें वित्त की राशि को बढ़ाने, सभी प्रमुखो को पंचायती राज का प्रशिक्षण देने, पथ विभाग के द्वारा प्रमुखो को अनदेखी का आरोप लगते हुए निदेशक को सभी समस्याओं का जल्द समाधान की मांग की। निदेशक ने समाधान का आश्वासन दिया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला।** थाना क्षेत्र के बम्हनी निवासी प्रमोद मिंज (25) पिता सिलास मिंज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार के अहले सुबह की है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि देर रात तक वह अपने मंगेतर से फोन पर बात कर रहा था। संभवतः उसी दौरान दोनों के बीच कुछ कहासुनी हुई होगी। जिसके बाद किसी को बिना बताए घर के पीछे पेड़ में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।व सुबह जब ग्रामीणों ने शव को देखा तो इसकी सुचना नजदीक के थाने को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया और मामले की छानबीन में जुटी है। जहां शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### स्कूटी से गड्ढे में गिरा किशोर गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** डुमरी प्रखंड के भीखमपुर के तालाब के समीप हड़सरी तालाब के समीप स्कूटी से गिरकर आशुतोष मिंज (14) अनियंत्रित होते हुए गड्ढे में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों ने तत्काल नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां घायल किशोर का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। जानकारी देते हुए घायल किशोर ने बताया कि वह रांची का रहने वाला है और सेम गांव में मेहमान आया था। वह गांव से डुमरी की ओर घूमने के लिए स्कूटी से आ रहा था। तभी अचानक से हडसरी तालाब के पास स्कूटी अनियंत्रित हो गया और स्कूटी सहित सड़क के किनारे गड्ढे में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना में किशोर के पेट में अंदरूनी चोट लगी है और हाथ पैर में भी चोट लगी है।

### लोहरदगा की जनता करे पुकार, हमें भी बिजली दो सरकार : सामाजिक विचार मंच

**लोहरदगा।** जिले में विद्युत आपूर्ति की स्थिति बहुत ही दयनीय है। 24 घंटों में मुश्किल से 6 से 8 घंटे बिजली दी जा रही है। एक ओर इस चिलचिलाती गर्मी में लोगों का हाल बुरा है और दूसरी तरफ बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण बैटरी और इनवर्टर तक फेल हो गये। इसके अलावा छोटे-छोटे उद्योग धंधे और बड़े-बड़े उद्योग धंधे, गैरेज, मिस्त्री, इलेक्ट्रॉनिक दुकान के काम भी लगभग ठप्प पड1 गया हैं। वहीं पेयजल आपूर्ति पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। एक तरफ बिजली नहीं है दूसरे तरफ पानी नहीं, इन सब चीजों को देखते हुए सामाजिक विचार मंच ने कहा है कि लोहरदगा की जनता यहां के माननीय विधायक सह मंत्री से मांग कर रही है कि लोहरदगा की जनता की यही पुकार ,हमें भी बिजली दो सरकार और लोहरदगा जिले से होकर दूसरे जिलों को बिजली दी जा रही है यह भी गजब की बात हैं। बिजली व्यवस्था जल्द बेहतर हो इसकी ओर सार्थक प्रयास करने की मांग की है।

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की नाकेबंदी को अहीर यादव समाज का समर्थन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** अहीर यादव उत्थान समिति की बैठक सोमवार को समाज के जिलाध्यक्ष प्रोफेसर भूषण महतो की अध्यक्षता में तरी डीपाटोली में हुई। बैठक में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के द्वारा आहूत 25 मई को मशाल जुलूस वह 26 मई को आर्थिक नाकेबंदी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सदस्यों ने कहा कि जब झारखंड बिहार राज्य का हिस्सा था तो राज्य में है पिछड़ों को 27% आरक्षण मिलता था। लेकिन झारखंड बनने के बाद राज में पिछड़ों का आरक्षण 14% कर दिया गया और कई जिलों में रोस्टर प्रणाली के तहत आरक्षण समाप्त कर दिया गया। इस दौरान राज्य में सभी पार्टियों की सरकारें बंद है मगर पिछड़ों के हित में किसी भी पार्टी में सार्थक कदम नहीं उठाया और उनको उसी हाल में छोड़ दिया। इससे साफ हो गया कि झारखंड राज्य में पिछड़ों के साथ शुरू से ही अन्याय किया जा रहा है। विशेषकर 7 जिलों के लोग कांति में आरक्षण समाप्त कर देना उनके मौलिक अधिकार का पूर्णरूपेण हनन किया गया।

### आंधी में उड़ा किसान के घर का एसबेस्टस

**प्रशासन से की मुआवजे की मांग**

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के चरका टांगर जामटोली में दोपहर चले आंधी तूफान ने जमकर तबाही मचाया। जिसमें गांव के ही किसान प्रदीप खड़िया, सुरेंद्र खड़िया, भिनसु खड़िया व सोमा उरांव के घर का अल्बेस्टर उजड़ गया है। वही लोगों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। जहां किसानों ने कहा कि पूरी छत उड़ गई है अब हमारे पास रहने की कोई सुविधा नहीं है। जिला प्रशासन जल्द से जल्द इस पर विचार करें।

## सॉलिटियर एजुकेशनल एकेडमी के छात्रों ने किया पर्वतारोहण

खबर मन्त्र संवाददाता



**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा के छात्रों ने मकरा गांव स्थित पहाड़ पर सोमवार को पर्वतारोहण किया। पर्वतारोहण में कक्षा आठवीं के 18 छात्र तथा 13 छात्राओं ने, कक्षा नौवीं के 6 छात्र तथा 6 छात्राओं ने एवं कक्षा दसवीं के 7 छात्रों ने इस साहसिक कार्य में भाग लिया। जिसमें छात्रों द्वारा रस्सी के सहारे पहाड़ की चढ़ाई की। मौके पर प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम कराने से बच्चों में एक उत्साहवर्धन के साथ-साथ सीखने की जज्बा बढ़ती है छात्रों में कॉन्फिडेंस बढ़ता है और वह किसी भी मुश्किल घड़ी में आगे बढ़ सके। जिसके लिए तैयारी कराई जाती है। बच्चे को पढ़ाई के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास होना जरूरी है ताकि वह अन्य क्षेत्रों में भी अपना परचम लहरा सकें।

# मत्स्य पालन कर आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं जिले के पारंपरिक खेतिहर

खबर मन्त्र संवाददाता



मत्स्य पालक संजो देवी अपनी ऑटो व आइस बॉक्स के साथ।

**गुमला।** जिले के किसान पारंपरिक कृषि के साथ मछली पालन कर अपनी तकदीर एवं तस्वीर बदल रहे हैं। वर्तमान में गुमला जिला मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने हेतु अग्रसर है। जिले के करीब 8000 किसान मत्स्य पालन कर रहे हैं। जिला मत्स्य विभाग लगातार किसानों में मछली पालन के प्रति रूचि पैदा कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा है। ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन उपलब्ध कराने हेतु मुख्य साधनों में से एक महत्वपूर्ण साधन मत्स्य पालन है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु मत्स्य पालन की महत्वपूर्ण भूमिका को देख केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त पहल से मत्स्य पालन के क्षेत्र में अति महत्वाकांक्षी एवं जन कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना देश की सभी राज्यों में वर्ष 2020-25 तक चलायी जा रही हैं। जिसके अंतर्गत कुल 47 योजनाएं चल रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं द्वारा लाभान्वित हुए लाभुक अपना जीविका चला रहे हैं एवं अपना जीवन स्तर बढ़ा रहे हैं।

■ बॉक्स लाभ लेकर पीएम मत्स्य संपदा योजना के वित्तीय वर्ष 2020-21 के लाभुक संजो देवी, पति मोतीलाल राम तपकारा प्रखंड पालकोट को तालाब से मत्स्य बाजार तक मछली परिवहन को तीन पहिया वाहन एवं आइस बॉक्स दिया गया है। पूर्व में ये प्लास्टिक अथवा बोरा में मत्स्य साइकिल व बाइक अथवा अन्य किसी वाहन का प्रयोग कर मत्स्य बिक्री करने को स्थानीय बाजारों में जाते थे।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत प्रत्येक योजना में प्राक्कलित राशि का 60% अनुदान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग के लाभुकों को एवं 40 प्रतिशत अन्य वर्ग के लाभुकों को अनुदान की राशि देय है। उपरोक्त सभी योजनाओं से लाभान्वित होकर गुमला जिले के बेरोजगार युवक-युवतियां एवं दम्पती गुमला जिले में मत्स्य बिकी मत्स्य उत्पादन, फीड उत्पादन से जुड कर रोजगार का साधन प्राप्त कर रहे हैं।

# लोहरदगा : विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों को टाना भगतों ने जाना

खबर मन्त्र संवाददाता




कार्यों को जानने डालसा कार्यालय पहुंचे टाना भगत।

**खास बातें :** टाना भगतों को यह भी बतलाया गया कि डालसा द्वारा वैसे लोगों को सहयोग किया जाता है जिनका वार्षिक आय 300000 से कम है। ऐसे लोगों को सरकारी खर्च पर वकील की मुहैया कराती है उनके कोर्ट फीस का भुगतान करती है, उनके कागजातों को तैयार करने के लिए वकील का खर्चा देती है। निःशुल्क दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति भी दिलाती है। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत मुआवजा राशि का निर्धारण भी किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोगों को निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान करती है, जिनमें शामिल हैं- अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्य, मानव तस्करी के शिकार लोग, ऐसे लोग जिनसे बेगार करायी जाती है।

**लोहरदगा।** जिले के टाना भगत सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय पहुंचकर जानकारी ली। उन्होंने अपनी समस्याओं को प्राधिकार के सचिव के समक्ष रखा। प्राधिकार के सचिव ने टाना भक्तों को उनके जमीन संबंधित बातों को ध्यान से सुना और उचित विधिक सहायता प्रदान की इसके साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने मध्यस्थ युगल किशोर प्रसाद के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे हैं विभिन्न कार्यों की जानकारी टाना भगतों के बीच दी और यह अपील की कि वे अपने - अपने गांव में जाकर डालसा द्वारा किये जा रहे कार्यों का प्रचार प्रसार करें ताकि ग्रामीण लोगों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

स्पीड न्यूज

## डीसी ने तीन राजस्व कर्मियों को किया सस्पेंड

**चतरा।** डीसी अबु इमरान ने टंडवा अंचल के हल्का आठ के ग्राम डहू में बिना जमाबंदी के अवैध तरीके से बाहरी लोगों का नाम पंजी टू में दर्ज कर एवं फर्जी राजस्व कागजात तैयार कर नाजायज काम करने वाले टंडवा के तीन राजस्व कर्मी सस्पेंड कर दिया। इनमें राजस्व कर्मी नारायण राम, राजनारायण उर्फ मुन्ना तथा गुरुदेव सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया है। ये कर्मचारी फिलहाल इटखोरी, हंटरगंज और लावालौंग अंचल में पदस्थापित है। बताया जाता है कि कुछ दिनों पूर्व टंडवा के सीओ बिजय कुमार के रिपोर्ट के आधार पर उक्त कदम डीसी ने उठाया है। इसके पूर्व टंडवा के पांच राजस्वकर्मी निलंबित किये जा चुके हैं। टंडवा में पूर्व में पदस्थापित अंचल निरीक्षक फुलेश्वर साव एक प्रेस वार्ता आयोजित कर तथा चतरा उपायुक्त को लिखित शिकायत कर खुलासा किया था कि टंडवा में राजस्व निरीक्षकों के द्वारा अवैध रूप से हजारों जमाबंदी कायम किया गया है।

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की बैठक करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सभी 5 क्षेत्रों के विभिन्न सूचकांको की समीक्षा की गई। बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधी घनश्याम शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से मासिक रिपोर्ट की प्रस्तुति देते हुए जिले की स्थिति क्षेत्रानुसार बताई साथ ही बेसलाइन डाटा में किए गए सुधार और कार्यक्रम से जुड़े अन्य गतिविधियों के बारे में बताया। जिला का मार्च महीने में डेल्टा रैंक 90 से सुधार होते हुए 41 पर आ गया है। वहीं शिक्षा में 21, स्वास्थ्य और पोषण में 38, कृषि और जल संसाधन में 79, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास में 14 तथा बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में 76 रैंक रहा। उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकरी सहित सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को इस पर विषेश ध्यान देते हुए ससमय डाटा उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया तथा कौशल एवं वित्तीय समावेशन के तहत डीएम?एफटी और एससीए मद से ऐसी योजनाओं का चयन करने को कहा जिससे की नीति के सूचकांकों में सुधार हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता समेत सभी संबंधित उपस्थित थे।

## ससुराल में विवाद के बाद दामाद ने किया विषपान

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अंगार अपने ससुराल गए एक युवक ने शनिवार की देर रात आपसी विवाद के बाद सल्फास खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। वहीं युवक की पहचान राजाबार पंचायत के डेबोडीह निवासी 35 वर्षीय मो.मकबूल के रूप में की गई है। जहर खाने के बाद स्थिति गंभीर होने के बाद परिजनों के मदद से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बिना चालान के स्टोन चिप्स लदा ट्रक जब्त

**कोडरमा।** खनिजों के अवैध परिवहन को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान कोडरमा-लोकाई रोड से बिना चालान के स्टोन चिप्स लदे एक वाहन को पकड़ा गया है। मामले में खनन पदाधिकारी दारोगा राय की ओर से वाहन चालक व मालिक के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि अभियान के दौरान डोमचांच की ओर से आ रहे उक्त ट्रक को रोकने का इशारा करने पर चालक वाहन में चाबी छोड़कर भाग निकला। जांच में उक्त ट्रक पर लगभग 600 घनफीट स्टोन चिप्स लदा पाया गया। स्टोन चिप्स के परिवहन को लेकर वाहन में परिवहन चालान नहीं पाया गया। वहीं खनन पदाधिकारी ने कहा है कि बिना चालान के स्टोन चिप्स के परिवहन को लेकर 60 हजार रुपये के राजस्व की क्षति पहुंचाई गई है।

# अग्निकांड पीड़ित दुकानदारों को मंत्री कोटा से मिला एक लाख 90 हजार

### मंत्री मिथिलेश ने दिया जांच का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



पीड़ित दुकानदारों से मिलते मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

**गढ़वा।** शहर में पिछले तीन दिनों में आगलगी की हुई दो घटनाओं में पीड़ित दुकानदारों को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने मंत्री कोटा से एक लाख 90 हजार रुपए सहायता राशि प्रदान किया है। साथ ही मंत्री श्री ठाकुर ने एसपी अंजनी कुमार झा को स्पेशल टीम गठित कर जांच का आदेश दिया है। शहर के गढ़देवी मोड़ पर ट्रांसफर्मर में आग लगने से जले चार दुकानदारों शर्मिला देवी चाय दुकान, मोनू कुमार मालाकार फुल दुकान, प्रिंस केशरी शीशा दुकान एवं मो. अमीनुद्दीन खान पान दुकानदार को 25-25 हजार रुपए तथा चौधराना बाजार सब्जी मार्केट में हुई आगलगी की घटना में पीड़ित सब्जी दुकानदार अशोक महतो, मुन्नू महतो, ओम प्रकाश प्रजापति, अवधेश महतो, सोनू कुमार, अवधेश राम, उमा देवी, रामाशीष कुशवाहा तथा मोतीचंद महतो को 10-10 हजार रुपए मंत्री श्री ठाकुर ने अपने मंत्री कोटा से प्रदान किया है। साथ ही सभी को तत्काल दुकान लगाने के लिए मंत्री ने त्रिपाल प्रदान किया है। इन सभी दुकानदारों को नगर परिषद की ओर से निर्मित अस्थाई दुकान देने का मंत्री ने आश्वासन दिया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अब तक इन सब्जी दुकानों में छह बार आगलगी की घटना घटित हो चुकी है। यह बहुत ही निंदनीय घटना है। इस साजिश का पदार्फाश किया जाएगा। मंत्री ने तत्काल एसपी अंजनी कुमार झा को विशेष टीम गठित कर घटना की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि जो भी इस घटना में शामिल होगा सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि दुकानदारों के साथ आगलगी की बहुत ही दुखद घटना घटित हुई है। इस विकट परिस्थिति में वे पीड़ित दुकानदारों के साथ हैं। उन्हें कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन कुमार साहू, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, पूरण तिवारी, उपेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## पति के खिलाफ एसपी को आवेदन सौंप कर लगाई इंसाफ की गुहार



**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भीमेडीह निवासी 30 वर्षीय माधुरी देवी पति अजय शर्मा ने अपने पति के खिलाफ एसपी कुमार गौरव को सोमवार को आवेदन सौंप कर इंसाफ की गुहार लगाई है। दिये गये आवेदन में महिला के द्वारा बताया गया कि पति अजय शर्मा के द्वारा दो लाख रुपया अतिरिक्तदहेज की मांग किया जाता है। वहीं माधुरी देवी ने आगे बतायी कि मेरी शादी वर्ष 2011 में हुआ, जिसके पश्चात् कुछ वर्षों तक मेरे पति एवं मेरे ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा ठीक-ठाक से रखा गया। जिससे बाद मुझे एक पुत्र तथा दो पुत्री की प्राप्ति हुई। लगातार दो पुत्री होने के पश्चात् मेरे पति एवं ससुराल के अन्य सदस्यों ने मेरे साथ बुरा बर्ताव करने लगे। वहीं दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने लगे एवं मेरे बच्चों का भी भरण-पोषण बन्द कर दिया। आगे बताती हैं कि 12 मई करीब 12 बजे दिन में मेरे पति अजय शर्मा व अन्य ने मेरे साथ मारपीट करने लगे, जिसमें मेरा हाथ टूट गया, तत्पश्चात मैं नवलशाही थाना पहुंची, जहां से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं उक्त महिला से जब पूछा गया कि थाने में प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं कराई, तो उन्होंने बताया थाने में आवेदन देने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई और वहां से मुझे महिला थाना कोडरमा भेजा गया, जहां से मुझे कहा गया कि आप एसपी साहब से मिल लें, जिसके बाद मैं आज एसपी साहब मिलने आई हुं।

## हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** हाइवा वाहन का कहर रुकने का नाम नही ले रहा है। तेज रफ्तार हाइवा ने अपनी चपेट में एक युवक को ले लिया, जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह नवलशाही मुख्य मार्ग स्थित नावाडीह दुर्गा मंदिर के समीप सोमवर की सुबह 5:30 बजे की हैं। वहीं मृतक की पहचान 17 वर्षीय सोनू राणा पिता बालेश्वर राणा ग्राम लालगढ़ पंचायत महूगांय थाना मरकच्चो निवासी के रूप में की गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक नावाडीह पंचायत स्थित भारती उच्च विद्यालय के नवम वर्ग का छात्र था। युवक के माता-पिता रांची जा रहे थे, जिन्हे सोमवार की सुबह गाड़ी बैठाने के लिए अपनी मोटरसाईकिल जेएच12एच/2988 से बरियारडीह चौक गया था और उन्हें गाड़ी बैठाकर वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मरकच्चो की तरफ से बोल्डर लाद तेज रफ्तार हाइवा जेएच17के/5565 ने अपने चपेट में ले लिया, जिससे युवक का घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं इसकी सूचना मरकच्चो थाना प्रभारी को दिया गया, सूचना मिलते ही बीडीओ पप्पू रज्जक, थाना प्रभारी लव कुमार, एसआई उत्तम कुमार वैध, एएसआई शिवराज उरावं अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज ही रहे थे कि आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को उठाने से रोक दिया। वहीं बड़ी मसक्कत के बाद हाइवा वाहन के मालिक से एक लाख पचहत्तर हजार की आपसी सहमति बनी। जिसके बाद परिजनों ने चार घंटे बाद शव को उठाने दिया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया और हाइवा वाहन को जप्त करते हुए थाना परिसर लाया गया। मिली जानकारी के अनुसार हाइवा देवीपुर पंचायत के ग्राम डोंगोडीह निवासी महेंद्र साव का बताया जा रहा है।

वहीं इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इसी बीच आपसी सहमति बनी ही रहती थी की अचानक कुछ अबशब्द बातें हो गयी, जिसके बाद उग्र लोगों ने पास के ही स्थित हेमलाल साव की दूकान में तोड़फोड़ कर दिया।

### राजा राममोहन राय की 250वीं जयंती पर महिला सशक्तिकरण को लेकर दौड़ का हुआ आयोजन

## शिक्षा का सही उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वास को दूर करना है: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाज सुधारक राजा राममोहन राय की 250वीं जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण हेतु सोमवार को प्रातः 07.00 बजे पोस्ट आफिस चौक से नगरपालिका कार्यालय (पुरानी कचहरी के गेट) तक सांकेतिक दौड़ का आयोजन किया गया। जिसके उपरांत उपायुक्त अबु इमरान द्वारा उनकी नगर भवन स्तिथ प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि समाज सुधारक राजा राममोहन राय को आधुनिक भारत के पहले शिक्षित व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि श्री राजा राममोहन राय चतरा में बतौर सब रजिस्ट्रार कार्यरत रह चुके थे और यहाँ और इसके अलावा जहाँ भी वे पदस्थापित थे, उन्होंने समाज मे फैली कुरीतियों और अंधविश्वास को मिटाने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए अपना जीवन बिताया था। उनसे प्रेरणा लेते हुए हमें भी अपनी शिक्षा का उपयोग समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वास को मिटाने और एक नशा मुक्त समाज विकसित करने की जरूरत है। उनके द्वारा बताए गए इन्हीं पदचिन्हों पर चलकर महिलाएं जो समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वास की मुख्य पीड़िता होती हैं, उन्हें शोषण से बचाया जा सकता है और महिला सशक्तिकरण का कार्य किया जा सकता है। उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सिविल सर्जन चतरा श्यामनंदन सिंह,योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत स्कूली छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

## प्रसव के दौरान नवजात की मौत, कार्रवाई की मांग



फोटो मृतक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सीएचसी में महिला के प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो जाने से आक्रोशित परिजनों ने एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा किया। साथ ही दोषी एएनएम पर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार खरौंधी थाना क्षेत्र के बजमरवा निवासी सतन राम की पुत्री तारा कुमारी पति राहुल कुमार को प्रसव पीड़ा शुरू होने के बाद रविवार की शाम मकरी स्वास्थ्य उपकेंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहां से स्थिति खराब होने के बाद एएनएम ने महिला को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। जहां पर तैनात एएनएम अंजु किस्पोटा ने परिजनों से नार्मल डिलेवरी होने की बात कहते हुए इलाज शुरू किया। महिला ने सोमवार की सुबह मरे हुए बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद महिला के परिजनों की इसकी सूचना दी गई। जिस पर महिला के भाई सत्यम कुमार सहित अन्य लोग आक्रोशित हो गये और एएनएम पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। इस संबंध में एएनएम ने बताया कि प्रसव के लिए भर्ती के समय हमें लगा कि सबकुछ ठीक ठाक है और नार्मल डिलेवरी हो जाएगा। लेकिन स्थिति बिगड़ने पर हमने बाहर ले जाने के लिए बोला था लेकिन परिजन नहीं ले गये। बच्चा के उल्टा होने के वजह से बच्चे की मौत ही गई। जबकि अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि एएनएम द्वारा स्थिति की जानकारी दी गई थी। जिसके बाद उसने प्रसव के लिए बाहर ले जाने के लिए रेफर किया था। लेकिन परिजन नहीं ले गयेऔर घटना घट गई। उन्होंने एएनएम की लापरवाही बरतने से इंकार किया है।

### संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

## सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाएं रहे उपलब्ध: डीसी

खबर मन्त्र संववाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से संचालित एवं जिला योजना विभाग अंतर्गत जिले में क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। अमृत सरोवर योजना के तहत लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा वैसी योजनाएं जहाँ काम बिल्कुल नहीं हुआ है या कम हुआ है, उनकी जानकारी लेते हुए उपायुक्त अबु इमरान ने जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम सभा द्वारा चयनित सभी योजनाओं को (डीएमएफटी) के गाइडलाइन का अनुसरण करते हुए ससमय पुर्ण किया जाए। बैठक में सिविल सर्जन से लंबित प्रस्तावों यथा टीबी वार्ड, मुख्य अस्पतालों में ट्रॉमा सेंटर, सदर अस्पताल में मॉड्यूलर ओटी, ई-टेलीमेडिसिन एवं अन्य की जानकारी लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिया। शिक्षा पदाधिकारी से सभी किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में बेंच डेस्क की बुनियादी सुविधा उपलब्ध रहे।

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए पेयजल समस्या के निराकरण हेतु जरूरी दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन दूरदर्शिता को मद्देनजर रखते हुए किया जाए तथा जल संरक्षण और भूजल पुर्नभरण को प्राथमिकता में रखते हुए सभी कार्यों का संचालन किया जाए। जिले में संचालित आंगनबाड़ियों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने सभी ऐसे आंगनबाड़ी जिसका जीर्णोद्धार किया जाना चाहिए या जहाँ मरम्मती की आवयश्कता है वैसे आंगनबाड़ियों में तत्परता से उपरोक्त कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा ये भी निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ियों में मूलभूत सुविधाएं यथा पेयजल व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था आदि उपलब्ध रहें। उपायुक्त ने जिला योजना विभाग अंतर्गत सभी संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी संचालित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, सिविल सर्जन चतरा श्यामनंदन सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत सभी संबंधित उपस्थित थे।

एक नजर में

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में बनायी गयी रणनीति




खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यसमिति की बैठक सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व संचालन महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा ने किया।

बैठक का शुभारंभ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और वंदेमातरम् गीत के साथ किया गया। बैठक में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नौ वर्ष पुरा होने पर 30 मई से लेकर 30 जुन तक महाजनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।बैठक को प्रभारी शिवबालक सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि अभियान के तहत सभी को गांव गांव तक जाकर संगठन को मजबूत करना है। मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं निगरानी भी रखने को कहा। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी शिवबालक सिंह,मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र दांगी, बिंदेश्वरी यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष महादेव दांगी, लखन दांगी,रामानंद दांगी, उपाध्यक्ष प्रीतम यादव, कविता देवी, संतोष दांगी, मंत्री सुरेश प्रसाद राणा, महेंद्र राम,युवा मोर्चा अध्यक्ष बब्लू कुमार साव,किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुमार राणा, एससी मोर्चा अध्यक्ष प्रसादी पासवान, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बिकास कुमार, शीला देवी, पंचायत संयोजक राजेश सिंह, यशवंत दांगी, राकेश गुप्ता, दशरथ दांगी, मिथलेश सिंह, सुनील पांडेय, शिवकुमार दांगी, युगल किशोर, अमिर दांगी, संतोष रजक, सुरेश राम दांगी,जितेंद्र शर्मा, कैलाश दांगी, विजय रविदास,महेश यादव,शोभा देवी, रोहित कुमार दांगी,विनय कुमार, समेत कई उपस्थित थे।

## निजी क्लीनिकों व मेडिकल स्टोर की जांच



जांच करते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय कांडी में वर्षों से संचालित कई निजी क्लीनिकों व मेडिकल स्टोर की जांच की गई। जांच टीम ने जांच के बाद सब कुछ संतोषजनक बताया। सोमवार को मझिआंव रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा जांच अभियान चलाया गया। गठित टीम में प्रधान लिपिक मिथलेश कुमार, आलोक कुमार सिंह, अशोक कुमार, मोमीता कुजूर, गार्ड विजय यादव शामिल थे। इस अभियान के तहत एम हुसैन, प्रयाग मेहता, निर्भय मेहता, जितेंद्र मेहता, सच्चिदानंद दुबे, नंदू मेहता व अल्ताफ रजा के मेडिकल स्टोर की जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद सेठ द्वारा की गई पूछताछ में मेडिकल स्टोर के प्रोपराइटर्स ने क्लिनिक चलाने की बात से असहमति जताते हुए केवल मेडिकल स्टोर चलाने की बात स्वीकार की। प्रोपराइटर्स ने बताया कि उनके द्वारा सरकारी अस्पताल में लिखी गई पर्ची के अनुसार दवा दी जाती है। वहीं डॉ गोविंद प्रसाद सेठ ने बताया कि जांच को लेकर अग्रेतर कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को जांच रिपोर्ट भेजा जाएगा। साथ ही कहा कि जांच जारी रहेगा। यहां खास बात यह है कि कांडी प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में झोला छाप डॉक्टरों की भरमार है। कांडी में दर्जनों क्लीनिक व अस्पताल हैं। वहीं कांडी मझिआंव मुख्य सड़क स्थित लमारी कला में भी मेडिकल स्टोर के नाम पर दर्जनों क्लीनिकों का संचालन किया जाता है। इसी तरह प्रत्येक गांव में डॉक्टर कार्यरत हैं। सरकारी व्यवस्था नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य विभाग इस पर मौन रहता है और झोलाछाप डॉक्टर अपना कार्य करने में मशगूल रहते हैं।

## थाना प्रभारी ने की सड़क सुरक्षा यातायात संबंधिा नियमों की जानकारी



जानकारी देते थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने सोमवार को झगड़ाखांड हाई स्कूल के छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा यातायात संबंधित नियमों की जानकारी दी। मौके पर थाना प्रभारी ने छात्र छात्राओं से कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं। जब भी पिता, भाई या अपने करीबी लोग बाइक चलाते है तो उन्हें जरूर हेलमेट पहनने को कहे। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएंगे। कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधेंगे। वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करेंगे। हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा अपने स्वजन से पालन कराएंगे। सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करना चाहिए। कहा कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियम का पालन न करने के चलते होती हैं। पुलिस अगर आपकी गाड़ी पकड़ती है तो आपको चालान के रूप में आर्थिक नुकसान के साथ साथ मानसिक परेशानी भी होगी। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सड़क दुर्घटना में अगर कोई घायल दिखता है तो संवेदना दिखाते हुए स्थानीय पुलिस को सूचित करें, जरूरी हो तो उसे 108 एम्बुलेंस को कॉल करे व एक अस्पताल तक भेजने में मदद करें यह सच्ची मानवता है। इस मौके पर थाना के एसआई सहदेव साह, विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन



योग शिविर में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत पुकु ग्राम में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ सोमवार को युवा भारत लातेहार जिला प्रभारी घनश्याम योगी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। योग शुभारंभ के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि योग करने से मनुष्य स्वास्थ्य रहते हैं। कई गंभीर बीमारी से लड़ने का शक्ति मिलती है। वहीं शिविर में पहुंचे लोगों को योगी द्वारा लाइट एक्सरसाइज, भस्त्रीका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम इत्यादि आसन प्राणायाम कराया गया। योग शिविर में राजेंद्र यादव, शिव प्रसाद यादव, बहादुर यादव, भोमपाल यादव, पिन्टु यादव, अशोक यादव, बृजलाल यादव देवनारायण यादव, सुरेन्द्र यादव, चन्द्रिका यादव, दिनेश्वर यादव, विकाश यादव, महेश यादव, राजेश यादव, अनरूद यादव, बसंत यादव, महेश्वर यादव, उमेश यादव सहित कई लोग शामिल हुए।

## चार जून को सामूहिक शादी आयोजन



शादी की तैयारी करते लोग।

**लातेहार।** सामूहिक विवाह समारोह समिति वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल गढ़वा के तत्वावधान मे आगामी 4 जून को सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन जिले के महुआडांड प्रखंड के सोहर पाट गांव मे आयोजित किया जाना है। सामूहिक शादी की तैयारी को लेकर सोमवार को सोहर पंचायत सचिवालय मे वरवधू के बीच कपड़ा व शादी विवाह मे आने वाले अन्य जरूरी सामनो का वितरण किया जायेगा। सामूहिक विवाह समारोह समिति वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल गढ़वा के द्वारा प्रत्येक वर्ष सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 11 जोड़ो की सामूहिक शादी होनी है। समिति के अध्यक्ष रणधीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी सामूहिक शादी समारोह का आयोजन सोहर पाट गांव मे किया जायेगा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से लोगों के बीच जाकर उनकी सेवा करने का अवसर मिलता है। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विनित मधुकर, हेमचंद, कृपा सिंह, शेरू सिंह, रवि सोनी, अजय उरांव व गहनू उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## रेलवे द्वारा अधिग्रहण किये भूमि का सत्यापन शिविर का आयोजन



**बालूमाथ।** उपायुक्त के निर्देश पर अंचल कार्यालय स्थित सभागार परिसर में रेलवे द्वारा भूमि अधिग्रहण किया गया। बालूमाथ-उदयपुरा सड़क निर्माण में गये भूमि का मुआवजा को लेकर अंचलाधिकारी आफताब आलम के अध्यक्षता में सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रुप से जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जयज्योति समांता मौजूद रहे। शिविर में अंचल के हल्का नंबर 12 से चितरपुर, जोगियाडीह, हेमपूर, सेमरसोत के भू-रैयत मुआवजा को लेकर अपने अपने परिवार के वंशावली सहित पूरे दस्तावेज शिविर में जमा किया। वहीं बालूमाथ-उदयपुरा सड़क निर्माण मे अधिग्रहण किया गया। घुटाम, पकरी, दीरीदाग, तुम्बागड़ा, चेताग के भू-रैयतों ने भी शिविर मे पहुंचकर अपना-अपना भूमि का पूरा दस्तावेज जमा किया। जहां सीओ व हल्का कर्मचारियों द्वारा कागजात कि जांच किया गया। मुआवजा भुगतान को लेकर लगातार संबंधित विभाग और अंचल के द्वारा शिविर के माध्यम से भूमि का दस्तावेज जांच किया जा रहा है। जिन किसान का भूमि रेलवे एंव सड़क निर्माण में गया है। वह जल्द से जल्द अपने जमीन का सत्यापित करा कर मुआवजा की राशि प्राप्त करें। शिविर में राजस्व कर्मचारी सह अंचल निरीक्षक मुनेश्वर गंझू, हल्का कर्मचारी नन्देव राम, रघुवीर गंझू के अलावा दर्जनों भू-रैयत मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक अमित 52 विधानसभा क्षेत्रों में लगा चुके है दौड़

**लातेहार।** झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति बनाने की मांग को लेकर सिली विधानसभा के पूर्व विधायक अमित महतो ने युवाओं के साथ कड़ी धूप में दौड़ लगा रहे हैं। सोमवार को लातेहार जिला मुख्यालय में भी उन्होंने युवाओं के साथ 21 किलोमीटर की दौड़ लगाई। झारखंड राज्य के निर्माण के 22 वर्ष गुजर जाने के बाद भी आज तक यहां कोई स्पष्ट नियोजन नीति नहीं बन पाई है। ऐसे में यहां के स्थानीय युवकों को किसी प्रकार का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर पूर्व विधायक अमित महतो झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति के निर्माण को लेकर झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्रों में यात्रा कर रहे हैं। राज्य के 52 विधानसभा क्षेत्रों में दौड़ यात्रा पूरी करने के बाद रविवार को पूर्व विधायक अमित महतो लातेहार पहुंचे। उन्होंने लातेहार में 21 किलोमीटर तक युवाओं के साथ सड़कों पर दौड़ लगाई। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उनका इस यात्रा का एकमात्र मकसद राज्य में खतियान आधारित नियोजन नीति का निर्माण करवाना है। वही पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्व विधायक अमित महतो ने झारखंड में अब तक बनी सभी सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य के निर्माण हुए 22 वर्ष गुजर जाने के बाद भी आज तक झारखंड राज्य में कोई स्पष्ट नियोजन नीति नहीं बन पायी। नियोजन नीति नहीं रहने से यहां के स्थानीय छात्रों के साथ हमेशा अन्याय होते आया है, स्थानीय युवकों के अधिकार को बाहरी लोग लूट रहे हैं।

## मनिका विधानसभा क्षेत्र का रक्षक बनने की बात कहकर लोगों से वोट मांगने वाला बना भक्षक

# जिप सदस्य के वाहन से धक्के से युवक गंभीर रूप से घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र का रक्षक बनने की बात बोलकर वोट मांगने वाले मनिका पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह का भक्षक के रूप में एक नया चेहरा उभरकर सामने आ रहा है। ज्ञात हो कि 17 मई दिन बुधवार को राष्ट्रीय मार्ग 39 पर प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन विभाग के सामने जिप सदस्य बलवंत सिंह के जेएच 03 एएच 6453 नंबर की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने पढ़ाई करने जा रहे नितेश कुमार यादव उम्र लगभग 17 वर्ष पिता कमलेश यादव घर भर्दइबथान (मनिका) को धक्का मार दिया था। वहीं इस संबंध में घायल नीतेश कुमार यादव के परिजनों ने जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह एवं दुर्घटना में शामिल अन्य लोगों पर कार्रवाई करने के लिए लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव को आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से घायल युवक का भाई रंजय यादव बताता है कि मेरा भाई नीतेश कुमार यादव बीते दिन बुधवार को पढ़ाई करने के लिए सड़क से 4 फीट किनारे चलकर जा रहा था तभी पीछे से बलवंत सिंह के तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने मेरे भाई को धक्का मार दिया और वाहन में सवार जिप सदस्य बलवंत सिंह ग्राम छलकी पटना पंचायत बरवईया (मनिका), मुरारी ठाकुर ग्राम हुमामारा एवं सागर यादव ग्राम सिंजो (मनिका) घटनास्थल से भाग गए। जबकि मेरे भाई के सिर में गहरी चोट आई एवं पूरे शरीर में दर्दनाक चोट लगी थी सर से ज्यादा खून आने के कारण अधमरा स्थिति में था। तब आसपास के ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए मनिका सरकारी अस्पताल में लेकर गए जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे मेदनीनगर रेफर किया गया और बाद में मेदनीनगर से रांची रेफर कर दिया गया। जबकि इस क्रम में मेरे द्वारा मनिका थाना में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन भी दिया गया लेकिन अभी तक मनिका थाना के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। आरोपी वाहन मालिक बलवंत सिंह का वाहन को भी थाने में नहीं रखा गया है। उसने बताया कि गणमान्य लोगों एवं थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह के सामने जिप सदस्य बलवंत सिंह के द्वारा इलाज की सारी खर्चा देने की बात कही गई थी लेकिन बलवंत सिंह के द्वारा कोई भी आर्थिक मदद नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेरा भाई रांची के डॉक्टर विजय राज के अस्पताल में भर्ती है मेरे भाई के ब्रेन में खून जम गया है और उसके कान की सर्जरी करना भी अति आवश्यक है जिसमें डॉक्टर के द्वारा 4 से 5 लाख रुपए की खर्च होने की बात कही गई है। उसने बताया कि हम लोगों को अपनी भाई का जान बचाना काफी मुश्किल लग रहा है।

- अधिकारियों पर उंगली उठाने वाले बलवंत सिंह खुद दिखा रहे हैं अफसरशाही दुर्घटना के बाद भी नहीं हुई वाहन या मालिक पर कोई भी कानूनी कार्रवाई
- पुलिस के सामने इलाज का खर्चा उठाने को बोलकर, खेल रहे हैं लुकाछिपी का खेल रेलवे फाटक भी एक घंटे तक रहा बंद



आपको बताते चलें कि मनिका पश्चिमी क्षेत्र के जिप सदस्य व मनिका विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी बलवंत सिंह का यह नया रवैया लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है लोगों का कहना है कि बलवंत सिंह हमेशा ही अधिकारियों पर उंगली उठाते रहते हैं लेकिन अभी खुद ही अफसरशाही जैसा रवैया अपना रहे हैं घायल विद्यार्थी जिंदगी और मौत से जूझ रहा है लेकिन उसकी मदद करने की जगह बलवंत सिंह लुकाछिपी का खेल खेल रहे हैं। वहीं घायल युवक के परिवार वालों ने वाहन मालिक बलवंत सिंह के ऊपर कानूनी कार्रवाई एवं अपने भाई की जान बचाने हेतु आर्थिक मदद दिलाने का लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव से गुहार लगाया है।

# दो नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** बारियातू थाना पुलिस ने दो नाबालिक लड़कियों को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। उक्त संबंध में थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि थाना अंतर्गत फुलसु पंचायत के मुक्की ग्राम से बीते 09 मई को दो नाबालिक लड़की को गांव का ही लड़का मनदीप कुमार गंझु पिता मछिंद्र गंझु के द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले जाया गया था। जिसके बाद दोनों नाबालिग लड़कियों के परिजनों ने थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया था। आवेदन के आधार पर बारियातू थाना कांड संख्या 35/23 दर्ज कर दोनों नाबालिक लड़कियों को बरामदगी के लिए अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार विभिन्न स्थानों मे छापामारी किया जा रहा था। इसी क्रम मे तकनीकी सहायता और मानवीय सहायता से जानकारी मिली की उक्त अभियुक्त दोनो लड़की को लेकर अपना घर मुक्की आया है। उसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के द्वारा छापामारी टीम गठित किया गया। छपामारी के क्रम मे आरोपी मनदीप कुमार गंझु को उसके घर से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेजा गया। साथ ही उसके दोनो नाबालिक लड़की को सकुशल बरामद कर लिया गया। छापामारी दल मे पुअनि दीपक नारायण सिंह और आईआरबी के महिला और पुरुष सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



गिरफ्तार अभियुक्त व जानकारी देती पुलिस।

## हाथियों ने तीन मजदूर के घर को किया ध्वस्त, फसल को भी किया नष्ट

# हाथियों के उत्पात से ग्रामीण भयभीत व परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** वन क्षेत्र अंतर्गत गणेशपुर, मारंगलोइया व मुरपा पंचायत के विभिन्न ग्रामों में इन दिनों हाथियों का आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा। हाथियों के झुंड ने रविवार की रात्रि तीन मजदूर के घर एवं तीन किसानों के खेत मे लगे फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। जिससे पीड़ितों को लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों ने बताया कि हाथियों का झुंड पहले गणेशपुर पंचायत के हुंडराटंड टोला पहूंचा जहां उत्पात मचाते हुए किसान गोपाल उरांव पिता फागु उरांव, विनय उरांव व बिनोद उरांव, दोनों पिता फुलदेव उरांव, एवं मरंगलोइयाँ पंचायत के मुखिया पति दिलीप भगत, के द्वारा लगाये गये मौसमी फसल एवं आम के बागान को पूरी तरह खा कर नष्ट कर दिया। जिससे पीड़ित परिवार को हजारों रुपए का नुकसान हुआ। जिसके बाद हाथियों के झुंड मुरपा पंचायत के बलबल ग्राम पहूंचे। जहां मजदूर मुन्ना उरांव, मनोज उरांव व बीसू उरांव अपने परिवार के साथ घर मे शो रहे थे कि अचानक हाथीयों के झुंड ने घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। घर में सो रहे परिवार के सदस्य किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी मिलते ही सोमवार अहले सुबह भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एवं अमित कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर सभी पीड़ित व मकान मालिकों से मिल दुख जताते हुए नुकसान की जानकारी ली एवं वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने के साथ साथ सभी पीड़ितों को हर संभव मदद करने की बात कहा। मौके पर विनय उरांव, फागू उरांव, जुबा उरांव, धर्मदेव उरांव, रमेश उरांव, प्रमोद कुमार साव, आकाश साव, सुरेंद्र यादव, नंदकिशोर साव, मनदीप महतो, जुगेंद्र महतो, मुकेश महतो समेत दर्जनों लोंग मौजूद रहे।

## बारियातू पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



आरोपी व जानकारी देते पुलिस।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के हेरहनहोपा ग्राम से स्थानीय पुलिस ने एक 15 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। मामले को लेकर थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि स्थानीय थाना में एक पीड़ित के द्वारा दुष्कर्म को लेकर आवेदन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए कांड संख्या 38/23 दर्ज किया गया। इसके पश्चात इंस्पेक्टर शशी रंजन के निर्देश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। और छापेमारी अभियान चला कर थाना क्षेत्र के हेरहनहोपा ग्राम से आरोपी रामु भुईयां पिता हितवा भुइंया को गिरफ्तार कर पोस्को एक्ट के धारा 376(2)(एन) IPC, 4/8 अधिनियम 2012 के तहत लातेहार जेल भेज दिया गया। छापेमारी अभियान में पुलिस अवर निरिक्षक रवि कुमार व थाने के कई सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान: भीषण गर्मी में बिना बताए हो रही घंटों बिजली कटौती

- रविवार दोपहर में लगातार आठ घंटे बाधित रही बिजली, रात में भी छह घंटे कर दी गई ठप
- बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में वर्षो से मेंटेनेंस और लोड सीडिंग के नाम पर काटी जा रही है बिजली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में उमस भरी गर्मी में लगातार हो रही बिजली की कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। रात हो या दिन लोगों को इस भीषण गर्मी में ज्यादातर समय अंधेरों में बितानी पड़ रही है। रविवार को सुबह दस बजे से आठ घंटे तक बरवाडीह शहर की बिजली गुल रही। वहीं रात में भी छह घंटे लगातार आपूर्ति ठप रहने के कारण लोगों को नींद उड़ी रही। यहां बिजली गुल होने के बाद पता नहीं होता है कि बिजली दोबारा कब आएगी। दिन हो या रात बस लोगों को अघोषित बिजली कटौती का ही डर सताता रहता है कि बिजली ना जाने कब गुल हो जाए। बिजली कटौती के कारण लोगों की पूरी दिनचर्या खराब होकर रह जाती है। उमस भरी गर्मी से छोटे बच्चे, महिला और बुजुर्गों को भारी कठनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा अघोषित बिजली कटौती से लोगों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। जिसके कारण चिपचिपाती गर्मी और अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की रात की नींद के साथ दिन का चैन भी छीन लिया हैं।

**जनता की समस्याओं से बेखबर है नेता व अधिकारी**

उधर बिजली विभाग के कनीय अभियंता विकास कुमार से दूरभाष पर पूछे जाने पर उनका जवाब आया कि बिजली काटे जाने की सूचना लोगों को दी गई है। आपको सूचना मिला या नहीं मिला पता नहीं। बता दें कि बिजली विभाग के इस रवैए से लोग परेशान है। लोगों में सरकार के प्रति भी नाराजगी देखी जा रही है, क्योंकि स्थानीय नेता और अधिकारी शायद जनता की समस्याओं से बेखबर है, या जानबूझकर अंजान बने हुए हैं।

एक नजर में

## पासवान समाज ने किया बैठक कहा दुष्कर्मियों की गिरफ्तारी नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित पासवान समाज के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश पासवान के आवास पर दिन सोमवार को पासवान समाज मनिका के पदाधिकारियों के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीते 18 मई को पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम झगड़ा में अनुसूचित जाति की नाबालिग बालिका को कुछ युवकों ने अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और उसके साथ मारपीट, गाली गलौज, जाति सूचक शब्द कहा एवं मानवता को शर्मसार करने वाला वीडियो भी बनाया। जिसके बाद नाबालिक को मार कर फेंक दिया। वहीं नाबालिग पीड़िता उसके परिजनों को गंभीर स्थिति में मिली जिसे इलाज के लिए हुसैनाबाद लाया गया जहां पीड़िता की गंभीर स्थिति देखते हुए मेदनीयराय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उक्त घटना के संबंध में पीड़िता के मां एवं परिवार ने लिखित आवेदन देकर हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। उक्त घटना का पासवान समाज मनिका कड़ी से कड़ी निंदा करता है। वहीं इस घटना का कड़ी निंदा करते हुए पासवान समाज के लातेहार जिला संयोजक सुरेंद्र पासवान, पासवान समाज के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश पासवान एवं विश्वनाथ पासवान ने संयुक्त रूप से कहा कि यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है पलामू पुलिस अधीक्षक दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फास्ट कोर्ट के तहत आरोपियों को फांसी की सजा दिलाए नहीं तो पासवान समाज इसके लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगा। जब तक आरोपियों के ऊपर कार्यवाही नहीं होती है। मौके पर संदीप पासवान, बबन पासवान, विश्वनाथ पासवान, विशाल पासवान, सुनील कुमार, विष्णु देव पासवान, अखिलेश पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार चंदवा खेल स्टेडियम में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता व डायन कुप्रथा, बाल मजदूरी, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी थाना प्रभारी जमील अंसारी, मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, जतरु मुंडा व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में जमीरा, माल्हन, चंदवा पूर्वी व पश्चमी की टीम ने भाग लिया। पहला मैच जमीरा व माल्हन के बीच खेला गया, जिसमे माल्हन की टीम विजय रही वहीं दूसरा मैच चंदवा पूर्वी व पश्चमी की टीम के खेला गया।

### डायन कुप्रथा के प्रति जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

कार्यक्रम के दौरान डायन कुप्रथा, बाल मजदूरी, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर कार्यक्रम कराया गया। नाटक-डायन प्रथा को लेकर नुक्कड़ नाटक कराया गया, जिसमें कलाकारों ने डायन प्रथा ने नुक्कड़ नाटक में डायन कुप्रथा समाज के लिए अभिशाप है अगर किसी की तबीयत खराब होती है तो उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाना चाहिए ना की किसी ओझा के पास। इसके बाद डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से मानव तस्करी और बाल मजदूरी को लेकर जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन का भी जागरूकता संदेश कार्यक्रम में चलाया गया साथ ही रोड सेफ्टी पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। मौके पर पुअनि विकाश कुमार, सअनि राम प्रसाद राम, समाजसेवी अयूब खान रामयश पाठक, रवि डे, असगर खान, संदीप टोप्पो, इरशाद मुन्ना समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## महिला लापता, परिजन परेशान



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के पांडेयपुरा गांव की राजकुमारी देवी (60) पति स्व. लक्ष्मण प्रसाद रविवार को लापता हो गई हैं। उनके पुत्र गंगा प्रसाद ने बताया कि मेरी मां रविवार को सिल्ली जाने के लिए लातेहार स्टेशन पहुंची थी। जहां से उन्हे रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ कर सिल्ली जाना था। जब वह समय से सिल्ली नहीं पहुंची तो रिश्तेदारों समेत कई जगह संपर्क किया, लेकिन कहीं भी उनका पता नहीं चला। उन्होंने उनकी जानकारी मिलने पर मोबाइल नंबर 7488327729 व 8540934843 पर सूचना देने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री आवास का घेराव 17 जून को



**लातेहार।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा राज्य इकाई की बैठक सभी जिले के जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में रांची के मोरहाबादी में किया गया। बैठक की अध्यक्षता संजय दुबे ने की। जबकि सभा का संचालन ऋषिकेश पाठक एवं दशरथ ठाकुर ने किया। संचालन के क्रम में श्री पाठक ने कहा की वर्तमान सरकार सिर्फ कोरा आश्वाशन देते आ रही है। जिसे अब सहायक अध्यापक बर्दास्त नहीं करेंगे। दशरथ ठाकुर ने कहा की अपने चुनावी घोषणा पत्र में वेतनमान देने का ऐलान करने वाले मुख्यमंत्री उसे हकीकत में करके दिखाए। मोर्चा के अगुआ सिंटू सिंह ने कहा कि हमलोगों ने इस सरकार को बहुत समय दिया कि वो अपना वादा पूरा करे परंतु तीन वर्ष से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी साथ ही लगभग एक हजार सहायक अध्यापक अकाल मौत और सेवानिवृत हो चुके है। उनको एक रुपए की मदद भी सरकार नहीं की है। नियमावली सिर्फ विभाग में फाईल बन कर रह गया है। लातेहार के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार एवं जिला कमिटी के मनोज कुमार सहाय ने कहा की प्रदेश की बैठक में जो निर्णय लिया गया है। उसके अनुसार आगामी 31 मई तक जिला कमिटी की बैठक आहूत करके आंदोलन की तैयारी करना, आगामी 04 जून को पलामू के मंत्री मिथलेश ठाकुर के गढ़वा आवास पर पहुंच कर मांग पत्र सह आमंत्रण पत्र मुख्यमंत्री आवास घेराव से संबंधित देना, उसके बाद 17 जून को मुख्यमंत्री की के आवास का घेराव करना आदि का निर्णय लिया गया है। साथ ही राज्य कार्यकारणी का विस्तार भी किया गया। जिसमे पलामू प्रमंडल से लातेहार जिला अध्यक्ष अतुल कुमार एवं पलामू जिला अध्यक्ष मनोज सिंह को शामिल किया गया है।

## झारखंड राज्य जन सेवक संघ के द्वारा सरकार के विरोध में लगातार धरना प्रदर्शन है जारी

# चित्रांकन के माध्यम से सरकार के बीच अपनी समस्याओं को रख रहे हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड राज्य जन सेवक संघ के द्वारा लातेहार समाहरणालय भवन के समीप लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसका कल 14 वां दिन था। सोमवार को जन सेवक संघ के द्वारा बताया गया कि हम लोग सरकार के विरोध में लगातार 14 दिनों से डटे हुए हैं। तथा यह विरोध अनिश्चित काल तक चलेगा जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं हो जाती हैं। सरकार द्वारा लिए गए दमनकारी नीति एवं निकाले गए काला आदेश के विरोध में हम सभी जन सेवक काला कपड़ा पहन कर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। इसके साथ ही सरकार की नीति के विरोध में चित्रांकन भी किया गया। वहीं इस चित्रांकन के माध्यम से ग्रेड पे कम होने से संबंधित समस्या एवं आर्थिक परिस्थिति को वर्तमान में दशार्या गया है। साथ ही इसमें दिखाया गया है कि जब - जब मजबूत पक्ष द्वारा कमजोर वर्ग का दमन हुआ है तब - तब कमजोर वर्ग एकजुट होकर आंदोलन किए हैं। संघ के द्वारा बताया गया कि कि झारखण्ड राज्य में कृषि योजनाओं और नवीन कृषि अनुसंधान को धरातल में किसानों तक पहुंचाने हेतू 2012 में लगभग 1836 जनसेवकों की नियुक्ति ग्रेड-पे 2400/- में झारखण्ड सरकार के द्वारा की गई थी। वर्तमान में को कृषि निदेशक, झारखंड सरकार के द्वारा उन्ही जनसेवकों का ग्रेड-पे घटाकर 2400/- के स्थान पर 2000/- कर दिया गया। विभाग द्वारा अचानक सेवा के 11 वर्ष पूरा होने के बाद एवं सेवा संपुष्टि के पश्चात प्रोन्नति के स्थान पर अवनति से राज्य के समस्त जनसेवकों में रोष है। वहीं अन्य संवर्ग के कर्मचारियों में अपने वेतनमान की सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त है। मौके पर रामनाथ यादव, लव कुमार पासवान, रघुनंदन राम, प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी, रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मींज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गिर्दा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीर सुमन, अंकित एकका, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रोशन कुजुर, सर्वेश सिंह, सत्येंद्र उरांव, अर्पण तिग्गा, उमेश कुजूर, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडे, राजेश कुमार, सूर्य प्रकाश, विकास कुमार, मनीष पांडे, मुकेश भगत, संतोष कुजूर समेत कई लोग हड़ताल किए हुए हैं।



काला कपड़ा पहन कर विरोध प्रदर्शन करते जनसेवक।

# आज शाम आसमान में दिखेगा अद्भुत नजारा, दो ग्रहों व दो तारों के साथ होगा चांद का मिलन

**भोपाल (हि.स.)।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए मंगलवार ( 23 मई) की शाम बेहद रोमांचक होने वाली है। दरअसल, इस दिन सूर्य के अस्त होने के बाद शाम को पश्चिमी आकाश में अद्भुत खगोलीय नजारा दिखने जा रहा है, जिसमें हंसियाकार चंद्रमा चमकते शुक्र और लाल ग्रह मंगल के बीच दिखता हुआ मिथुन तारामंडल के तारों के साथ मेल-मुलाकात करता हुआ नजर आयेगा। यह जानकारी सोमवार को भोपाल की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने दी।

उन्होंने बताया कि सूर्यास्त के बाद लालिमा समाप्त होने के साथ ही हंसियाकार चंद्रमा के साथ शुक्र (वीनस) अपनी चमक बिखेर रहा होगा, तो उसके कुछ ऊपर मंगल (मार्स) लालिमा के साथ होगा। उसके पास ही मिथुन तारामंडल के जुड़वां तारे पोलुक्स एवं कैस्टर भी इस मिलन समारोह का हिस्सा बनेंगे। इसके साथ ही बिहाईव स्टार क्लस्टर भी इनके आसपास दिखेगा।




सारिका ने बताया कि मिलन करते इन खगोलीय पिंडों के बीच आपस की दूरी करोड़ों किलोमीटर होगी, लेकिन इनका पृथ्वी से बनने वाला कोण इस प्रकार होगा कि वे एक-दूसरे से मिलते से नजर आयेंगे। जुड़वां तारे कहे जाने वाले तारों में से पोलुक्स 33 प्रकाशवर्ष दूर और विकसित लाल विशालकाय तारा है, जो कि हमारे सूर्य से दोगुना विशाल है। केस्टर 51 प्रकाशवर्ष दूर नीला तारा है, जो हमारे सूर्य से 2.7 गुना अधिक भारी है। रोमन पौराणिक कथाओं के अनुसार पोलुक्स और केस्टर जुड़वां भाइयों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

सारिका ने बताया कि इस खगोलीय घटना में चंद्रमा लगभग 1000 तारों के समूह, जिसे कि बिहाईव स्टार क्लस्टर कहते हैं, उनके भी समीप दिखेगा। बुधवार (24 मई) शाम के आकाश में भी इस दृश्य को देखा जा सकेगा, लेकिन तब चंद्रमा आगे बढ़कर मंगल के करीब पहुंच चुका होगा। इस तरह ग्रहों, तारों और उपग्रहों का मिलन समारोह का मनमोहन दृश्य दिखने जा रहा है। दोनों ही दिन इसे रात्रि 10 बजे के पहले देखा जा सकेगा।

## स्पीड न्यूज

### इडी ने की 121.87 करोड़ की 119 संपत्ति अटैच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाले में आइएएस अनिल टूटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी, अरविंद सिंह और विकास अग्रवाल की इडी ने 121.87 करोड़ की 119 संपत्ति अटैच की हैं। इनमें अनवर ढेबर का होटल वेनिंगटन कोर्ट भी शामिल है। इसमें 14 संपत्ति आइएएस अनिल टूटेजा की हैं, जिसकी कीमत 8.883 करोड़ रुपये है। यह जानकारी इडी ने सोमवार को दी। इससे पहले भी इडी अन्य अधिकारियों की 58 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच कर चुका है। इडी अब तक कुल 180 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच कर चुका है।

### अधिक महिला कार्यबल वाले स्थानों पर ज्यादा क्रेच खुले : ईरानी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने केरल राज्य सरकार से अधिक महिला कार्यबल वाले स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा क्रेच (शिशु देख भाल केंद्र) शुरू करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री भारत की अध्यक्षता में श्रम-20 बैठक के हिस्से के रूप में तिरुवनंतपुरम में बीएमएस राज्य महिला सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं।

### बंगाल के जंगल में आसमान से गिरा विशालकाय धातु

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिला अंतर्गत ग्वालतोड़ के जंगल में सोमवार दोपहर आसमान से एक विशालकाय धातु गिरा है। इसे लेकर लोगों में खासा कौतूहल है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने संदिग्ध धातु के आसपास घेराबंदी कर लोगों के उसके करीब जाने पर पाबंदी लगा दी है। कुछ लोग दावा कर रहे थे कि यह फाइटर प्लेन में लगने वाला बम है, जबकि कुछ लोग इसे फ्यूल टैंक बता रहे थे।

### भोपाल में स्थापित होगा महाराणा प्रताप लोक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप देश के शौर्य के प्रतीक हैं। उन्होंने भोपाल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप लोक के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह उनके त्याग, तपस्या, संघर्ष और बलिदान को श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री चौहान सोमवार को भोपाल के लाल परेड मैदान में महाराणा प्रताप जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### 381 हज यात्रियों का पहला जत्था मदीना रवाना

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 381 हज यात्रियों के पहले जत्थे को लेकर रविवार की देर रात 1 बजकर 50 मिनट पर हवाई जहाज ने सऊदी अरब के शहर मदीना के लिए उड़ान भरी है। विदाई देने के लिए एयरपोर्ट पर आयोजित समारोह में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी मौजूद थीं।

## एफआइपीआइसी के शिखर सम्मेलन में मोदी ने 12 सूत्री कार्ययोजना का किया एलान, कहा

# हिंद-प्रशांत के लोगों की उम्मीदें होंगी पूरी

**एजेंसी**

**पोर्ट मोर्सबी।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र के द्वीपीय देशों के लिए भारत ने सौगातों का पिटारा खोल दिया है। पापुआ न्यू गिनी में फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (एफआइपीआइसी) के तीसरे शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 सूत्री कार्ययोजना का एलान किया। उन्होंने पापुआ न्यू गिनी के अपने दौरे को सफल करार दिया।

फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन के शिखर सम्मेलन में 12 सूत्री कार्ययोजना का एलान करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह कार्ययोजना हिंद प्रशांत के लोगों की उम्मीदों और विकास कार्यों को पूरा करेगी। साथ ही, इससे हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र स्थिर, मुक्त और समृद्ध बनेगा। इसके तहत भारत सरकार फिजी में एक 100 बेड के अस्पताल का निर्माण करायेगी। पापुआ न्यू गिनी में एक आइटी और साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग हब बनाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में सागर अमृत स्कॉलरशिप के तहत 1000 स्कॉलरशिप दी जायेगी। पापुआ न्यू गिनी में आयोजित जयपुर फुट कैंप की तर्ज पर अब हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के अन्य देशों में भी हर साल ऐसे दो कैंप आयोजित किये जायेंगे। हिंद प्रशांत देशों में छोटे और मझोले उद्योगों को स्थापित करने में मदद के लिए एसएमइ विकास परियोजना स्थापित होगी। अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए हिंद प्रशांत देशों की सरकारी इमारतों पर सोलर प्रोजेक्ट बनाये जायेंगे। पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार हिंद प्रशांत देशों में डीसैलिनेशन यूनिट स्थापित की जायेंगी। साथ ही, इन देशों को समुद्र में चलने वाली एंबुलेंस की आपूर्ति की जायेगी। हिंद प्रशांत देशों के विभिन्न अस्पतालों में डायलिसिस यूनिट और 24 घंटे काम करने वाली इमरजेंसी हेल्पलाइन स्थापित की जायेंगी। हिंद प्रशांत देशों में भारत जन औषधि केंद्र और योग केंद्र स्थापित करेगा।

### सिडनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, आज करेंगे प्रवासी भारतीय को संबोधित



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को तीन देशों की यात्रा के अंतिम पड़ाव सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) पहुंच गये, जहां भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि तीन देशों की यात्रा का अंतिम चरण शुरू हो गया है। ऑस्ट्रेलिया के अपने दूसरे दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीवंत शहर सिडनी पहुंचे। आगे ऑस्ट्रेलियाई नेतृत्व, व्यापारिक समुदाय और प्रवासी भारतीयों के साथ दो दिनों की रचनात्मक बातचीत का इंतजार है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 22-24 मई को आस्ट्रेलिया के सिडनी की यात्रा पर हैं। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री 24 मई को प्रधानमंत्री अल्बनीज के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 23 मई को सिडनी में एक सामुदायिक कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलियाई सीइओ और व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत करेंगे और प्रवासी भारतीय को संबोधित करेंगे।

### मोदी को अमेरिका में दी जायेगी 21 तोपों की सलामी

**वाशिंगटन।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने अमेरिकी की यात्रा करने वाले हैं। यात्रा के दौरान उन्हें 21 तोपों की सलामी दी जायेगी। मोदी की यात्रा से पहले 20 अमेरिकी शहरों में अमेरिकी भारतीयों का एकता मार्च निकाला जायेगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 जून को अमेरिका पहुंचेंगे। उनका विशेष विमान 21 जून को एंड्रूज एयरफोर्स बेस पर उतरेगा। 22 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति व उनकी पत्नी, प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में व्हाइट हाउस में राजकीय भोज की मेजबानी करेंगे। 22 जून को ही 21 तोपों की सलामी के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया जायेगा।

# योग सीखाता है संतुलित जीवन जीना : डॉ हंसा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** आयुष मंत्रालय के तहत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआइआइए) ने 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अपने समारोह की शुरुआत की। सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर योग संस्थान, मुंबई की निदेशक डॉ हंसा योगेंद्र मौजूद थीं। इस मौके पर डॉ हंसा योगेंद्र ने कहा कि आज की दुनिया में जानकारी इकट्ठा करना बहुत आसान है, हमें पहले की तरह संघर्ष नहीं करना पड़ता है। लेकिन, आज हम जो सीखते हैं उसे लागू नहीं करते हैं। योग हमें एक संतुलित जीवन जीना सिखाता है और एक स्वस्थ व खुशहाल जीवन जीने के लिए इसका रोजाना अभ्यास करना चाहिए।

इस मौके पर डॉ तनुजा नेसारी ने कहा कि 21 जून को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला योग दिवस एक वैश्विक कार्यक्रम बन गया है। आयुष मंत्रालय के तहत एआइआइए शारीरिक शक्ति, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक सदभाव को बढ़ाने के लिए योग की शक्ति को समझता है, समग्र स्वास्थ्य प्रथाओं को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि योग आयुर्वेद का आध्यात्मिक चेहरा है, वास्तव में ये दोनों एक सिक्के के दो अलग-अलग पहलू हैं।

### एआइआइए ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 समारोह की शुरुआत की

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 के रन-अप के दौरान, संस्थान में व्याख्यान श्रृंखला, कार्यशालाओं, पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता, आसन प्रतियोगिता, और लेह और दिल्ली में सामान्य योग प्रोटोकॉल के प्रदर्शन सहित कई कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। योग प्रोटोकॉल व्यक्तियों को अपने शरीर की असीम संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रेरित और प्रेरित करेगा। व्याख्यान श्रृंखला, कार्यशाला आदि जैसी अन्य गतिविधियां प्रतिभागियों को योग की गहरी समझ और हमारे दैनिक जीवन में इसके महत्व को समझने में मदद करेंगी।

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने रखा जन जैव विविधता रजिस्टर का प्रस्ताव



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। मिशन लाइफ के तहत हर गांव में जन जैव विविधता रजिस्टर स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है। मुंबई में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आयोजित एक विशेष समारोह में भूपेंद्र यादव ने कहा कि यदि हम अनावश्यक उपभोग को प्रोत्साहित करेंगे, तो एक पृथ्वी पर्याप्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में हमें विकास के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण का मार्ग प्रशस्त करना होगा।

बाजरा के महत्व पर बोलते हुए यादव ने कहा कि बाजरा लोकल के लिए वोकल को बढ़ावा देता है। यह एक ऐसी फसल है, जो भारतीय जलवायु और मिट्टी के अनुकूल है। सूखा प्रतिरोधी होने के साथ-साथ पोषण की कमी को कम करने के लिए बाजरा महत्वपूर्ण है। जैव विविधता बोर्ड ने बाजरा को विशेष महत्व दिया है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा देश के लिए आस्था का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे पास प्राकृतिक संसाधनों तक पहुंच है, क्योंकि हमारी पिछली पीढ़ी ने उनकी रक्षा की थी और यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी रक्षा करें। यह आज के लिए सबसे महत्वपूर्ण संदेश है।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि यदि हम पर्यावरण की रक्षा करते हैं, तो बदले में पर्यावरण हमारी रक्षा करेगा। हम पर्यावरण से जितना लेते हैं, यदि उतना वापस नहीं करेंगे तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ जायेगा और हमें प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ेगा। अगर प्रकृति बची तो हम बचेंगे और पृथ्वी बचेगी। इस मौके पर सचिव लीना नंदन ने कहा कि हमारा जीवन काफी हद तक जैव विविधता पर निर्भर है, इसलिए इसके संरक्षण की दिशा में काम करना बेहद आवश्यक है।

### चीन के खिलाफ मोदी सरकार को मजबूती से खड़े होने की जरूरत : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने कहा कि चीन के खिलाफ मोदी सरकार को मजबूती से खड़े होने की जरूरत है। चीन लगातार हमारी सीमा में अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहा है। मोदी सरकार को अतिरिक्त सावधानी रखने की जरूरत है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार को चीन के खिलाफ मजबूती से खड़े होने की जरूरत है।

### फिल्म 'विजय 69' की शूटिंग के दौरान घायल हुए अनुपम खेर




**अभिनेता** अनुपम खेर बॉलीवुड के प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक हैं। दमदार एक्टिंग के दम पर उन्होंने अपनी खास पहचान बनायी है। अनुपम फिलहाल 'विजय 69' की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने खुद 'विजय 69' के सेट पर हुई एक चौंकाने वाली बात का खुलासा किया है। अनुपम खेर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर शेयर की और अपने फैंस को इसकी जानकारी दी। फोटो में अनुपम खेर के दाहिने हाथ में लगी चोट को देखा जा सकता है। अनुपम खेर एक्सरसाइज बॉल पकड़े नजर आ रहे हैं। अनुपम खेर ने पोस्ट को कैप्शन दिया, आप एक स्पोर्ट्स फिल्म करते हैं और आपको चोट नहीं लगती है! ये कैसे हो सकता है? कल 'विजय 69' की शूटिंग के दौरान कंधे में गंभीर चोट लग गयी थी। अनुपम ने आगे कहा, जब मैं जोर से खांसता हूं तो मेरे मुंह से घरघराहट की आवाज आती है। लेकिन फोटो में मुस्कुराने की कोशिश असली है! शूटिंग कुछ दिनों में शुरू होगी।

# जयपुर में स्थापित होगा भूकंप से बांधों की सुरक्षा का राष्ट्रीय केंद्र

**जयपुर (हि.स.)।** देश में बांधों की भूकंप और अन्य आपदाओं से सुरक्षा का राष्ट्रीय केंद्र जयपुर के मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआइटी) में स्थापित किया जायेगा। इस संबंध में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में सोमवार को एमएनआइटी और मंत्रालय के राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण के बीच एक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत ने कहा कि केंद्र सरकार बांधों की सुरक्षा और रख-रखाव के प्रति मिशन मोड में काम कर रही है।

कार्यक्रम में शेखावत ने कहा कि भारत दुनिया के तीसरे सबसे अधिक बांधों वाला देश है। यहां छह हजार से अधिक बांध है। 25 प्रतिशत से अधिक बांध ऐसे हैं, जो 50 प्रतिशत से ज्यादा की लाइफ पूरी कर चुके हैं। अनेक बांध सौ साल पुराने भी हो चुके। बांध की उम्र और उसके टिकाऊपन में कोई संबंध नहीं है। सबसे पुराना बांध दो हजार साल पुराना बांध भी काम कर रहा है।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Verma's Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com

# अडाणी ग्रुप के शेयरों में जोरदार तेजी, 6 पर लगा अपर सर्किट

### ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन 10 लाख करोड़ के पार




**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त एक्सपर्ट कमेटी की पॉजिटिव अंतरिम रिपोर्ट के कारण अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में आज लगातार दूसरे दिन जोरदार उछाल की स्थिति बनी रही। सोमवार को हुई जोरदार खरीदारी के कारण ग्रुप की 10 कंपनियों में से 6 कंपनियों के शेयरों पर आज अपर सर्किट लग गया। इसके अलावा शेष 4 कंपनियों के शेयर भी जबरदस्त मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे।

गौरतलब है कि हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट जारी होने के बाद अडाणी ग्रुप के शेयरों में आयी गिरावट के बाद आज पहली बार ग्रुप की सभी कंपनियों के शेयरों में करीब 5 प्रतिशत या उससे अधिक की तेजी का रुख बना रहा। दिन भर हुई खरीदारी के कारण अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी इंटरप्राइजेज के शेयरों में सबसे ज्यादा 18.92 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गयी। इस जोरदार तेजी के कारण इस कंपनी के शेयर उछल कर 2,326.10 रुपये के स्तर पर पहुंच कर बंद हुए। इसके अलावा अडाणी टोटल गैस, अडाणी विल्मर, अडाणी पावर, अडाणी ट्रांसमिशन, अडाणी ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी के शेयरों पर आज अपर सर्किट लग गया। सोमवार को दिनभर के कारोबार के दौरान अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में आयी तेजी के कारण इस ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन एक बार फिर 10 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया। इसके पहले हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट जारी होने के बाद 27 फरवरी को इस ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन गिर कर 6.8 लाख करोड़ रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गया था। हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट जारी होने के बाद देश में सियासी बवाल तो हुआ ही था, शेयर बाजार में भी अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में जोरदार गिरावट दर्ज की गयी थी। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया था। बताया जा रहा है कि एक्सपर्ट कमेटी ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में साफ किया है कि अडाणी ग्रुप द्वारा रेगुलेटरी लेवल पर किसी भी प्रकार के नियमों का उल्लंघन नहीं किया गया है। दावा किया जा रहा है कि एक्सपर्ट कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस बात का निष्कर्ष निकाल पाना संभव नहीं है कि शेयरों की कीमत में हेरफेर करने के लिए रेगुलेटरी लेवल पर किसी भी प्रकार के नियमों का उल्लंघन हुआ है या नहीं। अडाणी ग्रुप शुरू से ही दावा करता रहा है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सत्य से परे है और ग्रुप को व्यावसायिक नुकसान पहुंचाने के लिए इसे गलत तरीके से तैयार किया गया है।

### शेयर बाजार में तेजी जारी

**नयी दिल्ली।** आइटी सेक्टर और अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी के कारण सप्ताह के पहले दिन ही सोमवार को घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। दिनभर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.38 प्रतिशत और निफ्टी 0.61 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.20 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया।

## वाणिज्य की खबरें

### टीसीएस को 4जी के लिए बीएसएनएल से 15 हजार करोड़ का ठेका

**नयी दिल्ली।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (टीसीएस) को बड़ा ऑर्डर मिला है। टीसीएस के गठजोड़ को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) से 4-जी नेटवर्क के विस्तार के लिए 15 हजार रुपये का बड़ा ठेका मिला है। टाटा समूह की कंपनी टीसीएस ने यह जानकारी दी है। टीसीएस ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि उसे बीएसएनएल से 15 हजार करोड़ रुपये का अग्रिम खरीद ऑर्डर मिला है। इस घोषणा के साथ ही पिछले कई महीनों से चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। भारत की बहुराष्ट्रीय सॉफ्टवेर सर्विसेस एवं कंसल्टिंग कंपनी टीसीएस शुरुआत से इस सौदे की दौड़ में आगे थी।

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

# वनोत्पाद : पोषणीय आहार में योगदान एवं भूमिका

**नरेन्द्र प्रसाद**

दुनिया भर का नीति निर्धारकों का ध्यान पौराणिक काल से ही उर्जा बहुल्य कृषि फसलों जैसे गेहूं, चावल, मकई इत्यादि पर ही ध्यान केन्द्रित रहा है, जबकि ज्यादातर अनाजों में खाद्य योग्य वनोत्पाद की तुलना में पोषक तत्व काफी कम पाया जाता है जो मानव स्वास्थ के लिए पर्याप्त नहीं है।

वर्तमान समय में मौजूदा कृषि फसलों से भूखों को पेट भरा जा सकता है परन्तु पौषणयुक्त खाद्यों के अभाव में अप्रत्यक्ष रूप से कुपोषण का समस्या भयंकर रूप लेता जा रहा है, जो दुनिया भर के नीति निर्धारकों के लिए चुनौती है। इन्हें ऐसी नीती पर विचार करने की जरूरत है जो लोगों में सर्वस्विकृत है जिसके लिए पौषणयुक्त फलों एवं फूलों पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। हमारे जंगलो में पाए जानेवाले फल, नट्स, सब्जी, मशरूम एवं वन्य जीव कई रूप में मनुष्यों का खाद्यान्न सुनिश्चित करने में भागीदारी निभाता है। विश्व के कई मानव समुदाय पूर्ण रूप से वनों में उपलब्ध खाद्य पर आश्रित हैं।



विशेषकर मंदी का दौर में यह कृषि फसलों का पूरक के रूप में काम करता है। जंगलों में पाए जानेवाले कुछ फल-फूल एवं कंद-मूल जिसमें कृषि फसलों की तुलना में ज्यादा मात्रा में सूक्ष्म पोषक तत्व पाया गया है, जो मनुष्यों को स्वस्थ्य रखने में सहायक होता है, जिसका शरीर में कमी होने से कई प्रकार का बीमारियाँ होने लगता है जैसे विटामिन ए की कमी से जीवों में अंधापन का शिकार होना (विश्व में पाँच लाख बच्चे प्रतिवर्ष इस बीमारी का शिकार हो रहे है), संक्रमण रोग (हैजा, चेचक एवं स्वास से संबंधित) होता है। वैसा पौष्टिक आहार जिसमें विटामिन ए उपलब्ध है जिसके लिए जंगल में या जंगल के आस-पास रहनेवाले लोग पत्तीनुमा सब्जी, नारंगी रंग का फल एवं सब्जी नियमित रूप से खोते हैं। बच्चों का संज्ञात्मक (वौधीक) विकास जो वनों में पाए जानेवाले फलों जिसमें लौह, जिंक और विटामिन बी12 पाया जाता है जिसक्रे कमी से जीवन पर्यान्त कष्टमय हो जाता है, इसको दूर करने के लिए वन्य जीवों का मांस जों सूक्ष्म पोषक अवयव का मुख्य श्रोत है। इसके अलावा जंगलों में पाए जानेवाले नाना प्रकार के पत्तीनुमा सब्जी, फल एवं वनस्पतीय खाद्य जिसमें प्रचुर मात्रा में बिटीमीन ए, लौह, फोलेट, नायसिन एवं कैल्सियम पाया जाता है। इसका सेवन से उपरोक्त बीमारी से बचा जा सकता है। यूनाइटेड रिपब्लिक, तंजानियाँ द्वारा अध्ययन में पाया गया है कि जंगलों के आस पास रहनेवाले बच्चे जो खाद्ययुक्त वनोत्पाद का नियमित उपभोग करता है उसमें रोग निरोधक क्षमता अन्य बच्चों की तुलना में अधिक होता है। अध्ययन में यह भी पाया गया है कि प्रकृति अवस्था में पाए जानेवाले पौधों का फलों में बिटामिन ए एवं कैल्शियम का मात्रा घर के आस पास में उगाए गए पौधों का फलों की तुलना में अधिक होता है।

वनोत्पाद में पोषणीय आहार पर शिक्षा एवं शोध एक नया विषय हो सकता है जिसे वन प्रबंधन के अंतर्गत प्रविष्ट कर नई चुनौती समझकर काम किया जा सकता है जिसे आसान बनाने के लिए पोषणयुक्त वनोत्पाद का चयन में स्वदेशी जानकारों की मदद लेकर आगे बढ़ाना होगा जिससे शहरीकरण अथवा वैश्विकरण के कारण हो रहे वनोत्मुलन एवं वनोवकरण से वन खाद्यो में लगातार कमी पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है।

## विन्ध्याचल की गुफाओं की खोज



**विन्ध्याचल** पर्वत श्रृंखलाओं के बीच बंधवगढ़ के जंगलों में गहराई में, भारत के आर्कीओलोजीकल सर्वे ने लंबे समय पहले से खोयी गुफाएं, मंदिर, चैत्य, विहारों की खोज की थी। ये खोज हाल ही में 2022 के रूप में की गई, पुरातत्वविद् शिवाकांत बाजपेई के नेतृत्व में टीमों ने की थी। बन्धवगढ़ जाहिर है कि कौशामी, मथुरा, पांवटा, वेजाभरदा और सप्तनैरीका को जोड़ने वाले मुख्य यात्रियों का मार्ग क्या रहा होगा। पश्चिम में कोंकण तट से यात्री पूर्व और उत्तर की ओर बढ़ते हुए इन जंगलों से गुजरे होंगे।

वर्तमान अनुमानों में एएसआई ने 2 मठ, 2 स्तूप, 24 ब्राह्मी शिलालेख पाए हैं जो 2 वीं शताब्दी सीए से 5 वीं शताब्दी सीए तक के हैं। एएसआई ने 46 मूर्तिकलाएं, 20 बिखरे अवशेष और 19 जल संरचनाएं भी मिलीं जो 2-15 सीए से हैं। तब 26 प्राचीन मंदिर हैं, जिनमें से अधिकांश महायाना से जुड़े हैं। यहाँ पाया गया सबसे प्रभावशाली मूर्तिकला में से एक वराह का था। वराह को विष्णु का तीसरा अवतार कहा जाता है। भयंकर सूअर जिसने पृथ्वी को आदिमयुगीन सागर से बाहर निकाला - सामान्य प्रतिष्ठित चित्रण उस सूअर का है जो पृथ्वी को अपने टस्क में पकड़े हुए है।

## वन और जैव विविधता





**अंशुमाला तिर्की**

**विश्व** वानिकी दिवस दुनियाभर में लोगों को वनों की महत्ता तथा उनसे मिलने वाले अन्य लाभों की याद दिलाने के लिए पिछले 30 वर्षों से मनाया जा रहा है।

विश्व वानिकी दिवस मनाने का विचार 1971 में यूरोपीय कृषि परिसंघ की 23 वीं महासभा में आया। वानिकी के तीन महत्वपूर्ण तत्वों- सुरक्षा, उत्पादन और वनविहार के बारे में लोगों को जानकारियां देने के लिए उसी साल बाद में 21 मार्च के दिन को यानि दक्षिणी गोलार्ध में शरद विषव और दक्षिण गोलार्ध में वसंत विषव के दिन को चुना गया।

वन प्रागैतिहासिक काल से ही मानवजाति के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण रहा है। वन का मतलब केवल पेड़ नहीं है बल्कि यह एक संपूर्ण जटिल जीवंत समुदाय है। वन की छतरी के नीचे कई सारे पेड़ और जीवजंतु रहते हैं। वनभूमि बैक्ट्रेरिया, कवक जैसे कई प्रकार के अकशेरूकी जीवों के घर हैं। ये जीव भूमि और वन में पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वन पर्यावरण, लोगों और जंतुओं को कई प्रकार के लाभ पहुंचाते हैं। वन कई प्रकार के उत्पाद प्रदान करते हैं जैसे फर्नीचर, घरों, रेलवे स्लीपर, प्लाईवुड, ईंधन या फिर चारकोल एव कागज के लिए लकड़ी, सेलोफेन, प्लास्टिक, रेयान और नायलॉन आदि के लिए प्रस्संकृत उत्पाद, रबर के पेड़ से रबर आदि। फल, सुपारी और मसाले भी वनों से एकत्र किए जाते हैं। कर्पूर, सिनचोना जैसे कई औषधीय पौधे भी वनों में ही पाये जाते हैं।

पेड़ों की जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती है और इस प्रकार वह भारी बारिश के दिनों में मृदा का अपरदन और बाढ भी रोकती हैं। पेड. कार्बन डाइ आक्साइड अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिसकी मानवजाति को सांस लेने के लिए जरूरत पड़ती है। वनस्पति स्थानीय और वैश्विक जलवायु को प्रभावित करती है। पेड़ पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं और जंगली जंतुओं को आश्रय प्रदान करते हैं। वे सभी जीवों को सूरज की गर्मी से बचाते हैं और पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करते हैं। वन प्रकाश का परावर्तन घटाते हैं, ध्वनि को नियंत्रित करते हैं और हवा की दिशा को बदलने एवं गति को कम करने में मदद करते हैं। इसी प्रकार वन्यजीव भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि ये हमारी जीवनशैली के महत्वपूर्ण अंग हैं।

समय की मांग है कि वनों को बचाया जाए क्योंकि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से समस्याएं पैदा होती हैं। वनक्षेत्र घटकर 30 प्रतिशत रह गया है जबकि पहले 60 प्रतिशत पर ही इसके क्षरण का विरोध किया गया था। इस वर्ष विश्व वानिकी दिवस का ध्येय वाक्य वन एवं जैवविविधता रखा गया है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को यह सूचना देने का अवसर उपलब्ध कराना है कि कैसे वनों का रखरखाव और संपोषणीय रूप से उनका इस्तेमाल किया जाए।

वन जैव विविधता एक व्यापक शब्दावली है जो वन्यक्षेत्र में पाए जाने वाले सभी सजीवों और उनकी पारिस्थितिकीय भूमिका से संबध्द है। इसके तहत न केवल पेड़ आते हैं बल्कि विविध प्रकार के जंतु और सूक्ष्मजीव, जो वन्यक्षेत्र में रहते हैं और उनकी गुणसूत्रीय विविधता भी आती है। इसे पारिस्थितिकी तंत्र, भूदृशय, प्रजाति, संख्या, आनुवांशिकी समेत विभिन्न स्तरों पर समझा जा सकता है। इन स्तरों के अंदर और इनके बीच जटिल अंतःक्रिया हो सकती है। जैव विविध वनों में यह जटिलता जीवों को लगातार बदलते पर्यावरणीय स्थितियों में अपने आप को ढालने में मदद करती है और पारिस्थितिकी तंत्र को सुचारू बनाती है।

पिछले 8000 वर्षों में पृथ्वी के मूल वनक्षेत्र का 45 प्रतिशत हिस्सा गायब हो गया। इस 45 प्रतिशत हिस्से में ज्यादातर हिस्सा पिछली शताब्दी में ही साफ किया गया। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि हर वर्ष 1.3 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र कटाई की वजह से खत्म होता जाता है। वर्ष 2000-2005 के बीच वनक्षेत्र की वार्षिक कुल क्षति 73 लाख हेक्टेयर रही है (जो विश्व के वन क्षेत्र के 0.18 फीसदी के बराबर है)।

पिछले वर्षों में शहतीर लगाना वनों के लिए महत्त्वपूर्ण कामकाज माना जाता था। हालांकि हाल के वर्षों में यह अवधारणा ज्यादा बहुप्रयोजन एवं संतुलित दृष्टकोण की ओर बदली है। अन्य वन्य प्रयोजनों और सेवाओं जैसे वनविहार, स्वास्थ्य, कुशलता, जैवविविधता, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं का प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन का उपशमन अब वनों की महत्ता के अंग समझे जाने लगे हैं। इसे लगातार जटिल एवं अनोखे तत्व के रूप में मान्यता मिलती जा रही है।

जैव विविधता संधिपत्र(सीबीडी) में सीधे वन जैव विविधता के विस्तारित कार्यक्रम के जरिए वनों पर ध्यान दिया गया है। यह संधिपत्र 2002 में सीबीडी के सदस्य देशों की छठी बैठक में स्वीकार किया गया। वन कार्य कार्यक्रम में वन जैवविविधता के संरक्षण, उसके अवयवों का संपोषणी रूप से इस्तेमाल, वन आनुवांशिक संसाधन का न्यायोचित उपयोग आदि पर केंद्रित लक्ष्य और गतिविधियां शामिल हैं। जैव विविधता पर कार्यक्रम में कुछ महत्वपूर्ण तथ्य शामिल हैं, वे हैं- संरक्षण, संपोषणीय इस्तेमाल, लाभ साझेदारी, संस्थानात्मक एवं सामाजिक-आर्थिक रूप से उपयुक्त पर्यावरण और ज्ञान आकलन एवं निगरानी आदि।

### झारखंड के वनों पर एक नजर

जमींदारी प्रथा बिहार भूमि सुधार अधिनियम, 1950 के तहत समाप्त कर दिया था, जब तक झारखंड, के रूप में ज्यादा 79 प्रतिशत, के जंगलों से अधिकांश निजी स्वामित्व वाले थे। ये अधिग्रहण जमींदारी जंगलों से पहले अपने प्रचंड विनाश दिन का आदेश था. हालांकि, चीजें बेहतर उसके बाद के लिए एक मोड़ ले लिया। वर्तमान में, राज्य वन क्षेत्र के अंतर्गत कुल भूमि का अपनी 29.61% रही है।

**(रिसर्च स्कॉलर, रविशंकर यूनिवर्सिटी रायपुर)**

## वन-सम्पदा और पृथ्वी का अस्तित्व



**मनोज शर्मा**

**विश्व** वानिकी दिवस प्रतिवर्ष 21 मार्च को मनाया जाता है। विश्व वानिकी दिवस पहली बार वर्ष 1971 ई. में इस उद्देश्य से मनाया गया था कि दुनिया के तमाम देश अपनी मातृभूमि की मिट्टी और वन - सम्पदा का महत्व समझे तथा अपने - अपने देश के वनों और जंगलों का संरक्षण करें। अगर हम भारत की बात करें तो 22.7% भूमि पर ही वनों और जंगलों का अस्तित्व रह गया। भारत में वन महोत्सव जुलाई 1950 से ही मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत तत्कालीन गृहमंत्री कुलपति कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने की थी। उद्देश्य विश्व वानिकी दिवस का उद्देश्य है कि विश्व के सभी देश अपनी वन-सम्पदा की तरफ ध्यान दें और वनों को संरक्षण प्रदान करें। भारत में भी वन-सम्पदा पर्याप्त रूप से है। भारत में 657.6 लाख हेक्टेयर भूमि (22.7 %) पर वन पाए जाते हैं।

वर्तमान समय में भारत 19.39 % भूमि पर वनों का विस्तार है और छत्तीसगढ़ राज्य में सबसे ज्यादा वन-सम्पदा है उसके बाद क्रमशः मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्य में। भारत सरकार द्वारा सन 1952 ई. में निर्धारित राष्ट्रीय वन नीति के तहत देश के 33.3 % क्षेत्र पर वन होने चाहिए। लेकिन वर्तमान समय में ऐसा नहीं है। वन-भूमि पर उद्योग-धंधों तथा मकानों का निर्माण, वनों को खेती के काम में लाना और लकड़ियों की बढती माँग के कारण वनों की अवैध कटाई आदि वनों के नष्ट होने के प्रमुख कारण ह। इसलिए अब समय आ गया है कि देश की राष्ट्रीय निधि को बचाए और इनका संरक्षण करें। हमें वृक्षारोपण (पेड़-पौधे लगाना) को बढावा देना चाहिए। इसके सम्बन्ध में प्रसिद्ध पर्यावरणविद कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने कहा था कि -वृक्षों का अर्थ है जल, जल का अर्थ है रोटी और रोटी ही जीवन है। इतिहास विश्व वानिकी दिवस मनाने का विचार 1971 में यूरोपीय कृषि परिसंघ की 23वीं महासभा में आया। वानिकी के तीन महत्वपूर्ण तत्वों- सुरक्षा, उत्पादन और वनविहार के बारे में लोगों को जानकारियां देने के लिए उसी साल बाद में 21 मार्च के दिन को यानि दक्षिणी गोलार्ध में शरद विषव और दक्षिण गोलार्ध में वसंत विषव के दिन को चुना गया। वन प्रागैतिहासिक काल से ही मानवजाति के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण रहा है। वन का मतलब केवल पेड़ नहीं है बल्कि यह एक संपूर्ण जटिल जीवंत समुदाय है। वन की छतरी के नीचे कई सारे पेड़ और जीव-जंतु रहते हैं। वनभूमि जीवाणु, कवक जैसे कई प्रकार के अकशेरूकी जीवों के घर हैं। ये जीव भूमि और वन में पोषक तत्वों के



पुनर्चक्रण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. वनों से लाभ वन पर्यावरण, लोगों और जंतुओं को कई प्रकार के लाभ पहुंचाते हैं। वन कई प्रकार के उत्पाद प्रदान करते हैं जैसे फर्नीचर, घरों, रेलवे स्लीपर, प्लाईवुड, ईंधन या फिर चारकोल एव कागज़.के लिए लकड़ी, सेलोफेन, प्लास्टिक, रेयान और नायलॉन आदि के लिए प्रस्संकृत उत्पाद, रबर के पेड़ से रबर आदि. फल, सुपारी और मसाले भी वनों से एकत्र किए जाते हैं। कर्पूर, सिनचोना जैसे कई औषधीय पौधे भी वनों में ही पाये जाते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती है और इस प्रकार वह भारी बारिश के दिनों में मृदा का अपरदन और बाढ भी रोकती हैं। पेड़, कार्बन डाइ आक्साइड अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिसकी मानवजाति को सांस लेने के लिए जरूरत पड़ती है। वनस्पति स्थानीय और वैश्विक जलवायु को प्रभावित करती है। पेड़ पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं और जंगली जंतुओं को आश्रय प्रदान करते हैं। वे सभी जीवों को सूर्य की गर्मी से बचाते हैं और पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करते हैं। वन प्रकाश का परावर्तन घटाते हैं, ध्वनि को नियंत्रित करते हैं और हवा की दिशा को बदलने एवं गति को कम करने में मदद करते हैं। इसी प्रकार वन्यजीव भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि ये हमारी जीवनशैली के महत्वपूर्ण अंग हैं. वन-सम्पदा जंगल हमारे जीवन की बुनियाद हैं जो हमारे पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वनों का आशय सामान्य रूप से वृक्षों के समूह से होता है लेकिन वास्तव में ये विभिन्न जीवों का एक जटिल समुदाय है। एक-दूसरे पर परस्पर आश्रित अनेक पौधे और जानवर वनों में निवास करते हैं तथा वन के भू-तल पर अनेक प्रकार के छोटे-छोटे जीव-जंतु, जीवाणु और फंगस पाये जाते हैं जो मिट्टी और पौधों के मध्य पोषक तत्वों का आदान-प्रदान करने में मदद करते हैं।

## वन है तो जल है, जल है तो हम हैं



हमारी पृथ्वी काफी बेहतरीन व सुन्दर है जिसमें सभी जीव-जंतुओं का अपना-अपना अहम योगदान व महत्ता है। हरे-भरे पेड़-पौधे, विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु, मिट्टी, हवा, पानी, पठार, नदियां, समुद्र, महासागर, आदि सब प्रकृति की देन है, जो हमारे अस्तित्व एवं विकास के लिए आवष्यक है। वन पर्यावरण, लोगों और जंतुओं को कई प्रकार से लाभ पहुंचाते हैं। जिसमें वन हमें भोजन ही नहीं वरन् जिंदगी जीने के लिए हर जरूरी चीजें मुहैया कराती है। पेड़ पृथ्वी के लएि सुरक्षा कवच का काम करते हैं और पृथ्वी के तापमान को नियंतत्रत करते हैं। इसलिए यह कहने में कोई अतिषयोक्ति नहीं है कि वनों का मानव जीवन के अस्तित्व में अहम योगदान है। वनों का सृजन, प्रबंधन, उपयोग एवं संरक्षण की विधा को वानिकी कहा जाता है और वनों के संरक्षण के लिए ही दुनियाभर में 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस मनाया जाता है। देखा जाए तो, वानिकी के सिमटने का मुख्य कारण है जनसंख्या वृद्धि। आबादी को आवास, भोजन के साथ तमाम बुनियादी चीजों की आवष्यकता होती है। भोजन एवं अन्य चीजों की जरूरत के लिए उद्योगों में बेतहाषा वृद्धि हो रही है और उद्योग के लिए जमीन सहित सभी संसाधनों की आवष्यकता पड़ती है। विकास के नाम पर पर्यावरण को अंधाधुंध क्षति पहुंचायी जा रही है। देखा जाए तो उद्योग-धंधों, मकानों का निर्माण, अनाज उत्पादन करने एवं लकड़ियों की बढ़ती मांग जैसे मुख्य कारक ही वनों के नुकसान का प्रमुख कारक हैं। नेपाल के 40 प्रतिशत भूभाग में वन क्षेत्र फैला हुआ है। वहीं जिला वन कार्यालय, सप्तरी के तथ्यांक अनुसार, नेपाल के सप्तरी जिला के कुल भूभाग 1,35,928.80 हेक्टेयर में 25 प्रतिशत क्षेत्र यानि कि 34,179.30 हेक्टेयर वन फैला हुआ है। यहां पर हो रहे वनों के नुकसान को लेकर सप्तरी जिला के जिला वन अधिकारी नंद लाल राय यादव ने माना कि ''सप्तरी में वनों की स्थिति दयनीय है। वहीं वनों के नुकसान का प्रमुख कारण गरीबी, बेरोजगारी और चेतना की कमी है जिसे सुधारने के लिए पुरा वन विभाग लगा हुआ है। लेकिन कर्मचारियों की कमी की वजह से इस पर पूर्ण रूप से नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।''

वहीं भारत में 657.6 लाख हेक्टेयर यानि कि 22.7 प्रतिशत भूमि पर वन पाए जाते हैं जिसमें विगत नौ वर्शों में 2.79 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र विकास की भेंट चढ़ गये जबकि 25 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रत्येक साल घट रहा है। यहां यह उल्लेख करना दिलचस्प है कि भारत में ही अभी 27.5 करोड़ लोग वनों से होने वाली आय पर निर्भर हैं। पुर्वानुमानों के अनुसार वन विनाष की मौजूदा रफ्तार अगर जारी रहती है तो सन् 2020 तक दुनिया की लगभग 15 प्रतिषत प्रजातियां धरती से लुप्त हो जायेगी। पेड़ों की अंधाधुध कटाई एवं सिमटते जंगलों की वजह से भूमि बंजर और रेगिस्तान में तब्दील होती जा रही है जिससे दुनियाभर में खाद्य संकट का खतरा मंडराने लगा है। यूएनईपी के मुताबिक, विष्व में 50-70 लाख हेक्टेयर भूमि प्रतिवर्श बंजर हो रही है वहीं भारत में ही कृशि-योग्य भूमि का 60 प्रतिषत भाग तथा अकृशित भूमि का 75 प्रतिषत गुणात्मक ह्रास में परिर्वितत हो रहा है। भारत में पिछले नौ सालों में 2.79 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र विकास की भेंट चढ़ गए जबकि यहां पर कुल वन क्षेत्रफल 6,90,899 वर्ग किलोमीटर है। वन न केवल पृथ्वी पर मिट्टी की पकड़ बनाए रखता है बल्कि बाढ़ को भी रोकता और मृदा को उपजाऊ बनाए रखता है।